फोन:-4103333, 2362400 फैक्स:-0141-2373513 वर्ष: 73 संख्या: 132 प्रभात जयपुर, मंगलवार 13 दिसम्बर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



Let's Hit the Road!

These strips are actually "Axle Breakers" one enterprising gentleman's shop abutting the State Highway declares "Broken Axles Repaired Here - As Good As New".

Swelling On Axons

Art Galore at Mayo

The annual prize distribution ceremony



*युनाइटेड किंगडम में कैपरकेली पक्षी विलुप्ति के कगार पर हैं। एक नए डेटा के अनुसार स्कॉटलैण्ड में इस प्रजाति के सिर्फ 542 पक्षी ही बचे हैं। छह साल पहले हुए सर्वे के बाद से अब तक इस प्रजाति के पक्षियों की संख्या में 50 प्रतिशत कमी आ चुकी है, जो बहुत चिन्ताजनक है। वैज्ञानिकों का कहना है कि, कई कारक हैं जिनकी वजह से इनकी सरवाइवल रेट और प्रजनन की सफलता की दर घटी है। इनमें प्रमुख है, बसंत के मौसम में बारिश होना, जिससे प्रजनन से पहले मादा की फिटनैस पर असर पड़ा है और बच्चों के जीवित रहने की क्षमता कम हो गई है। इसके अलावा परभक्षी व विखंडित प्राकृतिक आवास भी एक बड़ी समस्या है। विशेषज्ञों ने विभिन्न संस्थाओं से इन पक्षियों की मदद के लिए एकजुट होकर काम करने की अपील की है। रॉयल सोसायटी फॉर प्रोटैक्शन ऑफ बर्ड्स की स्कॉटलैण्ड शाखा के संरक्षण वैज्ञानिक, निक विलकिन्सन ने कहा कि, कैपरकेली की संख्या का यह नवीनतम अनुमान बताता है कि स्कॉटलैण्ड में इनकी स्थिति कितनी गंभीर है। पूर्व सर्वेक्षणों में इनकी संख्या 1000 से 2000 के बीच रहती थी लेकिन पिछली सर्दियों के सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार मात्र 542 कैपरकेली चिड़ियाँ बची हैं, यह स्थिति बहुत चिंताजनक है।'' देश में कैपरकेली का हर 6 वर्ष में सर्वे किया जाता है। हालिया छठा सर्वे 2021-22 की सर्दियों में किया गया था। इससे पहले नेचरस्कॉट साईन्टिफिक एडवायज़री कमेटी ने फरवरी में एक शोध प्रकाशित किया था, जिसमें चेतावनी दी गई थी कि, अगर आबादी में कमी आने का यही रुझान जारी रहा, तो दो -तीन दशक में ये पक्षी यू.के. में फिर से लुप्त हो जाएंगे। यू.के. में सिर्फ स्कॉटलैण्ड में ही कैपरकेली पक्षी पाए जाते हैं, खासकर यहां के शंकु वनों में। ये शर्मीले पक्षी अक्सर पेड़ों की ऊंची शाखाओं पर बैठे होते हैं और जंगल में छुपे रहते हैं। माना जाता है कि, स्कॉटलैण्ड में कैपरकेली की कुल आबादी का 85 प्रतिशत भाग कैर्नगर्म्स नैशनल पार्क में रहता है।*

# रिटायर्ड जजों की एडहॉक नियुक्ति का प्रस्ताव अस्वीकार

## सरकार का तर्क है कि इस नियुक्ति के लिए भी वह पूरी प्रक्रिया होगी, जो जजों की नियुक्ति के लिए सामान्य तौर पर लागू होती है

- एडहॉक नियुक्ति के लिए भी नाम कोलीजियम द्वारा प्रस्तावित होने चाहिए तथा सरकार को स्वीकार्य होने चाहिए।
- रिटायर्ड जजों की एडहॉक नियुक्ति का यह प्रश्न इस समय इसलिए उठा क्योंकि, हाईकोर्टों में अभी भी 50 प्रतिशत स्थान रिक्त पड़े हैं।
- यह प्रस्ताव पहले 2010-11 में भी आया था, मुख्य न्यायाधीश कपाड़िया की ओर से। न्यायाधीश का तर्क था, नये अच्छे जज की उपलब्धि बहुत कम है, अतः रिक्त पदों की संख्या बढ़ती ही जा रही है।
- सरकार ने उस समय भी यह आपत्ति की थी प्रस्ताव अस्वीकार करते हुए कि, क्या मापदण्ड अपनाये जायेंगे रिटायर्ड जज का नाम पुनः नियुक्ति की सिफारिश करते समय तथा कौन और कैसे निर्णय लेगा कि, पुनः नियुक्ति के लिए जज स्वास्थ्य की दृष्टि से फिट है।
- तीसरी आपत्ति थी कि, दुराचरण (मिसकन्डक्ट) की शिकायत पर एडहॉक जजों को बर्खास्त करने की क्या प्रक्रिया होगी।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर। सरकार ने दो या तीन वर्षों के लिये तदर्थ (ऐड हॉक) आधार पर सेवानिवृत्त जजों को नियुक्त किये जाने की कोशिश को एक बार पुनः खारिज कर दिया है तथा कहा है कि इस प्रक्रिया की गहराई तक जाना जरूरी है, जो नियमित जजों की नियुक्ति के लिये की जाती है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह जानने के लिये 8 फरवरी की सुनवाई नियत की है कि क्या नियमित रिक्त स्थानों को भरने के लिये अनुच्छेद 224-ए का उपयोग किया जा सकता है, क्योंकि बम्बई, इलाहाबाद तथा पटना सहित, कई उच्च न्यायालयों में जजों के 50 प्रतिशत से ज्यादा पद रिक्त हैं। लेकिन सरकार ऐड हॉक जजों को नियुक्त किये जाने के मसले में अपनी अनिच्छा प्रेषित कर दी है।

यह विचार सबसे पहले तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एस.एच. कपाड़िया ने संविधान के अनुच्छेद 224-ए के तहत केन्द्र को लिखे पत्र में व्यक्त किया था, क्योंकि जाजें के पदों को भरने के लिये बेहतर जजों की उपलब्धता उनकी जानकारी में आई थी। लेकिन उन्होंने इस विचार को उस समय त्याग दिया था, जब सरकार ने कहा था कि इसके लिये भी वही प्रक्रिया जरूरी होगी- उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नामों की सिफारिश करेंगे, तथा जाँच-पड़ताल के बाद, सर्वोच्च न्यायालय की कोलीजियम अपनी मंजूरी के साथ उन्हें सरकार के पास भेजेगी तथा सरकार उन्हें नियुक्ति प्रदान करेंगी। सरकार ने दुराचरण के मामले में ऐड-हॉक जजों को हटाये जाने के संबंध में इस प्रक्रिया में दोष निकाला। इस योजना के अन्तर्गत वे नियम तथा शर्तें भी तय नहीं की जा सकीं जिनके आधार पर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नामों की सिफारिश करेंगे और न इस मामले में ही स्पष्टता थी कि यह कैसे तय होगा कि सेवानिवृत्त जज फिट हैं अथवा नहीं।

ऐड-हॉक जजों की नियुक्ति अब तक तीन बार हुई है। सबसे पहले, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में 1972 में, दूसरी बार मद्रास उच्च न्यायालय में तथा अन्त में, 2007 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में। 2021 में, सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि अनुच्छेद 224-ए के तहत ऐड-हॉक नियुक्तियाँ तभी संभव हैं, जब 20 प्रतिशत रिक्तियाँ भरी नहीं गई हों तथा 10 प्रतिशत मामलों को लम्बित हुये 5 साल से अधिक समय हो गया हो।

# लालू यादव की तबीयत क्रिटिकल

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व आर.जे.डी. सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। किडनी ट्रांसप्लांट होने के बाद भी उनकी स्थिति सामान्य नहीं है। अभी भी वो पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं। वैसे लालू प्रसाद को किडनी डोनेट करने वाली उनकी बेटी रोहिणी आचार्य अब पूरी तरह स्वस्थ्य

- लालू यादव की पुत्री रोहिणी आचार्य ने कहा कि, किडनी ट्रांसप्लांट होने के बाद भी उनकी स्थिति सामान्य नहीं हो पाई है।

हैं और उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गयी है। अस्पताल से घर आने के बाद रोहिणी आचार्य ने सोमवार को ट्वीट किया कि आज मैं आप लोगों की दुआओं और आशीर्वाद से हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होकर घर आ गयी, मगर पापा अभी भी हॉस्पिटल में हैं। उनकी तबीयत कुछ नासाज बनी हुई हैं। बस आप लोगों की

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# एक और ''सन राइज'' हुआ तमिलनाडु में

## मु.मंत्री स्टालिन के पुत्र उदयानिधि को कैबिनेट मंत्री बनाया

- उदयानिधि को यूथ व स्पोर्ट्स विभाग की जिम्मेवारी दी जायेगी सरकार में
- 2019 में उदयानिधि को डीएमके की यूथ विंग की जिम्मेदारी दी गयी थी। तथा अब लगभग तीन साल में केबिनेट मंत्री बनाकर स्टालिन का उत्तराधिकारी होने की घोषणा सी की गयी है।
- स्टालिन भी यूथ विंग के नेता होने के बावजूद 1982 से 2017 तक पिता करूणानिधि के अधीन एक तरह से ''इन्टर्नशिप'' कर रहे थे तथा 2017 में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बने थे।
- उदयानिधि फिल्म अभिनेता भी हैं तथा कुछ फिल्में प्रोड्यूसर व निर्देशक के रुप में भी बना चुके हैं।

**-लक्ष्मण वेंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेम कडगम (द्रमुक) जो सदैव ही उत्तराधिकार की योजना तैयार करती रही है, ने पार्टी की राजगद्दी के लिये राजनैतिक उत्तराधिकारी को तैयार करने की घोषणा कर दी है। इस दिशा में कदम बढ़ाते हुये मुख्यमंत्री तथा पार्टी प्रमुख एम.के. स्टालिन के पु. उदयनिधि स्टालिन राज्य मंत्रिमण्डल में शामिल किये जा रहे है।

भाजपा पहले से ही द्रमुक (डी.एम.के.) को एक परिवार की पार्टी बताई आई है। उदयनिधि को मंत्री बनाये जाने से भाजपा सत्तारूढ़ दल पर हमला बोलने का एक और हथियार मिल जायेगा। इसके बाजवूद, द्रमुक उदयनिधि स्टालिन को अगले नेता के रूप में प्रोजैक्ट करने जा रही है तथा उसे पार्टी सैटअप में समायोजित करने के कदम उठा रही है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, उदयनिधि को बुधवार को तमिलनाडु के मंत्रिमण्डल में शामिल किया जाएगा।

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# एल.ए.सी पर भारत और चीन के सैनिकों के बीच भारी झड़प

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर। भारत और चीनी सैनिकों के बीच तवांग सेक्टर में झड़प की खबर आ रही है। 3 दिन पहले 9 दिसंबर को दोनों देशों के सैनिकों में हिंसक झड़प हुई। भारतीय

- गत 9 दिसम्बर को चीन के 300 सैनिकों ने पत्थरबाजी करते हुये भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने की कोशिश की, भारतीय सेना ने तुरंत जवाबी कार्रवाई को अंजाम दिया। जिसमें चीन के करीब 20 सैनिक और भारत के 8 सैनिक गम्भीर रूप से घायल हुये हैं।

सैनिकों ने चीनी सैनिकों को करारा जवाब दिया। हिंसक झड़प में दोनों देशों के सैनिक जख्मी हुए हैं। झड़प के बाद भारत और चीन के बीच कमांडर लेवल

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# चक्रवात के बाद आंध्रप्रदेश में सोना ढूंढने वालों का तांता लगा

## यह परंपरा व किवदंती पुरानी है कि, चक्रवात के बाद स्वर्ण आभूषण समुद्र तट पर बिखरे हुए मिलते हैं, जिसे स्थानीय मछुआरे परिवार ढूंढने में जुट जाते हैं

- किवदंती है कि, समुद्र तट पर स्थित मंदिर कालान्तर में समुद्र में समा जाते हैं तथा जब ''सायक्लोन'' (चक्रवात) से समुद्र में उथल पुथल होती है तो इन मंदिरों को अर्पित स्वर्णाभूषण तट पर आ जाते हैं।

**-लक्ष्मण वेंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर। काकीनाडा के पास उप्पडा मण्डल के तटवर्ती गांवों में रहने वाले मछुआरे प्राय: चक्रवातों का स्वागत करते हैं और उनसे बड़ी उम्मीद रखते हैं। मछली पकड़ने के काम में लगे कई स्त्री-पुरुष चक्रवाती तूफान ''मैंडूस'' को लेकर प्रशासन की चेतावनियों की अनदेखी कर शनिवार को समुद्र की ओर चले गए। ये सभी लोग ''सोने'' की तलाश में थे।

हाथ से बनने वाली कॉटन साड़ियों के लिए मशहूर उप्पडा मण्डल के 16 गांवों के कई सौ मछुआरे 2 किमी लम्बे सी-बीच पर मौजूद हैं। इन्हें चक्रवातों के दौरान समुद्र तट पर बहकर आने वाले सोने के छोटे-छोटे टुकड़ों की तलाश है। पिछले चार दशक या अधिक समय से आसपास के गांवों में चर्चा है कि स्वर्णाभूषणों के छोटे-छोटे टुकड़े इस सी-बीच पर बहकर आते हैं।

दन्तकथा यह है कि करीब 40 वर्ष पूर्व तक जबर्दस्त चक्रवाती तूफान में पास का एक मंदिर डूब गया था और यह माना जाता है कि मंदिर में रखे सोने के छोटे-छोटे कई टुकड़े हो गए और समुद्र के पैंदे में जाकर जम गए। चक्रवाती तूफान की लहरों से समुद्र तट में मंथन होता है और सोने के ये टुकड़े ऊपर आकर सी-बीच पर जमा हो जाते हैं।

चेन्नई, तमिलनाडू और आंध्र-प्रदेश के हिस्सों को प्रभावित करने वाला चक्रवात मैंडूस अपने आप में अलग नहीं है। इसमें मछुआरों का हुजूम सोने की तलाश में उप्पडा के सी-बीचेज़ पर जमा हो गया।

सोना पाने की इस आपाधापी को पिछले कई वर्षों से देखते आ रहे एवं स्थानीय मीडिया के एक कर्मी जी. केसावुडू ने बताया कि सोना तलाशने के काम में लोग सुबह 6 बजे से लग जाते है और यह काम सांझ ढलने तक चलता है।'' उन्होंने बताया कि समुद्र पर मिलने वाली चीजों के बारे में मछुआरे प्राय: मौन रहते है वे इन चीज़ों को गलाते हैं और बेच देते हैं, लेकिन प्रशासन उनके

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# बेनीवाल ने लोकसभा में अग्निपथ का विरोध किया

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर। राजस्थान की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के नेता एवं नागौर के सांसद हनुमान बेनीवाल ने सशस्त्र सेनाओं में चार वर्ष का रोजगार उपलब्ध करवाने वाली अग्निपथ स्कीम को वापस लेने का सोमवार को लोकसभा में अनुरोध

- नागौर से सांसद, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल ने कहा कि, अग्निपथ योजना से युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा।

किया। प्रश्नकाल के दौरान इसका जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह स्कीम ना तो देश सेवा की इच्छा रखने वाले युवाओं के हित में है और ना ही सेना के। उन्होंने इच्छा जतायी इस स्कीम के

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# क्या भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी ''मॉरल अथॉरिटी'' ( नैतिक अधिकार ) बढ़ा रहे हैं पार्टी में ?

## इस मॉरल अथॉरिटी का असर राजस्थान में नेतृत्व की समस्या सुलझाने में भी मदद करेगा

- राहुल गांधी ने शिमला में शपथ ग्रहण समारोह में जिस आत्मीयता से स्वः वीरभद्र सिंह की पत्नी को अपनी कुर्सी से तत्परता से उठकर गले लगाया, इस बात का प्रमाण था कि, नेताओं के अहम को सहलाना जरुरी है, अगर पार्टी को बिना व्यवधान के चलाना है।
- राहुल ने सुक्खू की माँ और दो पुत्रियों को मंच पर प्रतिभा सिंह के बगल में बिठाया और इस कृत्य को जनता से जितनी सराहना व तालियां मिलीं, उससे यह साबित हुआ कि जनता भी ''मॉरल अथॉरिटी'' के इस इजहार से प्रसन्न है।
- इतिहास भी यह बताता है कि ''मॉरल अथॉरिटी'' के अभाव में पोलिटिकल पार्टी फेल हो जाती हैं, धीरे-धीरे। तथा राजनीतिक दलों को सफलता मिलती है अगर पार्टी में एक स्वस्थ परम्परा हो जिसमें परिश्रमी व बहादुरों को पार्टी सम्मानित करती है।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर। हिमाचल प्रदेश के छः बार मुख्यमंत्री रहे राजा वीरभद्र सिंह की विधवा तथा पार्टी की प्रांतीय अध्यक्ष रानी प्रतिभा सिंह को जब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने श्रद्धा एवं आत्मीयतापूर्वक गले लगाया, तो लोग सहज एवं स्वाभाविक रुप से करतल ध्वनि किये बिना नहीं रह सके। राहुल की स्नेह एवं श्रद्धामिश्रित भंगिमा तथा लोगों द्वारा की गई स्वप्रेरित करतल ध्वनि देश की इस सबसे पुरानी पार्टी में जन्म ले रहे नये समीकरणों का संकेत साफ दिखाई दे रहा था।

कल शिमला में आयोजित हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के शपथ ग्रहण समारोह को बारीकी से देखने से एक ऐसी छोटी सी खिड़की खुलती दिखाई दी, जिसमें से यह दिखाई दे रहा था कि राहुल गांधी किस तरह से गुटबाजी से पीड़ित पार्टी को एक करने वाले तत्व के रुप में उभर रहे हैं।

इस बात को पूरी तरह समझते हुये कि अहं को तुष्ट करते हुये, उसे अपने अनुकूल बनाना जरुरी होता है, राहुल गांधी तुरंत ही उस महिला के सम्मान में अपनी कुर्सी से खड़े हो गये थे, जिन्होंने मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिये अपनी दावेदारी पुरजोर तरीके से पेश की थी तथा मुख्यमंत्री नहीं बनाये जाने की स्थिति में, अभी -अभी हुये विधानसभा चुनावों में हुई पार्टी की जीत के जश्न के रंग में भंग डालने की धमकी तक दे दी थी।

7 सितम्बर को कन्याकुमारी से शुरु हुई भारत जोड़ो यात्रा, जो तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र, तेलंगाना, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश को पार करने के बाद इस समय राजस्थान में है, के बीच के पड़ाव के समय किया गया मूल्यांकन बताता है कि कांग्रेस के अंदर और उसके बाहर राहुल गांधी की स्वीकार्यता बढ़ रही है तथा उनकी जो छवि जनमानस में थी, वह बदल रही है।

एक टी.वी. समाचार चैनल को दिया गया राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का हाल ही का एक इन्टरव्यू इस बात का एक और संकेत है कि पार्टी में राहुल गांधी का कद बढ़ रहा है। गहलोत, जिन्होंने कुछ दिन पूर्व ही अपने पार्टी साथी ता राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को ''गद्दार'' कहा था, ने अपनी पूर्व निन्दापूर्ण टिप्पमी को नकारते हुये, कहा है, ''राजनीति में ऐसी घटनाएं और दुर्घटनाएं प्राय: होती रहती हैं। समय हर चीज का नियन्ता है। आज हर कांग्रेसजन को उस संघर्ष के बारे में सोचना चाहिये, जो हम भाजपा के खिलाफ कर रहे हैं। भाजपा देश में क फासीवादी सरकार चला रही है। कांग्रेस को मजबूत बने रहना होगा।''

गहलोत की यह ''कथनी'' उस समय ''करनी'' का रुप भी लेती दिखाई दी, जब गहलोत और पायलट एक हैलिकॉप्टर में साथ-साथ बैठकर बूँदी

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# पत्रकारों को रेल किराये में छूट

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर। मावल में शिवसेना सांसद श्रीरंग अप्पाबार्ने ने सोमवार को लोकसभा में अनुरोध किया कि अधिस्वीकृत पत्रकारों को लम्बी दूरी और एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रा के लिए किराए में प्रदत्त 50 प्रतिशत छूट को फिर से बहाल किया जाए। उन्होंने लोकसभा

- शिवसेना सांसद श्रीरंगा अप्पा ने लोकसभा में कहा कि, कोविड में पत्रकारों की 50 प्रतिशत किराया छूट वापस ले ली गयी थी, जिसे बहाल किया जाए।

में एक विशेष उल्लेख में कहा कि कोविड-19 अवधि में यह छूट वापस ले ली गई थी, जबकि अब स्थिति सामान्य हो चुकी है और सभी ट्रेने यथावत संचालित हो रही हैं, लेकिन पत्रकार उक्त पुविधा से वंचित है।

## विचार बिन्दु

**एकता चापलूसी से कायम नहीं की जा सकती। –महात्मा गाँधी**

# चुनाव परिणाम एक, मायने अलग-अलग

हाल ही में संपन्न चुनाव के पश्चात, दिल्ली नगर निगम के परिणाम 7 दिसंबर को तथा गुजरात एवं हिमाचल प्रदेश की विधानसभा के परिणाम 8 दिसंबर को घोषित हुए। इन परिणामों से सभी दल प्रसन्न भी हो सकते हैं एवं दूसरों की आलोचना भी कर सकते हैं। जिस प्रकार की टिप्पणीयां विभिन्न दलों से प्राप्त हो रही हैं, उनसे तो ऐसा लगता है कि एक ही परिणाम का अर्थ सब अपने-अपने हिसाब से निकाल रहे हैं। एक नजर हम चुनाव परिणामों पर डाल लें, फिर इनका विश्लेषण करना उचित होगा कि इन चुनाव परिणामों से भविष्य के लिए क्या संकेत हैं?

पहले भारतीय जनता पार्टी को ही लें। भाजपा जश्न के माहौल में डूबी है और फूले नहीं समा रही है कि उसे गुजरात में 182 में से 156 सीटें प्राप्त हुई हैं जो अब तक का रिकॉर्ड है। इस पर सीना फुलाते समय इसके नेता इस बात को याद रखना उचित नहीं समझते हैं कि उन्होंने दिल्ली नगर निगम में, जहां वे 15 वर्ष से सत्ता में थे, सत्ता खो दी है एवं हिमाचल प्रदेश में सत्ता से बाहर हो गए हैं।

कांग्रेस प्रसन्न हो रही है कि उसने भाजपा को हिमाचल प्रदेश में सत्ता से बेदखल कर दिया है। यह बात सही भी है। साथ ही यह भी उतना ही सही है कि भाजपा के विरुद्ध गुजरात में कांग्रेस का अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन रहा और उसे केवल 17 सीटें प्राप्त हुईं। इसी प्रकार उसे नगर निगम दिल्ली में भी, जहां वर्षों पूर्व तक सत्ता में थे, 250 सीटों में से केवल 9 सीटें मिली हैं।

जहां तक आम आदमी पार्टी का प्रश्न है, वह प्रत्येक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसे अपनी जीत इस आधार पर बता रही है कि वह अब राष्ट्रीय पार्टी बन गई है। इनके नेता यह दावा करते समय यह बात भूल जाते हैं कि उन्हें गुजरात में केवल 5 सीटें मिलीं एवं हिमाचल प्रदेश में तो उनके सारे उम्मीदवारों की जमानत ही जब्त हो गई है। दिल्ली नगर निगम में भी जीत के बावजूद उन्हें अपेक्षा के अनुरूप 200 सीट नहीं मिली अपितु केवल 134 सीटें ही प्राप्त हुई हैं।

एक बात तो उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि जनता ने अपना निर्णय बहुत विवेकपूर्ण ढंग से दिया है। जहां एक ही दल की सरकार पूरे देश में होने की आशंका पर विराम लगाया है, इसे लोकतंत्र के जीवित होने का प्रमाण भी दिया है। यह भारतीय लोकतंत्र के लिए एक शुभ संकेत है कि अलग-अलग दल, अलग-अलग स्थानों पर सत्तासीन हैं और किसी का भी देश की सत्ता पर कोई एकाधिकार नहीं है, एकाधिकार से अहंकार जन्म लेता है और फिर उसके बाद सभी लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता के लिए खतरा उत्पन्न हो जाता है। भारतीय संविधान की यही विशेषता है कि केंद्र के लिए केंद्र सरकार, राज्य के लिए राज्य सरकार और स्थानीय निकायों के लिए स्थानीय स्वायत्त संस्थाओं का प्रावधान किया गया है। यह जनता पर निर्भर करता है कि वह किस प्रकार के शासन के लिए, किस दल को सत्ता में लाए?

भाजपा ने अपनी जीत के अहंकार में कई बार यह दावा किया कि वह भारत को कांग्रेस मुक्त बनाएंगे। कई बार तो ऐसा लगा कि वे शायद देश को विपक्ष मुक्त बनाने की भावना भी रखते हैं। वास्तव में यदि उनकी इच्छा पूरी हो जाती, तो फिर देश में लोकतंत्र के अस्तित्व और भविष्य पर ही प्रश्न चिन्ह लग जाता। सभी स्तरों पर सत्तासीन होने से अपने मनमाने तौर से सभी स्तरों पर कानून भी बनते हैं और संस्थाओं को अपने मनमानी तौर पर चलाया भी जाता है। इसके प्रारंभिक संकेत तो देश की जनता देख भी चुकी है। न्यायाधीशों की नियुक्तियों में सर्वोच्च न्यायालय को चुनौती को भी इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा सकता है। इन चुनावों में मतदाताओं ने एक प्रकार से संतुलन स्थापित करने का कार्य किया है। ऐसी स्थिति शायद किसी दल विशेष को रास नहीं आए, किंतु देश के भविष्य के लिए एक अच्छा संकेत है।

एक और संकेत जो इन चुनावों से मिलता है वह यह है कि केवल मुफ्त की चीजें बांटने की घोषणा करने मात्र से आप चुनाव नहीं जीत सकते हैं। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की सफलता से अति-उत्साहित होकर गुजरात में भी चुनाव-प्रचार अभियान के दौरान अनेक स्थानों पर इसकी घोषणा की और इन्हें ही अपना चुनाव का मुख्य आधार बनाया। गुजरात की जनता ने इस प्रकार के सिद्धांत एवं शासन व्यवस्था के आश्वासन को सिरे से नकार दिया। लोगों ने पानी एवं बिजली मुफ्त लेने के बजाय इस बात पर ज्यादा बल दिया कि कौन सा दल उन्हें अधिक आधारभूत सुविधाएं प्रदान कर सकता है, एवं किसके शासनकाल में लोगों को रोजगार प्राप्त हो सकते हैं? नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री काल में एवं प्रधानमंत्री बनने के बाद भी, गुजरात में बड़ी-बड़ी योजनाएं बनीं और क्रियान्वित हुईं, जिनके कारण, लोगों के लिए जीवन यापन के लिए पर्याप्त धन अर्जन का मार्ग प्रशस्त हुआ। शायद यही कारण था कि गुजरात में भाजपा को ऐतिहासिक सफलता प्राप्त हुई। न केवल यह, भाजपा को संभवतया मुस्लिम मतदाताओं ने भी कई स्थानों पर अपनी प्रथम पसंद बनाया। मुस्लिम मतदाताओं ने ओवैसी के ए आई एम आई एम पार्टी को बिल्कुल ही अस्वीकार कर दिया, जो केवल धर्म के आधार पर ही मुस्लिम मतदाताओं का समर्थन प्राप्त करने की आशा कर रहे थे। यह मतदाताओं के विवेकपूर्ण निर्णय का परिचायक है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।

**कुल मिलाकर के ये चुनाव प्रत्येक दल के लिए एक संकेत और सबक हैं। जो दल इन संकेतों को समझकर अपनी रणनीति में उपयुक्त परिवर्तन करेंगे, वह आगामी विधानसभा चुनाव एवं बाद में 2024 में मई में होने वाले लोकसभा चुनाव में भी सफलता प्राप्त करने में समर्थ हो पाएंगे। सभी दलों को एक और बात पर ध्यान देना होगा।**

भाजपा की जीत में सामान्यतया मोदी मैजिक का हाथ माना जाता रहा है। यह माना जाता है कि नरेंद्र मोदी की उपस्थिति मात्र से ही चुनाव जीते जा सकते हैं और ऐसा अनेक बार हुआ भी है, किंतु इस बार ऐसा स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता। पहली बार ऐसा लगा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पूरी ताकत झोंक देने के बावजूद भाजपा दिल्ली नगर निगम और हिमाचल प्रदेश के चुनाव नहीं जीत सकी। लोग यह समझने लगे हैं कि दिल्ली नगर निगम को शासन संचालित करने के लिए स्थानीय स्तर के जनप्रतिनिधियों की आवश्यकता होगी।

स्वयं मोदी जी ने भी पूरे चुनाव को मोदी बनाम अन्य में परिवर्तित कर दिया। यहां तक कि दिल्ली नगर निगम चुनाव में भी प्रधानमंत्री ने पूरा ध्यान एवं समय दिया।

इससे यह स्पष्ट है कि, केवल मोदी के नाम पर निर्भर रह कर अनिश्चित काल तक सत्ता में बने रहना संभव नहीं होगा। उन्हें अन्य नेताओं को भी आगे लाना होगा एवं विशेष रूप से राज्य एवं स्थानीय नेताओं को अपने बल पर चुनाव लड़ना होगा। जहां ऐसा हो पाएगा, वहां भारतीय जनता पार्टी सफल होगी, अन्यथा हिमाचल प्रदेश जैसी ही स्थिति अन्य प्रदेशों में भी बनने की संभावना रहेगी। जहां मजबूत क्षेत्रीय नेता हैं, उन्हें अपने स्तर पर चुनाव करने की जिम्मेदारी सौंपना उचित होगा। तब, संभवतया, भाजपा अधिक अच्छा प्रदर्शन कर पाएगी। यह स्वयं भाजपा के लिए भी अच्छा है क्योंकि उसकी सफलता किसी एक ही व्यक्ति पर पूर्णतया नहीं रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी को अपने मंत्रिमंडल के प्रभावकारी सदस्यों को उपयुक्त स्थान देना होगा। उदाहरणार्थ, नितिन गडकरी शायद सबसे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, किन्तु ऐसा लगता है, उन्हें जानबूझ कर कम महत्व दिया जाता है। उनके स्वयं के विभाग के उद्घाटन समारोह के विज्ञापनों तक में गडकरी का चित्र नहीं होता है।

जहां तक कांग्रेस का प्रश्न है, उसके शीर्ष नेतृत्व की अनुपस्थिति से हिमाचल में उसे विशेष हानि नहीं हुई। केवल प्रियंका गांधी ने हिमाचल में कांग्रेस के उच्चतम नेतृत्व की ओर से प्रचार किया एवं शेष सारी जिम्मेदारी स्थानीय राज्य स्तरीय नेताओं ने संभाली। इन चुनावों ने एक प्रकार से प्रियंका गांधी को, एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्तर के नेता के रूप में स्थापित करने का काम किया है। इस प्रकार के अवसर को प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों में अब तक सफलता में परिवर्तित नहीं कर पाई थीं, किंतु ऐसा करना हिमाचल प्रदेश में संभव हो पाया है। कांग्रेस के लिए संकेत यह है कि भविष्य में प्रियंका गांधी की भूमिका दल के निर्णय लेने में अधिक बढ़ाई जाए एवं उनका अधिक प्रभावी एवं सकारात्मक रूप से प्रयोग किया जाए। ऐसा प्रतीत होता है कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मतदाताओं को आकर्षित करने की क्षमता अधिक नहीं है। राहुल गांधी को अपना ध्यान संगठन को मजबूत करने की ओर ही लगाना अधिक उपयुक्त होगा और शायद वैसा फिलहाल वे करना चाह भी रहे हैं। उनके संगठन क्षमता को मजबूत करने में भारत जोड़ो यात्रा ने भी उन्हें बहुत सहायता प्रदान की है। यह देखना रोचक होगा कि भारत जोड़ो यात्रा के पश्चात राहुल गांधी की कांग्रेस में नई भूमिका किस प्रकार से परिभाषित होती है?

आम आदमी पार्टी के लिए भी एक प्रकार से यह चुनाव परिणाम एक सबक है। उन्हें केवल मात्र मुफ्त की बिजली-पानी बांटने की अपने घोषणाओं से बाहर निकल कर ऐसे कार्य भी करने होंगे जिनसे आधारभूत संरचना सुदृढ़ हो तथा लोगों में श्रम करके अधिक आय अर्जित करने की प्रवृत्ति उत्पन्न हो। सुशासन स्थापित करने के जो प्रयास दिल्ली में किये हैं, उनका भी उतना ही प्रचार-प्रसार अपने चुनाव अभियान में करना होगा, ताकि मध्यम वर्ग एवं सभी प्रकार के मतदाताओं में वे अपना समर्थन का आधार बढ़ा सकें। ऐसा तब ही हो पाएगा जब दिल्ली एवं विशेषकर पंजाब में वे बेहतर शासन देने की क्षमता का प्रमाण जनता को दे पाएं। केवल तात्कालिक लाभ के लिए कुछ लोकलुभावन घोषणा करने मात्र से आने वाले चुनाव में, विशेषकर राष्ट्रीय पटल पर उन्हें बहुत अधिक सफलता मिलेगी, इसमें संदेह है।


कुल मिलाकर के ये चुनाव प्रत्येक दल के लिए एक संकेत और सबक हैं। जो दल इन संकेतों को समझकर अपनी रणनीति में उपयुक्त परिवर्तन करेंगे, वह आगामी विधानसभा चुनाव एवं बाद में 2024 में मई में होने वाले लोकसभा चुनाव में भी सफलता प्राप्त करने में समर्थ हो पाएंगे। सभी दलों को एक और बात पर ध्यान देना होगा। किसी भी राज्य में कोई भी सत्ताधारी दल यदि जनहित में प्रभावी कार्य करता है तो अन्य दलों को उसे बिना पूर्वाग्रह और दुराग्रह के अपनाना चाहिए। उदाहरणार्थ, यदि दिल्ली सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अच्छा काम किया है तो भारत सरकार को उसका अध्ययन करके उसे पूरे देश में लागू करना चाहिए ताकि पूरे देश के नागरिक लाभान्वित हो सकें। इसी प्रकार यदि किसी सरकार ने महिला सशक्तिकरण, भ्रष्टाचार समाप्ति, औद्योगीकरण, आदि में ने अच्छा कार्य किया है तो अन्य सरकारों को भी बिना अहम और पूर्वाग्रह के उनसे सीखना चाहिए।

सभी दल, अपने हित के ऊपर देश हित को प्राथमिकता दें, तब ही संविधान की मूल भावना फलीभूत होगी। चुनाव जीत कर सत्ता प्राप्त करना साधन मात्र है, साध्य तो देश के नागरिक की सेवा ही है।

हम तो केवल आशा ही कर सकते हैं कि सभी दलों में ऐसी सद्बुद्धि आए।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# आदमी का यमराज कौन? क्रोध क्रोध क्रोध


डॉ. जे. के. गर्ग

**मनोवैज्ञानिक** चार्ल्स स्पीलबर्ग ने क्रोध पर विशेष अध्ययन किया है उनके मुताबिक क्रोध एक ऐसी भावनात्मक अवस्था है जिसकी तीव्रता मामूली चिडचिडपन से अत्यंत चरम सीमा की उत्तेजना, आवेश एवं क्रोधान्ध होती है। अन्य भावनाओं की तरह क्रोध भी शारीरिक और जैविक बदलावों से जुडा होता है। जब आप नाराज होते हैं तब आपके दिल की धडक़नें बढ ज़ाती है और रक्तचाप भी बढ ज़ाता है और साथ ही साथ आपके एनर्जी हारमोन्स एड्रेनेलिन और नोराड्रेनेलिन का स्तर भी बदल जाता है। जब आप क्रोधित होते हैं तो उसी क्षण आपकी सोच अतार्किक एव अत्याधिक नाटकीय हो जाती है, आप उत्तेजित होकर अपना संयम खो देते हैं। इस समय एकाएक आपके मुख से निकल पड़ता है हाय यह क्या हो गया, हर चीज बर्बाद हो गई, सब कुछ खत्म इस वक्त कुछ क्षणों के लिये लम्बी साँस ले और तनिक शांत होकर अपनी सोच को तर्कयुक्त बनायें और अपने आप से कहें की जो कुछ हुआ वो अफसोसजनक है किन्तु जीवन में कभीकभार ऐसा हो जाता है, क्रोध उत्पन्न होने के लिये आंतरिक एवं बाह्य घटनायें जिम्मेदारी हो सकती है आप किसी व्यक्ति विशेष यथा आपके कार्यालय के सहकर्मी, आपके पड़ोसी, आपके अधिकारी यहाँ तक कि रास्ते चलते राहगीर के व्यवहार से भी क्रोधित हो सकते हैं। सडक पर यातायात का जाम लगने से या आपकी हवाई जहाज की यात्रा का अचानक निरस्त हो जाने से भी आप क्रोधित हो सकते है। कभी कभी आपकी निजी समस्याओं की चिंताओं अथवा अनहोनी, अनचाही घटनाओं को याद करने से भी क्रोध उत्पन्न हो सकता है किन्तु इस घटना मात्र से मेरे जीवन में सफलता अर्जन के सभी मार्ग बंद तो नहीं हो जाते हैं, में अन्य रास्ते खोज लूँगा।

मनोवैज्ञानिक जैरी डेफनबेकर के अनुसार सच में ही कुछ लोग अन्य लोगों की तुलना में कुछ ज्यादा ही गर्म दिमाग के होते हैं, इन्हें जल्दी गुस्सा आ जाता है और उन्हें एक औसत व्यक्ति से अधिक तेज गुस्सा आता है। कुछ ऐसे भी लोग हैं जो अपने गुस्से को बाहर शोर मचा कर प्रकट नहीं करते किन्तु अन्दर ही अन्दर वे बहुत चिढचिढे और गुमसुम से रहते हैं। आसानी से नाराज होने वाले कुछ लोग हमेशा बकझक नहीं करते, न ही बात बात पर हाय हाय करते रहते हैं, वे चीजे भी नहीं फेंकते, किन्तु ऐसे लोग स्वयं को समाज से दूर कर लेते हैं और अपने आपमें सिमट जाते हैं और वें शारीरिक रूप से बीमार तक भी हो ज़ाते हैं। ऐसे लोग जो जरा-जरा सी बात पर गुस्सा हो जाते हैं, उनमें सहनशीलता की कमी होती है, ऐसे लोग अपने जीवन में परिस्थितियों को सहजता से नहीं ले पाते हैं। ऐसे लोग विपरीत परिस्थितियों में असहजता या स्वयं के साथ अन्याय हुआ महसूस करते हैं और एकदम क्रोधित हो जाते हैं। सवाल उत्पन्न होता कि लोग ऐसा व्यवहार क्यों करते है? इसके कई कारण हो सकते हैं। उनमें से एक कारण आनुवांशिक या शरीर संरचना की वजह से भी हो सकता है। इसका सबूत वे बच्चे हैं जो पैदाइश रूप से चिढ-चिढे होते हैं। क्रोधी व्यवहार की दूसरी वजह सामाजिक हो सकती है।

निसंदेह अपने क्रोध को रोकने के बजाय उसे व्यक्त करना उचित है क्योंकि क्रोध को बोतलबंद करने से उच्च रक्तचाप हो सकता है, या अवसाद या चिंता विचारों को प्रेरित करके आपके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। निर्विवाद रूप से अपने गुस्से को बाहर निकालना एक स्वस्थ विकल्प हो सकता है। फिर भी, हर कोई नहीं जानता कि इसे अन्य भावनाओं की तरह कैसे व्यक्त किया जाए जो हमें इंसान बनाती हैं। यह महत्वपूर्ण सच्चाई तो यही है की है कि क्रोध को एक बुरी भावना के रूप में या एक क्रोधित व्यक्ति को सदैव एक बुरे व्यक्ति के रूप में न सोचें। दूसरी तरफ यह भी सही है की अनपेक्षित क्रोध विभिन्न तर्कहीन और मनोवैज्ञानिक समस्याओं को जन्म दे सकता है। यह निष्क्रिय-आक्रामक व्यवहार या एक अत्यंत निंदक और/या शत्रुतापूर्ण व्यक्तित्व सहित क्रोध के रोग संबंधी अभिव्यक्तियों को भी जन्म दे सकता है। अपने अंदर के गुस्से को भरने से बचें क्रोध को कभी व्यक्त भी करें।

निर्विवाद रूप से गुस्सा एक अत्यधिक ऊर्जा लेने वाली भावना है। क्रोध आपकी तर्कसंगत सोच को लूट सकता है। क्रोध ध्वनि निर्णय में बाधा डालता है। जब कभी भी आपको क्रोध आये तो क्षण के लिए मनन करें की आपको किस बात पर क्रोध आ रहा है क्रोध से उत्पन्न उर्जा को तर्कसंगत ऊर्जा के अंदर रूपांतरित करे। क्षण भर के लिए अपने मन को शांत करें आप मान कर चलिए की अपने आपको अधिक उर्जावान महसूस करेगें। क्रोध का सकारात्मक प्रबन्धं आपको जीवन में अपना ध्यान सकारात्मक कार्य और सकारात्मक, स्वस्थ विकल्प बनाना सिखाता है जो आपके आपसी रिश्तों को मधुर और मजबूत बनाने मे सहायता प्रदान करेगा।

वास्तविकता में तनाव क्रोध का सहोदर ही है। क्रोध की भांति तनाव की थोड़ी मात्रा अच्छी हो सकती है, जिससे आप बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। कोई व्यक्ति वित्तीय मुद्दों, किसी की बीमारी, किसी की सेवानिवृत्ति या भावनात्मक रूप से विनाशकारी घटना जैसे कई कारणों से तनाव का अनुभव कर सकता है, जैसे जीवनसाथी की मृत्यु या काम से निकाल दिया जाना। हालांकि, हमारा अधिकांश तनाव रोजमर्रा की छोटी-छोटी जिम्मेदारियों से आता है। तनाव से स्ट्रोक, दिल का दौरा, पेप्टिक अल्सर और अवसाद जैसी मानसिक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

क्रोध की पत्नी हिंसा है, हिंसा कर्कशा भी है। ईगो या स्वयं का अहंकार ही क्रोध का भाई है वहीं जिद्दीपन विनाशकारी क्रोध की बहन है क्रोध के पिताजी का नाम अहंकार है। क्रोध के पुत्र का नाम भय है। सच्चाई यह है कि क्रोधी से सभी डरते हैं क्यों कि वह भय का बाप है। वास्तविकता में तनाव क्रोध का सहोदर ही है। क्रोध की दो बेटियां निंदा और चुगली है। क्रोध की पुत्र वधुओं के का नाम ईर्ष्या तथा घृणा है। क्रोध के घर पर आने वाले अतिथियों का स्वागत क्रोध की पुत्र वधुएँ मुहं सिकोड़ करती है।

**क्या आप भी बहुत क्रोधित प्रवृत्ति के हैं?**

हम अपने गुस्से की तीव्रता को कुछ फिजियोलॉजिकल टेस्ट की मदद से माप सकते हैं। जैसे कि आप गुस्से के प्रति कितने सम्वेदनशील हैं, और आप अपने गुस्से को कैसे संभालते हैं? और अगर आप को बात बात पर क्रोध आने की समस्या है तो आप इस समस्या के समाधान के लिये इसकी तह तक जाकर मनन करना चाहिए। अगर आप क्रोध में स्वयं को आपे से बाहर पाते हैं तो आप को किसी अच्छे मनोवैज्ञानिक की सहायता लेनी चाहिए। मनोवैज्ञानिक ही आपको बताया कि आप इस भाव से और अच्छे तरीके से कैसे निपटा सकते है। यहां यह पहचानना आवश्यक हो जाता है कि गुस्से की कितनी मात्रा सहज है और इसकी सीमा क्या हो। हर बात पर आपे से बाहर हो जाना बुद्धिमत्ता नहीं है।

किन्तु इस तरह की प्रतिक्रिया में खतरा इस बात का है कि अगर आप इसे बाहर सकारात्मक या नकारात्मक तरीके से व्यक्त न कर सके तो यह छिपा क्रोध आपके अन्दर जाकर आप में निराशा, तनाव उत्पन्न कर उच्च रक्तचाप की वजह बन सकता है। अपने क्रोध को जताने का सबसे स्वस्थ तरीका है-- आक्रामक हुए बिना अपने क्रोध के भाव को दृढ़ता पूर्वक अभिव्यक्त कर देना। क्रोध को व्यक्त करने का सबसे उत्तम और दोषमुक्त तरीका है अपने अंतर्मन को शांत रखना, इससे आप अपने सांसारिक व्यवहार के साथ ही अपने आंतरिक व्यवहार को नियंत्रित रख पाएंगे और आप शांत चित्त रहेंगे एवं आपकी क्रोध की भावना धीमे धीमे लुप्त हो जायेगी, आपके शांत चित्त रखने से आपके हृदय की गति भी सामान्य रहेगी एवं आप स्वस्थ और खुश भी रहेंगे।

**आदमी के लिए यमराज क्रोध को नियंत्रित करने और उससे छुटकारा पाने के प्रभावशाली उपाय**

अपने तनाव-बिंदुओं को न केवल पहचानना, बल्कि उन सभी पर स्वयं कार्य करना भी कोई आसान कार्य नहीं है। जैसे शारीरिक रूप से बीमार शरीर को चिकित्सा के ध्यान की आवश्यकता होती है, वैसे ही क्रोधित मन को इसे प्रबंधित करने के लिए किसी विशेषज्ञ की आवश्यकता हो सकती है। यह पूरी तरह से ठीक है और जब आपको लगता है कि आप अपने गुस्से को अपने दम पर नियंत्रित नहीं कर सकते हैं, तो अक्सर एक क्रोध प्रबंधन पेशेवर से मदद लेने की सलाह दी जाती है। आपको आवश्यक सहायता प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह के सहायक साधनों का खजाना है।

**व्यायाम**-शारीरिक व्यायाम मस्तिष्क में एंडोर्फिन की रिहाई को बढ़ावा देता है। ये एंडोर्फिन आपके मस्तिष्क में रिसेप्टर्स, जो आपके दर्द की धारणा को कम करते हैं, के साथ बातचीत करते हैं और परिणामस्वरूप तनाव को कम करते हैं।

**पर्याप्त नींद लें-** हालांकि नींद की मात्रा हर व्यक्ति में अलग-अलग होती है, लेकिन पर्याप्त नींद लेना हर किसी के लिए महत्वपूर्ण होता है। अच्छी और गहरी नींद आपके मस्तिष्क को पुनरारंभ करने में मदद करती है और आपको केंद्रित रहने में मदद करती है।

**अपने अहंकार को खत्म करें-** 'अहंकार' के जगह अपने जीवन को आरामदायक बनाएं। आप जितने कम अहंकारी होंगे, उतने ही आसानी से आप असफलताओं को झेल सकेंगे। नकारात्मक लोगों, स्थानों और चीजों से दूर रहें। प्रेरणादायक/प्रेरक पुस्तकें पढ़ें।

**संगीत सुनें-** संगीत की सुखदायक शक्ति से सभी अच्छी तरह से वाकिफ हैं। संगीत सुनने से हमारे मन और शरीर पर काफी अच्छा प्रभाव पड़ सकता है, विशेष रूप से धीमा, शांत शास्त्रीय संगीत सुनने से।

**विश्राम तकनीकों का प्रयोग करें** - तनाव और कठिनाई के समय गहरी सांस लेने से हमेशा मदद मिलती है। यह तकनीक आपको कार्य करने से पहले सोचने का समय देती है और आपके गुस्से को शांत करने में मदद करती है। एक और उपयोगी तकनीक है कुछ भाप को उड़ाने के लिए व्यायाम करना।

**अपने विचार प्रबंधित करें -** सहानुभूति का आपके मन पर शांत प्रभाव पड़ता है। जब आप लोगों के कार्यों के पीछे के कारण को समझने की कोशिश करते हैं और खुद को दूसरों के स्थान पर रखकर अपनी परेशानी का संचार करते हैं, तो आप स्वाभाविक रूप से अपने क्रोध को कम करने में सक्षम होते हैं।

**आत्म-पुष्टि का अभ्यास करें-** कभी-कभी यह खुद को समझाने में मदद करता है कि आपको तनाव नहीं है। अपने आप से कहें कोई तनाव देने वाला मुझमें तनाव पैदा नहीं कर सकता, मैं अपने जीवन का स्वामी हूं और मेरे पास तनाव से निपटने की सभी क्षमताएं हैं।

**अपने लिए कुछ समय निकालें-** हर दिन कम से कम आधा घंटा अपने लिए आरक्षित रखें। इस समय का उपयोग रचनात्मक होने के लिए और बाहरी प्रभावों के बिना अपने विचारों और भावनाओं को संसाधित करने के लिए करें।

**ध्यान लगाना-** मेडिटेशन यानी कि ध्यान लगाने से विश्राम की गहरी स्थिति और शांत दिमाग का निर्माण हो सकता है। ध्यान के दौरान, आप अपना ध्यान केंद्रित करते हैं और उलझे विचारों को समाप्त करते हैं जो आपके दिमाग को उलझा सकता हैं और तनाव पैदा कर सकता है।

**विशेषज्ञों की मदद लें-** तनाव से स्वयं निपटने में कठिनाई आ सकती है। जरूरत पड़ने पर मदद लेना ठीक होता है। अपने चिकित्सक से उस तनाव के बारे में बात करें जिसे आप महसूस कर रहे हैं और उन्हें बताएं कि यह आपको कैसे प्रभावित करता है। एक लाइसेंस प्राप्त परामर्शदाता या अन्य स्वास्थ्य पेशेवर आपको तनाव के लक्षणों को कम करने के तरीके खोजने में मदद कर सकते हैं।

**यथार्थवादी बनें-** अवास्तविक लक्ष्य निर्धारित न करें और ध्यान रखें कि यदि आप हमेशा हर चीज में पूर्णता पाना चाहते हैं, तो आप कभी भी संतुष्ट नहीं होंगे।

**दूसरों की मदद लें-** सुपरमैन / सुपरवुमन बनने की कोशिश ना करें। अपने आप से पूछें, मैं कितना कर सकता/सकती हूँ? क्या समय सीमा यथार्थवादी है? क्या मैं इसे अपने दम पर कर सकता/सकती हूं? और अगर आपको मदद की जरूरत है तो इसके बारे में पूछने में संकोच ना करें।

**'नहीं' कहना सीखें-** नहीं, हमेशा नकारात्मक नहीं होता है। लोगों को प्रसन्न करने वाला रवैया अपनाना छोडें और हमेशा कोई प्रतिबद्धता बनाने या पक्ष देने से पहले इस बात पर विचार करें कि क्या यह आपके लिए सहज होगा।

**समय प्रबंधन को जानें-** एक ही समय में सब कुछ करने की कोशिश करने से खुद को अभिभूत न करें। अपनी गतिविधियों को प्राथमिकता दें और उन्हें हटा दें जो आवश्यक नहीं हैं।

**अपने दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताएं-**परिवार के सदस्यों और दोस्तों के साथ गुणवत्ता का समय बिताने से बंधन मजबूत होता है और सुरक्षा और अपनेपन की भावना पैदा होती है। यह आपको तनावों से लड़ने में मदद कर सकता है।

**अपने अहंकार को खत्म करें-** 'अहंकार' के जगह अपने जीवन को आरामदायक बनाएं। आप जितने कम अहंकारी होंगे, उतने ही आसानी से आप असफलताओं को झेल सकेंगे।

**आत्म-पुष्टि का अभ्यास करें-** कभी-कभी यह खुद को समझाने में मदद करता है कि आपको तनाव नहीं है। अपने आप से कहें कोई तनाव देने वाला मुझमें तनाव पैदा नहीं कर सकता, मैं अपने जीवन का स्वामी हूं और मेरे पास तनाव से निपटने की सभी क्षमताएं हैं।

**अपने लिए कुछ समय निकालें-** हर दिन कम से कम आधा घंटा अपने लिए आरक्षित रखें। इस समय का उपयोग रचनात्मक होने के लिए और बाहरी प्रभावों के बिना अपने विचारों और भावनाओं को संसाधित करने के लिए करें।

**विश्राम या रिलैक्सेशन-**क्रोध से छुटकारा पाने के लिये रिलेक्सन एक प्रभावकारी तरीका है। गहरी सांस लेकर दिमा की नसों को ढीला छोडे, यह क्रोध को शान्त करने में फायदेमंद होगी।

पारस्परिक संवाद के दौरान ह्यूमर (हंसी-मजाक) का उपयोग करने से वाद-विवाद से उपजी रोष-गुस्से की भावना धीमे-धीमे मंद पड कर खत्म भी हो जाती है। कभी-कभी आसपास का वातावरण से भी मन में उत्तेजना/क्रोध उत्पन्न होता है, इसलिये उस वातावरण से दूर अन्य जगह चलें जायें, अपने परिवार के साथ समय बिताएं, ऐसा करने से आपको अपने क्रोध से मुक्ति मिलेगी।

**–डॉ. जे. के. गर्ग,**
**( स्वतंत्र चिंतक व लेखक )**

# दस्तावेजों में कमी से प्रसूताओं को नहीं मिल रही जननी सुरक्षा योजना की राशि

## 1 अप्रैल से 30 नवंबर तक पांच सौ से अधिक प्रसूताओं को नहीं मिली राशि

**पावटा,** (निसं)। बहुत अधिक समय बीतने के बाद भी प्रसूताओं को जननी सुरक्षा योजना के तहत प्रोत्साहन धनराशि नहीं मिल पा रही है। पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 1 अप्रैल 2022 से लेकर 30 नवंबर तक प्रसूताओं की संख्या पांच सौ से अधिक है।

प्रोहत्साहन राशि न मिलने से सरकारी अस्पतालों में प्रसव कराने वाली महिलाओं को करारा झटका लग रहा है। जननी सुरक्षा योजना के तहत सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने वाली ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को 14 सौ रुपये तथा नगरीय क्षेत्र की महिलाओं को एक हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रावधान है। इसके बाद भी प्रसूताओं को जननी सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि का लाभ नहीं दिया जा सका है।

**▪ राशि न मिलने से अस्पतालों में प्रसव कराने वाली महिलाओं को करारा झटका**

इसमें अधिक प्रसूताएं ऐसी हैं, जिनके दस्तावेज अधूरे हैं या बैंक का खाता नंबर भी स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध नहीं हो सका है और कुछ ऐसी है जिन को ऑनलाइन नहीं किया गया है। पूरे मामले में शासन के निर्देश हैं कि प्रसव होने के बाद त्वरित पूरी प्रक्रिया कर जननी सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि प्रसूता लाभार्थी के बैंक खाते मेंपहुंच जाएं।

पूरे मामले में बीसीएमएचओ डॉ. सुनील मीणा, पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. देवेंद्र शर्मा का कहना है कि दस्तावेजों में कमी होने के कारण समस्या आ रही है। दस्तावेजों की पूर्ति होते ही लाभार्भी महिलाओं के खातों में प्रोत्साहन राशि भेज दी जाएगी। रही बात विभाग के लिए प्रसूताओं के बैंक खाता नंबर न मिलने की, तो इसके लिए आशाओं को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जल्द से जल्द लाभार्भी महिलाओं के बैंक खाते नंबर विभाग को उपलब्ध करा दें, जिससे कि बजट मिलते ही लाभार्थी महिलाओं के खातों में प्रोत्साहन राशि भेजी जा सके।

# रेलवे टीटीई श्रीनिवास शर्मा की देह दान की

**बीकानेर,** (निसं)। रानी बाजार चौपड़ा कटले के पीछे के निवासी श्रीनिवास शर्मा का सोमवार को दोपहर निधन हो गया। देहदान का संकल्प लेने के कारण उनके पुत्र पायोनियर अशोक कुवेरा ने उनकी देह आज मेडिकल कॉलेज प्राचार्य को सौंपी।

शाकद्वीपीय ब्राह्मण बंधु चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष आर के शर्मा ने बताया कि ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी श्रीनिवास शर्मा ने जीवन पर्यन्त समाज सेवा की वहीं तन, मन व धन से हर संकल्प को पूरा किया। जीवन के अंतिम पड़ाव से पूर्व ही उन्होंने अपने देह को भी दान करने का संकल्प लिया जिसका सभी परिजनों ने समर्थन किया। मृत्यु भोज को उन्होने कभी प्रोत्साहन नहीं दिया व पत्नी, पुत्रवधू और पुत्री के निधन पर तीसरे दिन ही उठावना कर दिया। इसी परिपाटी पर इनके पुत्र ने भी तीसरे दिन 14 दिसम्बर को सांय 5 बजे ही उठावना कर आगे कोई परपंरा का निर्वहन नहीं करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर डॉ. के आर मीणा ने कहा कि ब्रह्मर्षि दधीची ने देवताओं के कहने पर अपनी देहदान की थी जो सबसे महान माना गया लेकिन इस युग में स्वेच्छा से देहदान करने वाला का स्थान सबसे ऊपर है। उन्होंने बताया कि एक देह से हजारों चिकित्सकों को अध्ययन में सहयोग मिलता है और उसके बाद भी उनकी हड्डियों व दांतों को भी सहेजा जाता है जो हजारों वर्षों तक आगे आने वाली पीढ़ी के अध्ययन में काम आती है। आज के युग में जहां देहदान में लोग आगे आ रहे है वहीं नये मेडिकल कॉलेज के छात्रों के अध्ययन के लिये देह की आवश्यकता भी बढ़ रही है। इस अवसर पर उनके पौत्र रूचित, कार्तिक, दामाद महेशदास भोजक, मदन लाल सेवग, सत्यदेव शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, चन्द्रकांत, निर्मल शर्मा, चन्द्रशेखर शर्मा, विनोद शर्मा, दीपक शांडिल्य, नरोत्तम, रमेश वर्मा, मनीष सूद, चौरूलाल सुथार, डॉ. ओम कुवेरा, शरद शर्मा, आर के शर्मा, रूपकुमार पुरोहित, नवरतन डोयल, लोकेश, चिन्मय, मनीष सेवग सहिन स्नेहीजन साक्षी बने।

## राशिफल


पंडित अनिल शर्मा

**मंगलवार 13 दिसम्बर, 2022**


पौष मास, कृष्ण पक्ष, पंचमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2079, आश्लेषा योग रात्रि 2:32 तक, वैधृति योग बुधवार प्रातः 6:54 तक, कौलव करण प्रातः 8:05 तक, चन्द्रमा रात्रि 2:32 से सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-वृष, बुध-धनु, गुरू-मीन, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 2:32 तक है। कुमार योग और रवियोग रात्रि 2:32 से आरम्भ होगा। आज वैधृति पूण्य है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:46 से 11:03 तक, लाभ-अमृत 11:03 से 1:38 तक, शुभ 2:56 से 4:13 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 7:11, सूर्यास्त 5:31

### मेष

परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

### वृष

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

### मिथुन

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### कर्क

व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### सिंह


घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में वाद-विवाद बढ़ सकते हैं और खान-पान के कारण कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

### कन्या

आर्थिक मामलों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में मांगलिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### तुला

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।


### वृश्चिक

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

### धनु

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

### मकर

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

### कुंभ

अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

# शेरगढ़ गैस काण्डः आग से झुलसे चार और लोगों की मौत

## शेरगढ़ स्थित भूंगरा गांव में सगतसिंह की ढाणी में बारात रवानगी से पहले गैस रिसाव के साथ भीषण आग लगी और दो गैस सिलेण्डर फट गए थे

**जोधपुर, (कासं)।** निकटवर्ती शेरगढ़ स्थित भूंगरा गांव में गुरूवार को शादी समारोह में हुए गैस काण्ड में आग से झुलसे चार और लोगों की मौत हो गई है। एक महिला ने देर रात दम तोड़ दिया तो आज सुबह एक बालक एवं दो महिलाओं ने दोपहर तक दम तोड़ दिया। इस हादसे में अब तक 16 लोगों की जान जा चुकी है। 39 लोग उपचाराधीन है।

देर रात भूंगरा की 40 साल की गंवरी देवी पत्नी धनसिंह एवं आज सुबह नौ साल के लोकेंद्र सिंह पुत्र भारत सिंह की मौत हुई है। दोपहर में 65 साल की जमना देवी पत्नी भैरूसिंह एवं 30 साल की मेहरिया निवासी जसूकंवर पत्नी भारत सिंह ने दम तोड़ा है। इनकी संख्या बढ़ भी सकती है। कई लोग अब भी 70 फीसदी से ज्यादा झुलसे हुए है। बर्न यूनिट में संक्रमण का खतरा भी बना हुआ है। शनिवार को भूंगरा की ही 10 साल की सज्जन कंवर पुत्री उत्तम सिंह, 60 साल की सुआकंवर पत्नी अमरसिंह एवं 12 साल की पूनम पुत्री बाबूसिंह और सांकड़ा जैसलमेर निवासी 26 साल के सुरेंद्र ङ्कूषसह पुत्र डूंगरसिंह मृत्यु हुई थी। रविवार को दिन भर अच्छा बीता और कोई दुखद समाचार नहीं मिला। मगर देर रात और सोमवार को तीन मौतों ने फिर से जख्म हरे कर दिए। पुलिस के अनुसार इस हादसे में अभी तक 13 साल की धापू देवी पुत्री भंवरसिंह, 40 साल की चंद्रकंवर पत्नी धनसिंह एवं कंवरूकंवर पत्नी मदन सिंह, खुशबू पुत्री गणपत सिंह और रतन सिंह पुत्र सांग सिहं धापूकंवर पुत्री बाबू सिंह एवं 16 साल की प्रकाशकंवर पुत्री नरपतसिंह की भी मौत हो गई थी।



फाईल फोटो।

- **39 का उपचार जारी, मृतकों की संख्या 16 हुई**

जानकारी के अनुसार गत गुरूवार को जिले के शेरगढ़ स्थित भूंगरा गांव में सगतसिंह की ढाणी में उनके पुत्र सुरेंद्र सिंह की शादी थी। बारात रवानगी से पहले ही दोपहर में गैस रिसाव के साथ भीषण आग लगी और दो गैस सिलेण्डर फट गए। जिससे घर परिवार रिश्तेदारी के 54 लोग आग में झुलस गए थे। जिन्हें उपचार के लिए जोधपुर एमजीएच अस्पताल के बर्न यूनिट में भर्ती करवाया गया था। इनमें कई की स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है। अब तक इसमें 16 लोग काल कल्वित हो चुके है।

# दुष्कर्म का आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

**सादुलपुर, (निसं)।** अपने ननिहाल में रह रहे हरियाणा निवासी एक युवक द्वारा नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म करने के बाद जहर देने के आरोप में उपचार के दौरान हिसार के अस्पताल में बीते रोज दम तोड चुकी किशोरी का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कार्यवाही के बाद सोमवार दोहपर को अंतिम संस्कार कर किया गया। इसी के साथ ही किशोरी से दुष्कर्म कर जहर देने के आरोपी अनुप पुत्र ईश्वर मेघवाल निवासी देवास हरियाणा को हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया गया है।

- **मृत किशोरी का किया अंतिम संस्कार**



आरोपी अनुप मेघवाल

वहीं मृतका नाबालिग बालिका का मेडिकल मुआयना करवाने के साथ-साथ तीन चिकित्सकों के मेडिकल बोर्ड की टीम के द्वारा राजकीय रैफरल अस्पताल राजगढ के मोर्चरी रूम में मृतक किशोरी का पोस्टमार्टम किया गया है तथा परिजनों को शव सौंपने के बाद अंतिम संस्कार किया गया। डीवाईएपी बृजमोहन असवाल ने बताया कि नाबालिग से दुष्कर्म के बाद जहर देने के आरोपी अनुप मेघवाल घटना के बाद हरियाणा में फरार हो गया था, जिसे सोमवार को गिरफ्तार किया जा चूका है तथा अब न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा। गौरतलब है कि दुष्कर्म की घटना के बाद आरोपी अनुप मेघवाल द्वारा दुष्कर्म पीडित किशोरी को जहर देने के आरोप के बाद राजगढ के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, लेकिन जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रैफर कर दिया गया था। जहाँ हिसार के महात्मा गाँधी अस्पताल में नाबलिग बालिका ने उपचार के दौरान 11 दिसम्बर को दोहपर में दम तोड दिया था।

# साक्षात्कार का परिणाम जारी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सोमवार को सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2020 के तहत इकनॉमिक एडमिनिस्ट्रेशन एंड फाइनेंशियल मैनेजमेंट (ईएएफएम) विषय के साक्षात्कार का परिणाम जारी किया गया। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि इस विषय की लिखित परीक्षा के परिणाम में अस्थाई रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन 1 दिसंबर से 9 दिसंबर 2022 तक किया गया था। साक्षात्कार के बाद संबंधित सेवा नियमानुसार मुख्य सूची में 56 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है।

# भारत जोड़ो यात्रा में कामां से महिलाओं का दल शामिल

**कामां, (निस)।** राजस्थान में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कि भारत जोड़ो यात्रा में सवाई माधोपुर शामिल होने के लिए कामां से महिलाओं का एक दल रविवार रात्रि को पीसीसी सदस्य जलीस खान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो सोमवार को भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुआ। कामां नगर पालिका अध्यक्ष गीता खंडेलवाल ने बताया कि मंत्री जाहिदा खान के निर्देश पर कामां से करीब 35 महिलाओं का दल राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए रविवार रात्रि को रवाना हुआ है जो सोमवार प्रातः सवाई माधोपुर पहुंचकर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुआ। यात्रा को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह है महिलाएं यात्रा में शामिल होने के लिए कई दिन से अपनी तैयारियां कर रही थी जो सोमवार को यात्रा में शामिल होकर राहुल गांधी से मिली है। यात्रा में कामां नगरपालिका पार्षद धीरज अवस्थी, पार्षद मीनू, पार्षद रेखा रानी सहित सर्व समाज की महिलाएं शामिल थी।

- **यात्रा को लेकर महिलाओं में उत्साह, कई दिन से तैयारियां कर रही थी**

इसी प्रकार भारत जोडो यात्रा में शामिल होने हेतु भरतपुर जिले से सैकडों कांग्रेस कार्यकर्ता 18 दिसम्बर को दौसा जिले के सिकन्दरा, बांदीकुई टोल प्लाजा पर दोपहर 2 बजे एकत्रित होकर लंच ब्रेक के बाद प्रारम्भ यात्रा में सम्मिलित कांग्रेस नेता राहुल गांधी व उनके साथ चल रहे भारत यात्रियों का उत्साहवर्धन करेंगे व यात्रा में शामिल होंगे। यह जानकारी जिला कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुन्नी कप्तान ने दी व बताया कि 19 दिसम्बर को अलवर के मालाखेडा में होने वाली सभा में भी भाग लेंगे। इसके लिए 14 दिसम्बर को जिला कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष शेर सिंह सूपा की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे श्री भूरी सिंह व्यायामशाला पर तैयारियों की चर्चा की जायेगी।

# समाजसेवी राजेश्वरी ने राहुल गांधी को ईआरसीपी के मुद्दे की मांग उठाने को लेकर ज्ञापन दिया

**मंडावरी, (निसं)।** सुरपुरा ग्राम पंचायत के खुर्रा गांव की रहने वाली एवं कोरोना काल में संक्रमित मरीजों की सेवा कर आवश्यक चिकित्सा संसाधन उपलब्ध कराने के बाद सुर्खियों में आई क्षेत्र की प्रमुख महिला समाजसेविका राजेश्वरी मीना ने भारत जोड़ो यात्रा में पहुंचकर राहुल गांधी को ईआरसीपी (पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना) के मुद्दे की मांग उठाने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

प्रमुख महिला समाज सेवी राजेश्वरी देवी मीणा ने राहुल गांधी को अवगत कराया कि, वे पहले भी ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने एवं पूर्वी राजस्थान के छोटे-बड़े बांधों व जल स्त्रोतों को जोड़ने की मांग पर जयपुर तक पैदल मार्च कर चुकी है।

राजेश्वरी ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कॉपरेन में शनिवार शाम को राहुल गांधी को ईआरसीपी के मुद्दे को संसद में उठाकर राष्ट्रीय परियोजना घोषित करवाए जाने की मांग की गई। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, कैबिनेट मंत्री रमेश मीना भी मौजूद थे। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि, पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना में पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के कई छोटे-बड़े बांध छूट गए हैं जिन्हें प्राथमिकता से जोड़ा जाए तो उस क्षेत्र के किसान को खुशहाली मिल सकती है।



भारत जोड़ो यात्रा के दौरान समाजसेवी राजेश्वरी देवी मीणा ने राहुल गांधी से मुलाकात की।

- **'ईआरसीपी' को लेकर पैदल यात्रा कर चुकी हैं राजेश्वरी**

इसको लेकर राहुल गांधी ने पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा को निर्देशित करते हुए कहा कि, ईआरसीपी में छूटे हुए सभी बांधों को जोड़ा जाए। राहुल गांधी ने यह भी आश्वस्त किया कि राजस्थान में हमारी सरकार है, यहां ईआरसीपी में छूटे हुए सभी बांधों को जोड़ा जाएगा।

राजेश्वरी मीणा ने बताया कि राहुल गांधी की भारत यात्रा आगामी दिनों में लालसोट विधानसभा क्षेत्र में होकर भी गुजरेगी। डिडवाना गांव में राहुल गांधी किसानों से संवाद करेंगे। इस दौरान ईआरसीपी को लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा एवं साथ ही संसद में भी यह मांग भी उठाई जाएगी।

# अवैध संबंधों के शक में पत्नी की हत्या

**बौंली, (निसं)।** सवाई माधोपुर जिले के खंडार थाने में रविवार देर रात अवैध संबंधों के शक में एक युवक द्वारा अपनी पत्नी की हत्या का मामला सामने आया है।

खंडार निवासी युवक अशोक साहू ने रविवार रात्रि करीब 11 अपनी पत्नी सुलोचना की सोते वक्त कुल्हाड़ी से गले पर वार कर निर्मम हत्या कर दी एवं स्वयं ने जाकर खंडार थाने में समर्पण कर दिया। सूचना पर खंडार पुलिस मौके पर पहुंची एवं मृतका सुलोचना के शव को खंडार चिकित्सालय में लाने के बाद सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

मृतका के पिता लक्ष्मी नारायण साहू ने बताया कि, मेरी पुत्री व दामाद पिछले दो माह से मध्यप्रदेश के जाउदेसर में रहकर मजदूरी कर रहे थे। 10 दिन पहले भी दोनों खंडार आए थे। दोनों में आपसी कहासुनी हो गई थी। जिस पर अशोक ने फोन किया था एवं सुलोचना से बात होने पर उसने सोमवार को खंडार आने को कहा था। परिवार भी दोनों के झगड़े को हमेशा के लिए रोकने का प्रयास कर रहा था। लेकिन अशोक ने रविवार की रात्रि को सुलोचना की रात 11 बजे सोते समय कुल्हाड़ी से मारकर निर्मम हत्या कर दी। के 3 बच्चे बच्चे भी हैं इस मामले को लेकर दोनों पति-पत्नी कई बार खंडार थाने में भी जा चुके हैं लेकिन पुलिस ने समझा-बुझाकर उन्हें वापस भेज दिया था।

# षड्यंत्र के आरोप में एक गिरफ्तार

**खैरथल, (निसं)।।** स्थानीय थाना पुलिस ने जमीनी सौदेबाजी में रजिस्ट्री नहीं कराने व रकम नहीं लौटाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी भगवान सहाय शर्मा ने बताया कि बेहरोज ग्राम निवासी शेर सिंह व खैरथल के वार्ड नं एक निवासी विकास डाटा की ओर से 8880000 रुपए प्राप्त कर जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी पर अनुसंधान करते हुए अपराधिक षड्यंत्र के आरोप में खैरथल के वार्ड नं 8 निवासी मुकेश कुमार डाटा को गिरफ्तार किया।

# आरपीएस व पुलिस निरीक्षक निलंबित

**जयपुर/डूंगरपुर, (निसं)।** महानिदेशक पुलिस उमेश मिश्रा ने पुलिस कर्मियों के आपस मे अभद्रतापूर्ण व्यवहार के वायरल वीडियो के मामले में पुलिस उपाधीक्षक विवेक सिंह एवं पुलिस निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह को निलंबित कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री की मानगढ़ धाम यात्रा के उपरांत इन दोनों पुलिस कर्मियों का पुलिस जाप्ते व आमजन की मौजूदगी में आपसी अभद्रता पूर्ण व्यवहार का वीडियो वायरल हुआ था। निलंबन काल मे पुलिस उपाधीक्षक विवेक सिंह का मुख्यालय पुलिस मुख्यालय में एवं पुलिस निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह का मुख्यालय पुलिस लाईन डूंगरपुर में रहेगा।

# मॉडल उत्तर कुंजियां वेबसाइट पर जारी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा प्राध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के अंग्रेजी, बायोलॉजी (ग्रुप-ए) तथा हिन्दी (ग्रुप-बी) विषयों की मॉडल उत्तर कुंजियाँ वेबसाइट पर जारी कर दी गई है।

आयोग द्वारा 11 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2022 तक इस परीक्षा का आयोजन किया गया था। उपसचिव सुनील रांका ने बताया कि यदि किसी भी अभ्यर्थी को इन मॉडल उत्तर कुंजियों पर कोई आपत्ति हो तो निधारित शुल्क के साथ 14 दिसंबर से 16 दिसंबर 2022 को रात्रि 12 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। आपत्तियाँ आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करनी होंगी। इस परीक्षा के मॉडल प्रश्न-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आपत्ति प्रामाणिक (स्टैंडर्ड, ऑथेंटिक) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाईन ही प्रविष्ट करें।

- **अभ्यर्थी 14 से 16 दिसंबर तक दर्ज करा सकेंगे ऑनलाइन आपत्ति**

# भारत जोड़ो यात्रा को लेकर पीले चावल बांटे



मंत्री टीकाराम जूली ने चौपाल को सम्बोधित किया।

**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि, कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का राजस्थान के अलवर जिले के मालाखेड़ा में ऐतिहासिक स्वागत किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि, राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा देश की राजनीति में एक नया शंखनाद करेगी। आमजनता की आवाज बन चुकी इस यात्रा से जुड़े लाखों लोगों ने देश के नागरिकों के दृश्यपटल पर राजनीति का नया पटाक्षेप किया है। उन्होंने कहा कि, देश में बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी व नफरत के खिलाफ राहुल की यह यात्रा का कारवां लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि देश के प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए हम सभी को संयुक्त रूप से मिलकर राहुल गांधी के कंधे से कंधा मिलाना है। मंत्री जूली सोमवार को अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव महुवा खुर्द, बीजवाड नरूका, खारेडा, पृथ्वीपुरा, बालेटा, भण्डोडी एवं पूनखर में आयोजित चौपाल पर उपस्थित हजारों लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।

केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों व आमजन से अपील करते हुए कहा कि भारत जोडो यात्रा की मालाखेडा में आयोजित होने वाली जनसभा एवं शहर के कटीघाटी से शुरू होने वाली पैदल यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस यात्रा का स्वागत करे। उन्होंने इस यात्रा में शामिल होने के लिए ग्रामीणों को पीले चावल बांटकर स्वागत करने के लिए न्यौता दिया।

# विकास प्रजापत की संदिग्ध मौत का 40 दिन बाद भी नहीं हुआ खुलासा

## सर्व समाज के हजारों लोगों ने थाने का घेराव कर मांगा इन्साफ

**कोटपूतली, (निसं)।** चार नवम्बर की मध्य रात्रि को कस्बे के बड़ाबास मौहल्ला निवासी एक युवक की संदिग्ध मौत का मामला पुलिस के लिए अनसुलझी पहेली बन रहा है। जिसको लेकर लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

सोमवार को कथित विकास प्रजापत हत्याकाण्ड मामले को लेकर कस्बे के नगरपरिषद् पार्क में सर्व समाज की मीटिंग आयोजित हुई। जहां दर्जनों वक्ताओं ने क्षेत्रिय विधायक व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव तथा पुलिस प्रशासन पर मामले में गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। वहीं शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए हजारों लोगों ने पुलिस थाने का घेराव कर पुलिस अधिकारियों को जमकर खरीखोटी सुनाई। इस दौरान थाने का घेराव करने पहुंचे लोगों में आक्रोश इस कदर भड़क गया की घेराव करने आई महिलाओं ने भी पुलिस अधिकारियों पर मामले में लीपापोती करने के आरोप लगाते हुए उनके मुंह पर चुड़ियां तक फेंक डाली इस दौरान आक्रोशित लोगों व पुलिस अधिकारियों के बीच मामुली गहमा-गहमी भी हुई।

पीड़ित परिवार सहित लोगों का कहना था कि राजस्थान की पुलिस से उनका विश्वास उठ गया है। लोगों ने मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर राज्यपाल, मुख्यमंत्री व राज्य के गृह मंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी ऋषभ मण्डल को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पूर्व विधायक व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि, पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था बिल्कुल फैल हो चुकी है और प्रदेश अपराधियों का गढ़ बन गया। भाजपा नेता मुकेश गोयल ने कहा कि, गृहमंत्री का गृह क्षेत्र होने के बावजूद भी पीड़ित परिजन पिछले 40 दिन से पुलिस प्रशासन के लगातार न्याय की मांग को लेकर चक्कर लगा रहा है लेकिन जांच मे पुलिस लीपापोती में लगी हुई है। गोयल ने मांग की है की ऐसी स्थिती में क्षेत्रिय विधायक व गृह राज्यमंत्री को इस्तिफा दे देना चाहिए।

वहीं कुम्हार महासभा के प्रदेशाध्यक्ष किशोर दुल्हेपुरा ने गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके गुर्गो द्वारा हत्या काण्ड को अंजाम दिया गया है। जिसके चलते पुलिस दबाव मान रही है दुल्हेपुरा ने मामले में दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि हमारा राजस्थान पुलिस से विश्वास उठ गया है क्योंकी पुलिस प्रशासन गृह राज्यमंत्री के ईशारे पर काम करता है अब मामले की जांच सीबीआई से कराना चाहते हैं। गृह मंत्री सीबीआई जांच के लिए अनुशंसा करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए यह भी कहा है कि यदि 7 दिवस में कार्यवाही नहीं हुई तो वे उग्र आन्दोलन करेंगे।




कोटपूतली में पुलिस थाने का घेराव कर अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाते लोग।

- **गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव व पुलिस प्रशासन पर लगाये गंभीर आरोप**
- **सात दिवस में कार्यवाही नहीं होने पर महापड़ाव की चेतावनी**

संघर्ष समिति के अध्यक्ष सेवा निवृत आरएएस बीएस बासनीवाल ने कहा कि 40 दिन पूर्व विकास के दोस्तों ने मिल कर उसकी हत्या कर दी। किन्तू पुलिस मामले को महज एक हादसा करार देने पर तूली हुई है। उन्होंने कहा कि यदि 7 दिन में कार्यवाही नहीं हुई तो बड़ी संख्या में महापड़ाव व कर्मीक अनशन भी करेंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, व्यापार मण्डल के मैथली शरण, भाजपा नेता कर्मवीर बोकन, व्यापार मण्डल के महामंत्री रमेश जिन्दल, विश्व हिन्दू परिषद् के पूरणमल भरगड़, समाजसेवी रतन लाल शर्मा सांगटेडा, पूर्व सरपंच जयराम टापरी, बहुजन समाजवादी पार्टी के दीपचंद आर्य, समाजसेवी कृष्ण सिंह लोमोड़ सुंदरपुरा, राजेंद्र रावत, अमर सिंह कसाना, बंजारा समाज के अध्यक्ष जगदीश बंजारा, राजा दक्ष छात्रावास के अध्यक्ष मामचंद ठेकादार, दक्ष सेवा संस्थान के अध्यक्ष नरेश कुमावत, जयप्रकाश सैनी सहित हजारों महिला पुरूष मौजूद थे। वहीं थाने पर डीएसपी गौतम, कोटपूतली थाना प्रभारी सवाई सिंह, सरूण्ड थाना प्रभारी इन्द्राज सिंह, कार्यवाहक पनियाला थाना प्रभारी एएसआई रतन सिंह सहित भारी पुलिस बल तैनात था।

# 'सरकारी पार्क की एक बीघा जमीन पर भूमाफियाओं ने कब्जा कर पट्टा लिया'

## दुर्गापुरा में महारानी फार्म रोड पर स्थित आयुष्मान सिंह नगर का मामला

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । दुर्गापुरा इलाके में महारानी फार्म रोड पर स्थित आयुष्मान सिंह नगर में सरकारी पार्क की करीब एक बीघा जमीन पर भूमाफियाओं ने कब्जा कर पट्टा भी ले लिया, लेकिन नगर निगम के अधिकारी आंखें बंद किए बैठे रहे।

सोमवार सुबह जेडीए की प्रवर्तन टीम ने जब सरकारी पार्क में हो रहे अवैध निर्माण को बंद कराया तो नगर निगम प्रशासन की यह लापरवाही उजागर हुई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भूमाफियाओं ने जेडीए व नगर निगम के अफसरों से सांठगांठ कर यह अवैध कब्जा किया और पट्टा भी ले लिया। कई बार शिकायतों के बावजूद जब नगर निगम में सुनवाई नहीं हुई तो उन्होंने जेडीए की प्रवर्तन टीम को सूचित किया।

जेडीए के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि महारानी फार्म रोड पर स्थित आयुष्मान सिंह नगर में करीब एक बीघा सरकारी जमीन पर कुछ भूमाफियाओं ने शनिवार-रविवार की छुट्टी का फायदा उठाकर अवैध निर्माण शुरू कर दिया था, जिसे सोमवार सुबह ध्वस्त किया गया था।



**जेडीए की प्रवर्तन टीम ने सोमवार सुबह दुर्गापुरा स्थित आयुष्मान सिंह नगर के सरकारी पार्क में किये गए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया।**

रविवार को भी जेडीए टीम ने पार्क में पहुंचकर निर्माण कार्य बंद कराया था और औजार व अन्य सामान जब्त किया था।

रघुवीर सैनी ने बताया कि करीब 20 दिन पहले आयुष्मान नगर के रहने वाले कुछ लोगों ने शिकायत दी थी कि कुछ भूमाफियाओं ने सरकारी पार्क की एक बीघा जमीन पर कब्जा करके पट्टा ले लिया है। अब यहां निर्माण कार्य शुरू करने की तैयारी है। इस पर जेडीए की प्रवर्तन टीम ने शिकायत का सत्यापन कराया, जिस पर सामने आया कि वर्ष 2012 में नगर निगम जयपुर ने निविदा जारी करके इस पार्क की चारदीवारी का निर्माण करवाया था। कुछ भूमाफियों ने अपराधिक कृत्य करके अक्टूबर-2022 में इस जमीन के पट्टे गलत ढंग से प्राप्त कर लिए। जिनके संबंध में अपेक्षित जांच करके आवश्यक कार्यवाही के लिए जोन-उपायुक्त को पत्र लिखा गया है।

जैसे ही सरकारी पार्क पर अवैध कब्जे की सूचना मिली थी तो हमने नगर निगम को यू.ओ. नोट लिखकर जोन उपायुक्त से व्यक्तिगत रिपोर्ट प्राप्त की। अब फिलहाल पार्क की जमीन पर बनाई जा रही बाउंड्रीवाल एवं अन्य अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया है।

- **जेडीए की प्रवर्तन टीम ने सरकारी पार्क में भूमाफियाओं द्वारा किये जा रहे अवैध निर्माण व अतिक्रमण को हटाया तो यह हकीकत उजागर हुई**
- **वर्ष 2012 में नगर निगम प्रशासन ने निविदा जारी करके इस पार्क में बाउंड्रीवाल बनवाई थी, बाद में भूमाफियाओं ने कब्जा कर अक्टूबर-2022 में इस जमीन का पट्टा ले लिया**
- **स्थानीय लोगों ने पार्क में कब्जे की शिकायतें पहले नगर निगम व जेडीए के जोन अधिकारियों को दी, जब सुनवाई नहीं हुई तो जेडीए के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी के पास पहुंचे थे**

# पत्नी की हत्या कर घर से फरार हुआ पति गिरफ्तार

**जयपुर** । वैशाली नगर पुलिस ने पत्नी की हत्या कर फरार हुए पति को गिरफ्तार कर लिया है।

डीसीपी (वेस्ट) वन्दिता राणा ने बताया गिरफ्तार आरोपित राम सिंह रावत (64) गांव सागरवास थाना जवाजा, अजमेर का रहने वाला है, जोकि अपनी पत्नी सीता (60) के साथ इलाके स्थित प्रेमपुरा में किराए से कमरा लेकर रहता था। दोनों पति-पत्नी भीख मांग कर अपना जीवन यापन करते थे। घटनाक्रम के मुताबिक गत 6 दिसंबर को सीता का शव अंदर कमरे में पड़ा मिला था, जबकि उसका पति मौके से फरार था। मकान मालिक व स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाये। इसके बाद पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति राम सिंह रावत को गिरफ्तार किया है।

## कोविड का तीसरा टीका लगवाने की आमजन से अपील

**जयपुर** । करोना वायरस से बचाव के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न चरणों मे कोविड की प्रथम व द्वितीय डोज लगाई जा चुकी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जो लोग कोविड वैक्सीन की दोनों डोज ले चुके हैं, वह तीसरी व प्रोटेक्शन डोज अवश्य लगवा लें। इससे कोविड के प्रति सुरक्षा चक्र पूर्ण करने में मदद मिलती है। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. अमन माथुर ने बताया कि जिले में कोविड वैक्सीन लगवाने में आमजन का उत्साह देखते ही बनता है। कोविड टीकाकरण के अंतिम पायदान पर तीसरा टीका कोरोना से पूर्ण सुरक्षा प्रदान करता है। इसलिए आमजन से अपील है कि शीघ्र से शीघ्र प्रोटेक्शन डोज कोविड के प्रति सुरक्षित हो जाए।

## कांस्टेबल भर्ती को लेकर जवाब मांगा

**जयपुर** । हाईकोर्ट ने कांस्टेबल भर्ती-2021 के सभी विज्ञापित पद नहीं भरने और अन्य अनियमितता बरतने पर गृह सचिव, कार्मिक सचिव और डीजीपी सहित अन्य से जवाब मांगा है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश रेणुका चौधरी की याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने जोधपुर कमिश्नरेट के लिए 374 पदों के लिए भर्ती निकाली, लेकिन सिर्फ 365 अभ्यर्थियों को ही नियुक्ति दी।

# आवासन आयुक्त ने 23.23 करोड़ रुपये का चैक ग्रेटर निगम को सौंपा

## हाऊसिंग बोर्ड द्वारा विक्रय की गई संपत्तियों से प्राप्त धनराशि में 15 फीसदी हिस्सा नगर निगम को दिये जाने का है प्रावधान

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । हाऊसिंग बोर्ड कमिश्नर पवन अरोड़ा ने सोमवार को 23.23 करोड़ रुपये का चैक ग्रेटर निगम की महापौर सौम्या गुर्जर और आयुक्त महेन्द्र सोनी को सौंपा। यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के हस्तक्षेप के बाद यह रकम दी गई है। बताया जा रहा है कि बीते 15 वर्षों में दी गई यह सबसे बड़ी रकम है।

दरअसल राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड द्वारा विक्रय की गई सम्पत्तियों से प्राप्त होने वाली धनराशि का 15 प्रतिशत हिस्सा नगर निगम को दिये जाने का प्रावधान है। इसके अलावा हाऊसिंग बोर्ड प्रशासन नगर निगम की कॉलोनियों में विकास कार्य करवाने पर जो रकम खर्च करता है, वह इस 15 फीसदी राशि में से काटी जाती है।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि पिछले साल नगर निगम और हाऊसिंग बोर्ड की संयुक्त बैठक हुई थी। जिसमें वर्ष 2010-11 से 2019-20 के दौरान आवासन मंडल द्वारा विक्रय की गई सम्पत्तियों में निगम को प्राप्त होने वाले राजस्व और हाऊसिंग बोर्ड द्वारा विकास कार्यों पर खर्च की गई रकम का समायोजन हुआ था। इस समायोजन के बाद हाऊसिंग बोर्ड के 55.58 करोड रुपये नगर निगम पर बकाया है। इसके बावजूद उदारता के साथ नगर निगम को 11.11 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष के हिसाब से वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 की 15 प्रतिशत हिस्सा राशि का समायोजन करने के बाद 23 करोड़ 23 लाख 12 हजार रुपये नगर निगम को दिये गए हैं। महापौर सौम्या गुर्जर ने बताया कि आवासन आयुक्त पवन अरोडा ने आश्वस्त किया है कि वर्ष 2022-23 के लिए देय राशि का भी इस वित्त वर्ष के दौरान ही ग्रेटर निगम को भुगतान कर दिया जायेगा। ग्रेटर निगम कमिश्नर महेन्द्र सोनी ने बताया कि जेडीए कमिश्नर रवि जैन को भी 15 फीसदी हिस्सा राशि देने के लिए पत्र लिखा है। हाऊसिंग बोर्ड की तरह ही जेडीए द्वारा भी शहर में बेची जाने वाली संपत्तियों में 15 फीसदी हिस्सा राशि नगर निगम को देय है, अगर यह रकम मिलती है तो शहर की साफ-सफाई व अन्य विकास कार्य होंगे।



**आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने सोमवार को ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर और कमिश्नर महेन्द्र सोनी को 23.23 करोड़ रु. का चैक सौंपा।**

- **वर्ष 2010-11 से 2019-20 की समयावधि के समायोजन के बाद भी हाऊसिंग बोर्ड के 55.58 करोड़ रुपये नगर निगम पर बकाया है : पवन अरोड़ा**
- **आवासन आयुक्त ने आश्वस्त किया है कि वर्ष 2022-23 के लिए देय राशि का भी इस वित्त वर्ष के दौरान ही ग्रेटर निगम को भुगतान कर दिया जायेगा : सौम्या गुर्जर**

# शहीद स्मारक पर यूटीबी कार्मिकों ने धरना दिया



**यूटीबी कार्मिकों ने सोमवार को शहीद स्मारक पर धरना दिया।**

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान संविदा नर्सेज एसोसिएशन की ओर से संविदा रूल्स 2022 में शामिल करने की मांग को लेकर यूटीबी कार्मिकों ने सोमवार को शहीद स्मारक पर धरना दिया।

एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष गिरीश शर्मा ने बताया कि यूटीबी जीएनएम, एएनएम फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन व रेडियोग्राफर के पद पर कार्यरत कार्मिकों को संविदा रूल्स 2022 में शामिल करने की मांग को लेकर आज एक दिवसीय सांकेतिक धरना शहीद स्मारक पर दिया गया। इसमें हजारों की संख्या में कार्मिक उपस्थित रहे।

एसोसिएशन के प्रदेश सचिव ऋतुराज राव ने बताया कि यूटीबी पर कार्यरत कर्मचारियों को सरकार ने संविदा रूल्स में शामिल न करके भेदभाव किया है। हम सरकार से मांग करते हैं कि अतिशीघ्र कार्मिकों को रूल्स के अंदर लिया जाए, नहीं तो संपूर्ण राजस्थान में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## 'वाहन चालक की लापरवाही साबित किए बिना क्षतिपूर्ति नहीं'

**जयपुर**, (का.सं.)। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, महानगर प्रथम ने एक मामले में कहा है कि वाहन चालक की उपेक्षा और लापरवाही साबित करने का भार याचिकाकर्ता पर होता है।

वाहन चालक की असावधानी व लापरवाही साबित किए बिना याचिकाकर्ता को किसी क्षतिपूर्ति को प्राप्त करने का हक नहीं है। कोर्ट ने यह आदेश जयराम की 30.61 लाख रुपए की क्लेम याचिका खारिज करते हुए दिए।

याचिका में कहा गया था कि 19 जून 2017 को प्रार्थी सांवलपुरा से अजमेरी गांव गया था। वापस पैदल लौटते समय दोपहर दो बजे उसे पीछे से एक ट्रैक्टर ने तेज गति व लापरवाही से टक्कर मारी। इस दौरान वह सड़क पर गिर गया और ट्रैक्टर का टायर उसके बांए हाथ के ऊपर से निकल गया। जिससे उसका हाथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बाद में ऑपरेशन के बाद चिकित्सकों ने उसके हाथ को कंधे से काट दिया। यह एक्सीडेंट वाहन चालक की लापरवाही से हुआ है। इसलिए उसे बीमा कंपनी व अन्य से क्षतिपूर्ति दिलाई जाए।

## अवैध हथियार लेकर घूम रहा बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** । पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत ब्रहमपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में अवैध हथियार लेकर घूम रहे एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से एक अवैध पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) परिस देशमुख ने बताया कि ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत बलरामपुर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अजहर मोईन उर्फ आशु (18) निवासी भाकरी रोड दौसा को दिल्ली बाईपास रोड ब्रहमपुरी से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक अवैध पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी पूर्व में ब्रह्मपुरी और जयसिंहपुरा खोर थाना में चोरी के मामले में वांछित था और काफी समय से फरार चल रहा था। फिलहाल आरोपी से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# 'मुहाना मंडी में स्थाई पार्किंग की समस्या से जूझ रहे ई-रिक्शा व ऑटो-रिक्शा चालक'

## मुहाना मंडी परिसर में प्रतिदिन हजारों किसान, व्यापारी, मजदूर और ग्राहक आते हैं, इसके बावजूद यहां सरकारी अस्पताल या डिस्पेंसरी तक नहीं : राहुल तंवर

**जयपुर** (कासं)। मुहाना मंडी परिसर में सोमवार को ई-रिक्शा व ऑटो-रिक्शा चालकों तथा मंडी मजदूरों की सभा हुई। जहां उन्होंने स्थाई पार्किंग समेत अपनी तमाम समस्याएं मुहाना फल-सब्जी मंडी के अध्यक्ष राहुल तंवर को सुनाई। जिस पर तंवर ने सभी को जल्द ही स्थाई पार्किंग दिलवाने के लिए प्रशासन से बात करने का आश्वासन दिया।

राहुल तंवर ने बताया कि मुहाना मंडी परिसर में पिछले कई दिनों से ई-रिक्शा व ऑटो रिक्शा चालकों व मज़दूरों को स्थाई पार्किंग नहीं मिलने के कारण परेशानी हो रही है। अगर इन्हें सब्ज़ी मंडी से दूर अन्य स्थान पर शिफ़्ट किया जाता है तो मंडी के मज़दूर जो कि पैदल सिर पर या कमर पर रख कर माल उठाते है, उन्हें काफ़ी शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा सड़क दुर्घटना का भी ख़तरा बना रहेगा। अगर प्रशासन इन लोगों को मंडी परिसर में ही उचित जगह देकर कार्ड बना दे तो इनकी संख्या भी तय की जा सकेगी और इन मेहनतकश लोगों को राहत भी मिल सकेगी। तंवर ने बताया कि मुहाना मंडी कहने को तो एशिया की सबसे बड़ी फल-सब्जी मंडी है, लेकिन मंडी परिसर में एक भी अस्पताल या सरकारी डिस्पेंसरी नहीं है।

मंडी में प्रतिदिन हजारों किसान, व्यापारी, मजदूर व ग्राहक आते हैं, आये दिन यहां सड़क दुर्घटनाएं होती रही है। इसके बावजूद मंडी प्रशासन यहां मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने पर ध्यान नहीं दे रहा। सभा को ई-रिक्शा चालक यूनियन के अध्यक्ष बनवारी लाल खटीक ने भी संबोधित किया।



**मुहाना मंडी में सोमवार को आयोजित हुई सभा को फल-सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष राहुल तंवर ने संबोधित किया।**

## विधानसभा अध्यक्ष से 17 देशों के 44 प्रतिनिधि मिले

**जयपुर** । राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी से सोमवार को यहां राजस्थान विधानसभा में 17 देशों के 44 प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। यह दल लोकसभा सचिवालय में 36 वें संसदीय इन्टर्नशिप कार्यक्रम में भाग लेने आया है। कार्यक्रम का आयोजन लोकसभा सचिवालय के संसदीय लोकतन्त्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा किया जा रहा है। दल में बांग्लादेश, कम्बोडिया, गाम्बिया, घाना, गोनिया, ईराक, कजाग्स्तिान, मेसेडोनिया, ताजिकिस्तान, मालदीव्स, म्यांमार, नेपाल, सियाचिल्स, श्रीलंका, तंजानिया, उरूग्वे व जिम्बाबे के संसदों के अधिकारी शामिल थे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. जोशी ने राजस्थान विधानसभा की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. जोशी ने कहा की विधानसभा की कार्यवाही का संचालन संविधान, विधानसभा के नियमों व नियमावली और समृद्ध परम्पराओं के तहत् किया जाता है। उन्होंने कहा की विधानसभा के सदस्यों की जवाबदेही जनता के प्रति होती है।

## सार-समाचार

### शहीद के परिजनों को तैल चित्र भेंट



**जयपुर**, (का.सं.)। आसाम के नौ गांव में आतंकवादी हमले में शहीद हुए जवान अम्बालाल जाट के निवास मोहनाबाद की ढाणी , पीपलू (टोंक) में पहुंच कर जयपुर के जाने माने चित्रकार चंद्र प्रकाश गुप्ता और राजस्थान सरकार के राज्य उपभोक्ता आयोग के सदस्य रामफूल गुर्जर व एडवोकेट यूनूस खान ने उनकी पत्नी रतनी देवी व परिजनों को शहीद का तेल चित्र भेंट किया। शहीद की पत्नी व परिजन अम्बालाल के जीवंत तैल चित्र को देखकर कर भावुक हो गए और चित्रकार गुप्ता के कार्य की सराहना करते हुए शहीद की पत्नी ने कहा आपने हमें यह अनमोल उपहार दिया है। उल्लेखनीय है कि चित्रकार गुप्ता पिछले 24 वर्षों से निरंतर शहीद सैनिकों के तैल चित्र तैयार कर उनके परिजनों को गांव /ढाणी पहुंचकर भेंट कर रहे हैं वह अभी तक 300 से अधिक चित्र भेंट कर चुके हैं।

### झोटवाड़ा के पार्कों में 100 पौधे लगाए



**जयपुर** । राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष डॉ.स्पर्धा चौधरी के नेतृत्व में महावर वैश्य नवयुवक सेवा संस्था के अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय वैश्य युवा महासम्मेलन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुदित गुप्ता व पर्यावरणविद् डॉ. नरेन्द्र भूषण सिंह के सहयोग से झोटवाड़ा के विभिन्न पार्कों में वृक्षारोपण किया। गणेश मंदिर पार्क तारा नगर, खाटू श्याम मंदिर गार्डन वृंदावन कॉलोनी व श्री भैरव हनुमान मंदिर पार्क रेलवे क्वार्टर, खिरनी फाटक रोड पर जामुन, नीम, करंज, कनेर, गुलमोहर, बड़, शीशम, आम, आदि के 100 से अधिक छायादार पेड़ लगाए गए। इस अवसर पर जन अधिकार सेना के जिलाध्यक्ष राम गोपाल भूरिया, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, रीजेंसी वेलफेयर सोसाइटी के कोषाध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा, संजय सक्सैना, जयपुर तहसील अध्यक्ष नारायण पांचाल, चेतन शर्मा, रिदम चौधरी, श्रीमती फूल कंवर, प्रधानाध्यापिका श्रीमती सुशील कंवर चौधरी, नरेश, दिलप्रीत सिंह चौधरी, जन अधिकार सेना जयपुर जिला कोषाध्यक्ष भंवर लाल कुमावत, स्वाधीनता, विश्वजीत सिंह, मानवेंद्र सिंह, विशाल सिंह, गोपाल प्रजापत, अनुराग शर्मा,नवीन विजय, नवीन माहेश्वरी,आदि उपस्थित रहे।

### पार्षद तिवाड़ी के कार्यालय का उद्घाटन



**जयपुर** (कासं)। विद्याधर नगर सेंट्रल स्पाईन स्थित सिने स्टॉर सिनेमा के सामन वार्ड 22 के कांग्रेसी पार्षद प्रदीप तिवाड़ी के पार्षद कार्यालय का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें मुख्यमंत्री के सलाहकार नवलगढ़ विधायक डॉ. राजकुमार शर्मा, पीसीसी कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रवाल और प्रकाशदास महाराज व भूतेश्वर बालाजी महंत बालकिशन महाराज व कांग्रेस नेता राजपाल शर्मा, राजस्थान यूथ बोर्ड के उपाध्यक्ष सुशील पारीक सहित कई पार्षद व प्रत्याशी मौजूद रहे। इस दौरान रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें 369 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। वहीं, शाम को प्रकाश दास महाराज की ओर से आयोजित "एक शाम गौ माता के नाम" भजन संध्या आयोजित की गई। जिसमें देर रात तक स्थानीय लोग भजनों और देशभक्ती गीतों पर झूमते नजर आए।

### अलवर में महासंघ करेगा विरोध

**जयपुर** । कर्मचारी महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड की अध्यक्षता में महासंघ की महा समिति की बैठक राज्य केंद्रीय मुद्रणालय स्थित महासंघ कार्यालय में हुई जिसमें सरकार द्वारा महासंघ के मांग पत्र पर आज तक वार्ता कर समस्याओं का निराकरण नहीं करने से कर्मचारियों में रोष को देखते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरकार बजट का दुरुपयोग कर पैसा राहुल गांधी की यात्रा पर खर्च कर रही है। आम कर्मचारी की तरफ सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है सरकार के सरकार के ऐसे कर्मचारी विरोधी रवैया के विरोध में 17 दिसंबर को जयपुर से महासंघ एकीकृत का सैकड़ों कर्मचारियों का दस्ता कुलदीप यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष कर्मचारी महासंघ एकीकृत के नेतृत्व में राज्य केंद्रीय मुद्रणालय जयपुर स्थित महासंघ एकीकृत के कार्यालय से प्रात: 9 बजे निकलकर मोती डूंगरी गणेश जी के धोक लगाकर कूच करेंगे, अलवर में महासंघ एकीकृत प्रेस कॉन्फ्रैंस आयोजित कर कर्मचारियों के मांगो के सरकार का विरोध प्रदर्शन कर सरकार का मांगों की ओर ध्यान आकर्षित करेंगे। इस कूच में भरतपुर संभाग के जिला सवाई माधोपुर करौली एवं भरतपुर के कर्मचारी शामिल होकर कर्मचारियों की मांगों का निराकरण नहीं होने से विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### प्रियंका गांधी से मिले संविदाकर्मी

**जयपुर** (कासं)। संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा राजस्थान के पदाधिकारी सोमवार को बूंदी में निकाली जा रही "भारत जोड़ो यात्रा" में पहुंचे। उन्होंने वहां कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी व राहुल गांधी से मुलाकात कर "राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स 2022" के बारे में विस्तार से अवगत कराया और बताया कि राजस्थान सरकार ने चुनाव से पूर्व अपनी घोषणा पत्र में वादा किया था कि सभी संविदा कार्मिकों को नियमित करेंगे। इसके बावजूद इन नियमों के माध्यम से राजस्थान सरकार ने अपने किये हुए वादों पर कुठाराघात किया और पुराने संविदा कार्मिकों को नया जामा पहनाकर नवीन नियम के तहत पांच वर्षों के लिए पुन: संविदा पर ऑडप्ट किया जा रहा है। यहां तक कि नियुक्ति पत्र में हटाने की दिनांक तक लिखी जा रही है। मानदेय में भी किसी प्रकार की कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। इतने वर्षों की पूर्व की सेवा अवधि अनुभव की गणना शुन्य कर दी गई और नवीन संविदा की शुरुआत नये सिरे से की जायेगी। प्रियंका गांधी ने अपने निजी सहायक को विवरण नोट कर मोबाइल नंबर लेने के लिए कहा और दिल्ली बुलाकर बैठक करने का आश्वासन दिया।

### नथ लूटने वाला बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। मुहाना पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार कर लूटी गई सोने की नथ बरामद कर ली है, जबकि इसके साथी को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। डीसीपी (साउथ) योगेश गोयल ने बताया गिरफ्तार आरोपित दीपक उर्फ मुकेश उर्फ कोच्या बाबरिया (25) गांव सिरोही थाना नरैना हाल सेक्टर-35, प्रताप नगर का रहने वाला है। आरोपित के कब्जे से बुजुर्ग महिला से लूटी गई सोने की नथ बरामद की गई है। इस मामले में पूर्व में आरोपित के साथी मूलचंद उर्फ़ मूल्या को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। एएसआई प्रेमचंद गुर्जर के नेतृत्व में टीम ने वारदात का खुलासा किया।



## Day of the Horse

The Day of the Horse was created to remember and pay tribute to the cultural, historic, and economic contributes that horses have made. Equine enthusiasts will often get together so that they can show their appreciation for these incredible creatures. It does not matter whether you have never been on a horse in your life or you are a seasoned rider, we can all appreciate the amazing work that horses have done over the years and just how precious these animals are.



After a stint over these Tyre Cutters and Axle Breakers, barely skimming a speed of 30 to 40 kmph, it is a joy to get back on to a National Highway with a max speed limit of 80 to 100 kmph. Some are now going up to 120kmph. It is always possible to do more on the present highways which are like - to quote what Laloo Prasad Yadav said many years ago - "like the cheeks of Hema Malini". Laloo Yadav may not have achieved that in Bihar, but Nitin Gadkari definitely has achieved that in the National Highways of India.


# Let's Hit the Road!

## On Cheeks Like Hemamalini!



Wg. Cdr. CSV Ramany, VM (G)
*The author is a retired IAF fighter pilot*

#DRIVE-AWAY





Many years ago, when driving in the UK, on those beautiful and scenic motorways, with endless stretches of excellent road, and fluffy sheep dotting the landscape, one wished that we had the likes of it in India.

BAM! Wish granted.

### India's Golden Highways

In 1998 India embarked on a very ambitious plan of highway upgrades in which the main North-South and East-West corridors and highways connecting the four metropolitan cities of Delhi, Mumbai, Chennai and Kolkata have been widened into four lane highways. Some of the busier National Highway Sectors have been converted into six lane highways. This project became even more ambitious in June 2014 with the formation of the National Highways and Infrastructure Development Corporation, a fully owned company of the Government of India, under the Ministry of Road Transport and Highways.

This Ministry has adopted a new systemic numbering of National Highways, based on their orientation and geographic location. The new system has odd numbers for East-West highways and even numbers for North-South highways. The even numbers increase from East to West, starting with NH2, and odd numbers increase from North to South starting with NH1. These highways constitute just 3% of India's road network, but carry more than 40% of road traffic.

The new project of the Government called Bharatmala, involves the construction and upgradation of over 34,000 kms of National Highways. The majority of the existing highways are four lane roads (two in each direction), though much of this is being expanded to six or more lanes. Some sections of the roads are toll roads. In these highways, a toll gate always fills me with joy - because a toll means that the roads are almost guaranteed to be excellent. With a FASTag you only need slow down to get your tag scanned. A few years ago, driving in the United Kingdom - maybe to the Isle of Skye - we had to cross a fairly long bridge where toll had to be paid. I remember having to roll down the window, stick my head out and look up to a pale face peering down at me and saying "That would be ten quid". Makes one proud to be an Indian and a fan of Nitin Gadkari.

### The State of State Roads!

Only complaint, if you could call it that, is really a wish that Nitin Gadkari could or would do something about the State Highways and other arterial roads. A branch off from the National Highways into State Highways of some states is like a piercing of the wall between bliss and agony. In a recent road trip to a well-known tourist destination in Karnataka, the roads (if you could call them that) were the utter pits. They seemed to be layered with gravel and sharp-edged stones which look like, and sometimes do serve the purpose of being "Tyre Cutters". On such roads it is impossible to go fast unless you are in a tank or any other armoured vehicle. By some very strange and quirky rationale, on these roads they have many rumble strips - which are not really rumble strips, but several huge speed breakers built together. These strips are actually "Axle Breakers", which has caused one very enterprising gentleman to open a shop abutting the State Highway with the placard "Broken Axles Repaired Here - As Good As New".

After a stint over these Tyre Cutters and Axle Breakers, barely skimming a speed of 30 to 40 kmph, it is a joy to get back on to a National Highway with a max speed limit of 80 to 100 kmph. Some are now going up to 120kmph. It is always possible to do more on the present highways which are like - to quote what Laloo Prasad Yadav said many years ago - "like the cheeks of Hema Malini". Laloo Yadav may not have achieved that in Bihar, but Nitin Gadkari definitely has achieved that in the National Highways of India.

### Respect (on) the Road

Fellow drivers in India are by and large courteous and helpful. This courtesy is seen more in truckers on the highways than in the nouveau riche driving high end SUVs, although heavy vehicles on the highways rarely follow the appropriate lane. You can find them either in the slow lane, or in the fast lane, or sometimes both - quite often straddling lanes. To overtake a set of these heavy vehicles, one has to weave one's way across the highway.

However, very high-end courtesy is shown on ghat roads. In Tamil Nadu, downhill traffic always stops before the curve, giving ample space for the turn radius of uphill traffic. On crossing, the uphill vehicle gives two honks - "Thank you". The reply given by the downhill vehicle is a single honk "You are welcome".

On the national highways, one does come across motorcycles and scooterists who manage to do a speed of between 60 - 70 kmph, some of them with wife/kids/brother/both/all on board. Bicyclists are very few and extremely far between - unfortunately they do not get the courtesy due to them. These days with a plethora of banks giving two-wheeler loans, almost everyone aspiring to be mobile has a motorcycle. A two-wheeler showroom is a more common sight than a bicycle mechanic. So, if you are bicycling anywhere in India, the message that a person on a motorised vehicle gets is that "he cannot afford a motorcycle – he has no place on the road – edge him out".

Strangely this lack of courtesy to cyclists does not extend to villages/rural areas, where the cyclist is always given right of way. Best however are some Military Cantonment Roads which have the right of way clearly specified in order of priority - first is troops under training, next is pedestrians, third are cyclists. Then come Flag Cars followed last by other vehicles.

> Fellow drivers in India are by and large courteous and helpful. This courtesy is seen more in truckers on the highways than in the nouveau riche driving high end SUVs, although heavy vehicles on the highways rarely follow the appropriate lane. You can find them either in the slow lane, or in the fast lane, or sometimes both - quite often straddling lanes. To overtake a set of these heavy vehicles, one has to weave one's way across the highway.

### A Wanderer is Never Lost

Road Trips are mostly awaited by travel fanatics, for whom journeys make more memories than the destination itself. Some of these national highways lead to obscure but stunning places with breathtaking landscapes and they lure wanderers into never ending long drives. There are many such in India. A few of the best ones are the Chennai-Pondicherry East Coast Road in South India, the Himalayan Highways in the north, and Mumbai-Goa in the West.

A personal experience on the East Coast Road, the Chennai-Pondicherry highway, is a road for discerning travellers. The road runs parallel to the Bay of Bengal. This road is epitomised by a fine sea view, cool salty sea breeze and large tracts of pine. Arguably one of the best highways of India, it is the most preferred road to reach Pondicherry from Chennai, and not just for the convenience.

> The East Coast Road is a road for discerning travellers. The road runs parallel to the Bay of Bengal. This road is epitomised by a fine sea view.



### Highway to Hell?

However, there are some stories of people on this road having seen a woman in a white saree appearing out of nowhere. This has led to drivers losing control of their steering wheel, leading to accidents. There are other stretches on other highways too, like the Bhangarh Fort area, just off the Delhi-Jaipur highway, which is said to be one of the most haunted places in India. People have claimed that they have experienced frightening things on this highway - things that have no logical explanation.

Another weird highway is NH209 in Tamil Nadu. Remember Dacoit Veerappan, who was notoriously famous for kidnapping, smuggling and murdering people? If you drive along NH 209 though the Satyamangalam Wildlife Sanctuary, your sixth sense will awaken and you'll feel a prickle down your spine. For it is believed that this stretch is haunted by the ghost of Veerappan, and one can hear hysterical laughter and even see soft floating lights in the dark. People claim that the dacoit still wanders through the highway.

But by far the most haunted highway of India, is the Mumbai-Goa highway, especially the Kashedi Ghat stretch. People have claimed to have gotten scratches on their face, neck and back by some unknown force. Victims have also have claimed that their car halted at some point on the highway abruptly, and all the non-vegetarian food disappeared from their vehicle. So, a word of advice - when cruising down to Goa for a sun-soaked getaway, stay light on animal proteins!

### Coping with the Cops

If you are traveling to Pondicherry and staying there, there are a lot of nice hotels just short of the Tamil Nadu-Pondicherry border. Try to avoid these and stay in a hotel in Pondicherry itself, as overanxious Tamilian cops insist on checking cars with out-of-state license plates for booze. If it is close to the month end, when these cops have targets to meet, then the vehicle search/frisking becomes much more frequent, diligent and irritating.

A large number of accidents on the highways are due to booze - driving under the influence. Apart from being dangerous to life and body, the legal penalties are huge. In some places in the United States, the host of a party is held legally liable if his guest has an accident after the party when driving under the influence of alcohol. In India, so far, the liability is only moral. Even the designated driver needs to be careful not to overuse perfume before the start of the evening. In some states, like Telangana, the breathalysers used by overambitious cops beep even to the heady aroma of cologne!

### What goes in, must come out

The highway has got a zillion piddle points for men - nature being the endless bowl to receive what man giveth. However, for a lady on board, locating a clean toilet is an unenviable task. The National Highways now have some very high-end gas stations, but toilet hygiene is a matter of luck. Quite a few dhabas and hotels on the highway lure in customers with prominent lead-in boards which proudly proclaim "Clean Ladies Toilet Available". However, "clean" is open to interpretation.

There are a large number of dhabas/restaurants on the highway and it is easy to stop at the first clean, decent looking one and find that the food is not up to your taste. Do a Google on your route or check with Quora Digest. You would be able to identify the precise location of the food joint you may prefer. National Highways in West and South India have a plethora of "Rajasthani Dhabas". They look very clean, the people look Rajasthani, but the food is very mediocre, at least in the two that we had the misfortune to visit. Possibly the Rajasthani forgets his culinary skills once he leaves his home state. Or more likely the owner is a Rajasthani with an outsized turban and moustache, but with locally employed kitchen staff. The idea of a mundu-wearing South Indian churning out dal-baati-churma with rai and curry leaves is not inspiring.

Having exceeded my word limit for this article, I will bring it to a close by saying – Drive Safe – Drive Happy. Enjoy the Great National Highways of India.

writetoarbit@rashtradoot.com





#RESEARCH

The swelling caused by a by-product of amyloid plaques in the brain may be the true cause of Alzheimer's disease, say researchers.

## Swelling On Axons




The formation of amyloid plaques in the brain is a hallmark of Alzheimer's disease. But drugs designed to reduce accumulations of these plaques have so far yielded, at best, mixed results in clinical trials.

According to the new findings, each formation of plaque can cause an accumulation of spheroid-shaped swellings along hundreds of axons-the thin cellular wires that connect the brain's neurons-near amyloid plaque deposits. The swellings are caused by the gradual accumulation of organelles within cells known as lysosomes, which are known to digest cellular waste, researchers find. As the swellings enlarge, researchers say, they can blunt the transmission of normal electrical signals from one region of the brain to another.

This pileup of lysosomes, the researchers say, causes swelling along axons, which in turn triggers the devastating effects of dementia.

"We have identified a potential signature of Alzheimer's which has functional repercussions on brain



circuitry, with each spheroid having the potential to disrupt activity in hundreds of neuronal axons and thousands of interconnected neurons," says Jaime Grutzendler, professor of neurology and neuroscience at the Yale School of Medicine and senior author of the study. Further, the researchers discovered that a protein in lysosomes called PLD3 caused these organelles to grow and clump together along axons, eventually leading to the swelling of axons and the breakdown of electrical conduction.

When they used gene therapy to remove PLD3 from neurons in mice with a condition resembling Alzheimer's disease, they found that this led to a dramatic reduction of axonal swelling. This, in turn, normalized the electrical conduction of axons and improved the function of neurons in the brain regions linked by these axons.

The researchers say PLD3 may be used as a marker in diagnosing the risk of Alzheimer's disease and provide a target for future therapies.

"It may be possible to eliminate this breakdown of the electrical signals in axons by targeting PLD3 or other molecules that regulate lysosomes" Grutzendler says.

#ART EXHIBITION

# Art Galore at Mayo

The Mayo Alumni Artists (MAA) Group organized the first-of-its-kind art exhibition at Mayo College in Ajmer. The event, which was organized under the annual prize distribution ceremony of the school, witnessed a display close to 200 art works created by around 35 artists.






Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*

The annual prize distribution ceremony of the Mayo College, which was held after a hiatus of two years owing to the Covid-19 pandemic, saw a unique artistic addition this year. A first-of-its-kind Group Art Exhibition was organized by the Mayo Alumni Artists (MAA). The artworks of around 34 artists including HH Maharaja of Kishangarh, Brajraj Singh, Hemender Singh Vedsa, Dushyant Singh Naila, Late B.C. Gue, Ajay Singh Peelwa, Keshav Hazra, Vidita Singh and Harshi Agarwal were displayed in the exhibition. These artists, whose works were displayed, included alumni, teachers and students of Mayo College from batches ranging from 1967 to 2021.

More than 190 artworks created by the artists were put up at the show. It included art works of a wide variety of styles including water colour paintings, acrylic, sculpture, ceramic art, modern art, doodle art, among others. During this, the contribution made in the field of art by late B.C. Gue, who was the head of the Art and Craft Department of Mayo College, was also remembered. Mayo Alumni Artists (MAA) was formed a few years ago by members of the Mayo Alumni, Dushyant Singh Naila (Batch of 67) and Hemendra Singh Vedsa (Batch of 85).

On this occasion, Hemendra Singh Vedsa, artist and co-founder of MAA, said that such events are organized by Mayo Alumni Artists Group with the aim of inspiring, promoting and supporting the artists of Mayo College through a single platform. Along with this we also organize talk shows and interaction sessions by renowned personalities to create awareness among artists who are interested in learning new techniques to enhance their work in the field of art. He further informed that this event will be an annual feature from now on.





#TECHNOLOGY

# Mind Controlled Wheelchair

Researchers have studied the concept of a thought-powered wheelchair for years, but most projects have used non-disabled subjects or stimuli that leads the device to more or less control the person rather than the other way around.

In this case, three people with tetraplegia, the inability to move their arms and legs due to spinal injuries, operated the wheelchair in a cluttered, natural environment to varying degrees of success. The interface recorded their brain activity, and a machine-learning algorithm translated it into commands that drove the wheelchair.

The study is also significant because of the non-invasive equipment used to operate the wheelchair. The researchers did not implant any kind of device into the participants, nor did they use any kind of stimulation on them.

Participants wore a cap covered with electrodes that recorded brain electrical activity, known as an electroencephalogram (EEG). An amplifying device sent those electrical signals to a computer that interpreted each participant's intentions and translated them into movement.

When people suffer major injuries that end in paralysis, the brain loses pathways to deliver commands to the body and create movement. But the mind remains active, and the interface is able to capture and facilitate movement, as if the brain were talking to the body instead of a computer.




Two important dynamics were major contributors to the success of the study. The first involves a training program for the users.

The users were taught methods to visualize moving the chair as if they were imagining moving their hands and feet. As the researchers observed the study participants, they saw changes to their brain activity as they delivered commands.


The second contributor borrowed from robotics. The researchers outfitted their wheelchairs with sensors to understand the surrounding environment. And they also deployed robotic intelligence software that helped the chair fill in blanks in the users' commands to facilitate accurate and safe movement of the wheelchair.

## Scientific Facts On Music

- Music can help you exercise better!
- A 2010 study led by sport psychologist C.I. Karageorghis found that music can improve the way we exercise.
- Good beats can help you keep your heart healthy.
- Researchers from Pavia University, Italy, found that music with quicker tempos helped people breathe better, making sure their heartbeat was up.
- Music can be great for your plants as well.
- If you're a plant person, you should probably play some good music while watering them because it can help with their growth.
- Music changes the way we see this world.
- According to researchers from the University of Groningen, listening to happy or sad music can even change the way we perceive the world.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# सड़क का घटिया निर्माण देख पंचायत समिति प्रधान ने काम रूकवाया

## भीण्डर के निकट भरडिया गांव तक बनाई जा रही थी रोड

**भीण्डर,** (निसं)। भीण्डर के निकट भरडिया गांव तक बनाई जा रही रोड का घटिया निर्माण की शिकायत पर भीण्डर पंचायत समिति प्रधान हरिसिंह सोनिगरा ने काम रूकवा करके विभाग के अधिकारियों को सूचित किया। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीण भी उपस्थित रहे और घटिया सडक निर्माण का विरोध किया।

जानकारी के अनुसार पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा भीण्डर के निकट भरडिया गांव तक पहली बार बनाई जा रही डामरीकृत सडक का घटिया निर्माण हो रहा था। जिसको लेकर ग्रामीणों ने प्रधान हरिसिंह सोनिगरा को सूचना दी। जिस पर भीण्डर पंचायत समिति प्रधान हरिसिंह सोनिगरा, स्वरूपसिंह राणावत, रामलाल रावत, भगवतसिंह, जीवनसिंह, मिट्ठूसिंह, घनश्यामसिंह, वाला राम आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।



भीण्डर के भरडिया गांव में हाथ से डामर उखाड़ते प्रधान व ग्रामीण।

- पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाई जा रही है रोड
- सैकड़ों ग्रामीण भी उपस्थित रहे और विरोध किया

इस दौरान सडक का सरफेस भी सही ढंग से नहीं बना रखा था तो वहीं डामरीकरण भी घटिया किया जा रहा था। इसको लेकर प्रधान सोनिगरा ने विभाग के उच्च अधिकारियों को सूचित करके काम रूकवा दिया और मौके पर आकर सडक देखने के बाद ही काम शुरू करने की बात कही। इस पर दोपहर में विभाग के अधिकारियों ने आकर सडक का अवलोकन किया और ठेकेदार को फटकार लगाते हुए गुणवता पूर्ण कार्य के निर्देश के बाद पुनः कार्य शुरू करवाया गया।

# हैण्डीक्राफ्ट निर्यातक से ठगी के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

## सभी आरोपी गुजरात के राजकोट एवं अहमदाबाद के रहने वाले हैं

**जोधपुर,** (कासं)। शहर की महामंदिर पुलिस ने 16 करोड़ ठगी के प्रकरण में पांच और अभियुक्तों को पकड़ा है। सभी आरोपी गुजरात के राजकोट एवं अहमदाबाद के रहने वाले हैं। पूर्व में चार लोगों को पकड़ा गया जोकि खाताधारक निकले हैं। अब पांच और लोगों को पकड़ा गया है जोकि खाताधारक है। जिनके खातों में पैसे ट्रांसफर किए गए है। पुलिस प्रकरण में कड़ी से कड़ी मिलाने का प्रयास कर रही है। मगर मुख्य आरोपी के दुबई में होने का अंदेशा है। ऐसे में उसे पकड़ पाना पुलिस के मुश्किल भरा काम हो सकता है।

- अब तक नौ लोग पकड़े, सभी आरोपी खाताधारक
- ढाई करोड़ तक रिफंड होने के आसार बने
- 32 लाख से ज्यादा रिकवरी फिलहाल नहीं हुई

हैंडीक्राफ्ट निर्यातक से 16 करोड 26 लाख की ऑनलाइन ठगी के मामले में पुलिस लगातार जांच में जुटी है। रविवार को महाराष्ट्र से पकड़ कर कर लाई दो और आरोपियों को हिरासत में लिया। एक हफ्ते पहले भी पुलिस ने दो उदयपुर के आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हे जेल भेजा था। महाराष्ट के दोनों आरोपी पांच दिन की रिमांड पर हैं, पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। एसीपी साइबर सैल के मांगीलाल राठौड़ ने बताया कि प्रकरण में अब पांच गुजरातियों जिनमें राजकोट गुजरात के हार्दिक भाई पुत्र भरत भाई देवजी, मयूर भाई पुत्र कांति भाई, अहमदाबाद के विनोद कुमार पुत्र मुकतार शाह , क्षित्रयदान बहादूर पुत्र जस बहादूर एवं दीपेंद्र ङूषसह पुत्र प्रवीण सिंह झाला है।

डीसीपी अमृता दुहन ने बताया कि रविवार को साइबर सेल पुलिस ने राहुल पुत्र कांताराम मारूति निवासी महाराष्ट्र, पुणे और बिचु मोहम्मद सादिक पुत्र फिरोजुदीन जिला पुणे महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ की तो बताया कि बिचु मोहम्मद सादिक ने राहुल से संपर्क किया और उसका खाता खुलवाने में मदद की। खाता राहुल के नाम से था। साइबर पुलिस ने जांच की तो आरोपी राहुल तक पहुंची। राहुल के खाते में 5.43 लाख रुपये ही जमा हुए थे। बिचु ने इस खाते से रुपये फर्जी तरीके से अन्य खातों में ट्रांसफर करने में मदद की। बिचु ने जिन खातों में रुपये ट्रांफर किए हैं, उसके बदले में उसे सात से आठ प्रतिशत मिलता था। पुलिस को कई और खातों की जानकारी लगी है। आरोपी बिचु ने इस तरह से कई खाते खुलवाए थे।


पुलिस ने गत बुधवार को उदयपुर से उदयपुर के सुखेर स्थित अशोक गली पुरानी पंचायत निवासी दीपक सोनी पुत्र जगदीश सोनी और उदयपुर के ही मानव गर्ग पुत्र नाथूलाल को पकडा था, जोकि रुपयों को आगे से आगे ट्रांसफर करते थे। पुलिस ने प्रकरण में 32 लाख रुपयों को होल्ड करवाने में भी सफलता हासिल की जबकि 1 करोड़ की रकम को रुकवाने की प्रक्रिया की जा रही है। मुख्य आरोपित दुबई चला गया है। निर्यातक ने 7 राज्यों में 4 बैंकों के करीब 8 खातों में रुपये ट्रांसफर हुआ है। कुछ ऑनलाइन व कुछ चेक के माध्यम से रुपये जमा करवाया था। हालांकि जोधपुर पुलिस ने सभी बैंकों में कॉन्टैक्ट कर इन खातों को फ्रिज करवा दिया है।

# सवारियों से भरी जीप पुलिया में घुसी, महिला की मौत व छह लोग घायल

**सपोटरा/करौली,** (नि.स.)। सवारियां भरकर जा रही एक जीप अनियंत्रित होकर कुडगांव सपोटरा सड़क मार्ग स्थित रत्नापुरा पुलिया में जा घुसी। इससे एक विवाहिता महिला की मौत हो गई वहीं 2 बच्चे सहित छह लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए सपोटरा अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से 2 लोगों को गंभीर अवस्था में रैफर कर दिया।

- तीये की बैठक में शामिल होने जा रहे थे

सपोटरा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को प्रातः चौडक्या कला गांव से कुछ लोग एक जीप में सवार होकर टोडाभीम के पास एक तीये की बैठक में शामिल होने के लिए जा रहे थे जीप जैसे ही कुडगांव सपोटरा सड़क मार्ग स्थित रतनापुरा पुलिया के पास पहुंची तो अनियंत्रित हो गई और पुलिया से जा टकराई। जीप के पुलिया से टकराते ही मौके पर लोगों में चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने सभी घायलों को जीप से बाहर निकालकर सपोटरा अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद रूपबाई बैरवा को मृत घोषित कर दिया जबकि दो बच्चों सहित छह घायलों को इलाज के लिए सपोटरा अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल से 2 लोगों की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें रैफर कर दिया गया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।



हादसे के बाद जीप क्षतिग्रस्त हो गई।

## स्कूल में नया संकाय खोलने की मंजूरी

**सवाई माधोपुर,** (निसं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सवाई माधोपुर यात्रा के दौरान हेलीपैड पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुस्तला की छात्राओं ने मुख्यमंत्री से संवाद स्थापित किया।

इस दौरान छात्राओं ने उनके विद्यालय में कृषि संकाय न होने के कारण छात्राओं के दूर-दराज के अन्य विद्यालयों में प्रवेश लेने तथा रूचि का संकाय न मिलने के कारण अन्य संकाय मजबूरीवश लेने की बात कही।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विद्यालयों में कृषि संकाय को महत्वपूर्ण मानते हुए तत्काल निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर गौरव अग्रवाल को विद्यालय में नवीन कृषि संकाय खोलने के आदेश प्रदान किए।

इस पर तत्काल कार्यवाही कर निदेशक ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुस्तला में कक्षा 11 एवं 12 के लिए सत्र 2022-23 से कृषि संकाय प्रारम्भ करने की स्वीकृति जारी करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक सवाई माधोपुर को निर्देश प्रदान किए।

# बाल कल्याण समिति ने बाल विवाह रूकवाया

**अनूपगढ,** (निसं)। बाल कल्याण समिति के सदस्यों ने स्थानीय प्रशासन को साथ लेकर कस्बे में हो रहे एक बाल विवाह को रूकवाया।

- कनाडा से आया था दूल्हा, स्थानीय प्रशासन ने की कार्रवाई

विवाह में जांच के दौरान युवती नाबालिग पाई गई। जिस पर बाल कल्याण समिति के सदस्यों ने विवाह को रूकवाकर परिजनों को विवाह नहीं करने के लिए पाबंद किया। एएसआई कुलदीप मीणा ने बताया कि उन्हें गश्त के दौरान सूचना मिली थी। इस दौरान बाल कल्याण समिति के सदस्यों के साथ विवाह की जांच कर सही नहीं पाया जाता है, तो रूकवाना हैं। जिस पर बाल कल्याण समिति न्यायपीठ श्रीगंगानगर की सदस्य वंदना गौड़, विपिन सांखला,हेड कांस्टेबल रामअवतार, गिरदावर प्रभूदयाल व पुलिस जाब्ता के साथ मौका मुआयना किया गया।

एएसआई ने बताया कि 25 साल का दूल्हा कनाड़ा से आया था और उनका स्थाई निवास 7 एमडी था। उक्त दल ने जब वर तथा वधू पक्ष से आयु संबंधी दस्तावेज मांगे। जिस पर प्रस्तुत किए गए दस्तावेज में दुल्हन की आयु 17 वर्ष 28 दिन मिली। जिस पर बाल कल्याण समिति की सदस्य वंदना गौड़ ने उक्त लोगों को बाल विवाह अधिनियम 1978 के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बाल विवाह नहीं करने की हिदायत दी। उन्होंनें दोनों पक्षों को कानूनों की जानकारी देते हुए विवाह रूकवा दिया।

## आरती भारत जोडों यात्रा में शामिल हुई

**करौली** (नि.स.)। झालावाड़ से शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा सोमवार को सवाईमाधोपुर के खंडार पहुंची । भारत जोड़ो यात्रा में टोडाभीम कांग्रेस नेत्री आरती मीना राहुल गांधी और सचिन पायलट के साथ ग्रामीण परिधान में चली जो यात्रा में चर्चा का विषय रहा। भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने वाली राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल महासचिव और पूर्व जिला परिषद सदस्य आरती मीना ने राहुल गांधी से चर्चा करते हुए पूर्वी राजस्थान में पानी की भारी कमी के बारे से अवगत करवाया तथा पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना बनवाने एवं सत्ता-संगठन में महिलाओं की भागीदारी की मांग को दोहराया। जिस पर राहुल गांधी नें पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना का मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर उठाने और सत्ता-संगठन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही।

# वाहनों से डीजल चोरी के गिरफ्तार आरोपियों को जेल

**नसीराबाद,** (निसं)। नसीराबाद सदर थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर होटल ढाबों, सड़क किनारे और दिलवाड़ा स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में खड़े भारी वाहनों से डीजल चोरी के गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया।

- पुलिस ने अंतर राज्य चोर गिरोह के 6 सदस्यों को पकड़ा था

मिली जानकारी के अनुसार गत 7 दिसंबर को नसीराबाद निवासी राजकुमार जिंदल सहित अन्य ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष उपस्थित होकर शिकायत दी थी कि नसीराबाद सदर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े भारी वाहनों से अज्ञात चोर गिरोह पिछले काफी समय से डीजल चोरी कर रहा है जिस पर सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केकड़ी घनश्याम शर्मा नसीराबाद पुलिस उप अधीक्षक पूनम बरगढ़ के सुपरविजन में सदर थाना अधिकारी हेमराज सिंह के नेतृत्व में स्पेशल टीम गठित कर पड़ताल शुरू की जिसमें कत 8 दिसंबर को सदर थाना पुलिस ने अंतर राज्य चोर गिरोह के 6 सदस्यों को पकड़ने में सफलता हासिल की थी जिसमें शाहजहांपुर मध्य प्रदेश निवासी नंदकिशोर, वाजिद, जाकिर मोहम्मद, लखन सिंह, शकील रुस्तम को गिरफ्तार कर गत 9 दिसंबर को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया था।

वही गिरफ्तार आरोपियों की रिमांड अवधि आज समाप्त होने पर सभी आरोपियों को आज नसीराबाद न्यायालय में पेश किया जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। सदर थाना में सदर थाना पुलिस की विशेष टीम में संजीव कुमार, बचराज श्री राम, रवि जतन मुकेश, सुरेश, कालूराम, प्रवीण आदि शामिल रहे।

## सिलेंडर फटने से हड़कम्प मचा

**बीकानेर,**(कासं)। श्रीडूंगरगढ़ के बिग्गा में एक चाय-नाश्ते की दुकान पर सिलेंडर फटने से हड़कम्प मच गया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई बल्कि दुकान का सामान जलकर राख हो गया। श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के गांव बिग्गा में रात ये हादसा हुआ। बिग्गा गांव के बस स्टैंड पर कानाराम तावनियां ने चाय-नाश्ते, जनरल आइटम की दुकान कर रखी है। देर रात करीब 12 बजे दुकान आग की चपेट में आई। इस दौरान दुकान में रखा सिलेंडर भी आग की चपेट में आ गया। थोड़ी देर बाद सिलेंडर गर्म होकर फट गया और तेज धमाके की आवाज पूरे गांव में सुनाई दी। दुकान में पड़ा समस्त सामान भी जल कर राख हो गया। आग विकराल हुई तो श्रीडूंगरगढ़ से फायर बिग्रेड भी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। सिलेंडर में विस्फोट से पूरी दुकान के परखच्चे उड़ा दिए। दुकान में रखा काफी सामान खराब हो गया। ग्राहकों के लिए नाश्ते के सामान के साथ ही फर्नीचर आदि भी रखा हुआ था, जो जलकर राख हो गया। इसके अलावा सामान रखने के लिए बने कुछ बॉक्स भी जल गए।

# चालक को नींद की झपकी आने से ट्रक भिड़े, एक घायल

**बीकानेर,**(कासं)। लूणकरनसर थाना इलाके में बीकानेर-श्रीगंगानगर नेशनल हाईवे पर दो ट्रकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। इसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस गश्ती दल के अनुसार एक ट्रक बीकानेर की तरफ जा रहा था और दूसरा ट्रक लूणकरनसर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान लूणकरनसर से करीब 31 किलोमीटर दूर बामनवाली के पास शिव धोरा के सामने दोनों ट्रकों की भिड़ंत हो गई।

गनीमत रही बड़ा हादसा होने से टल गया। बीकानेर की तरफ से आ रहे ट्रक चालक को नींद की झपकी आने के कारण सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ गया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम के एएसआई बजरंग लाल, कांस्टेबल ओम चाहर व चालक हजारी सिंह ने आसपास के लोगों की मदद से बीकानेर की तरफ से जा रहे ट्रक ड्राइवर को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। पुलिस ने निजी वाहन से बीकानेर पीबीएम अस्पताल पहुंचाया। जबकि दूसरे ट्रक का ड्राइवर सही सलामत रहा और वो मौके से फरार हो गया। नेशनल हाईवे पर ये टोल रोड है। जहां टोल कंपनी की ओर से सुरक्षा प्रबंध उपलब्ध कराये जाते हैं। एक एम्बुलेंस भी होती है, लेकिन यहां मौके पर एम्बुलेंस नहीं पहुंची। टोल के नंबर पर लोगों ने कॉल भी किए लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। अंत में पुलिस ने एक निजी वाहन की मदद से घायलों को बीकानेर अस्पताल पहुंचाया। नेशनल हाईवे पर दुर्घटना के बाद एम्बुलेंस तैनात न होने के यह तो एक उदाहरण हैं ऐसा आये दिन हो रहा है। इंडियन रोड कांग्रेस की गाइड लाइन के अनुसार 50 किमी की दूरी पर एक एम्बुलेंस होनी चाहिए। शहरी क्षेत्र में अनिवार्य रूप से एम्बुलेंस तैनात होनी चाहिए जिससे अगर कोई दुर्घटना होती है तो गोल्डन ओवर में उपचार मिल सके। इससे घायलों की जान बचाई जा सकती है। क्षेत्र के लोग अब टोल कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। नोखा गांव देसलसर पुरोहितान के पास एनएच 754 पर भारतमाला रोड़ धंसने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल का इलाज बीकानेर पीबीएम अस्पताल में चल रहा है।

## 12 फीट लम्बे अजगर का रेस्क्यू किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाडा-उदयपुर रोड पर मुजरास टोल नाके के निकट फार्म हाउस से दो अजगर होने की सूचना मिली, जहां से रेस्क्यू टीम ने 12 फीट लम्बे अजगर का रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर छोडा, जबकि दूसरा अजगर चट्टानों के बीच छिप गया जो पकड़ा नहीं जा सका। जानकारी के अनुसार मोहन मंगरी स्थित देबीलाल गुर्जर के फार्म हाउस पर दो अजगर देखे जाने की सूचना मिलने पर वन्य जीव रक्षक कुलदीप सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां करीब 12-13 फिट के लम्बे अजगर को तो उन्होंने सुरक्षित पकड लिया जबकि एक अन्य अजगर चट्टानों में छिप गया।

## अवैध गैस रिफिलिंग पर कार्रवाई

**बीकानेर,**(कासं)। अवैध गैस रिफिलिंग रोकथाम के लिए गठित दल ने सोमवार को निरीक्षण में हनुमान हत्था स्थित एक दुकान पर छापे की कार्रवाई में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करते एक व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई कर संबंधित उपकरण जब्त किए।

# नाबालिग से रेप की कोशिश

**अनूपगढ,** (निसं)। थाना क्षेत्र के एक निकटवर्ती गांव में 14 साल की एक नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया। जिसका मामला पीडित बालिका के पिता के द्वारा अनूपगढ़ पुलिस थाने में दर्ज करवाया गया था।

- पानी पीने के बहाने घर में घुसा था युवक
- शोर मचाने पर मौके से हुआ फरार,पुलिस ने किया गिरफ्तार

मामले की गम्भीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस द्वारा टीम का गठन कर आरोपी युवक की तलाश की जा रही थी। आखिरकार रविवार देर शाम को स्थानीय पुलिस को इस मामले में सफलता मिली और पुलिस ने आरोपी सोमवीर(19) पुत्र सोहनलाल को पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किया गया युवक सोमवीर नाई की एक दुकान पर काम करता है।

थाना अधिकारी फूलचंद शर्मा ने बताया कि इस मामले में बालिका के पिता ने मामला दर्ज करवाया था। उन्होंने बताया कि मामले के अनुसार नाबालिग बालिका की दादी घटना के समय बाजार से सामान लेने गई हुई थी और बालिका के माता-पिता ईंट भट्टे पर मजदूरी करने के लिए गए हुए थे। ऐसे में बालिका घर पर अकेली थी और आरोपी सोमवीर पानी पीने के बहाने उसके घर आया और बालिका से पानी मांगा। बालिका ने उसे पानी दिया तो आरोपी ने उसका हाथ पकड़ लिया और दुष्कर्म का प्रयास किया। बालिका के द्वारा शोर मचाने पर वहां ग्रामीण आ गए ग्रामीणों को देखकर आरोपी सोमवीर मौके से फरार हो गया। बालिका ने इसकी जानकारी अपने माता पिता को दी। बालिका के पिता के द्वारा अनूपगढ़ पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थानाधिकारी पूजा शर्मा ने बताया कि दर्ज मामले के अनुसार टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। थाना अधिकारी ने बताया कि आरोपी एक दुकान पर कटिंग का काम कर रहा था जिसे सूचना मिलने पर पुलिस ने सोमबीर को धर दबोचा। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस के द्वारा आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

# नाकाबंदी में लापरवाही बरतने पर पांच पुलिसकर्मी सस्पेंड

**हनुमानगढ़,** (कासं)। धान मंडी में व्यापारी इंद्र कुमार हिसारिया की दुकान पर फायरिंग करने पर नाकाबंदी के दौरान लापरवाही बरतने और अपराधियों के संबंध में गलत सूचना देने पर 5 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया है।

- नाकाबंदी के दौरान लापरवाही बरतने और अपराधियों के संबंध में गलत सूचना देने पर की कार्रवाई

वारदात के तुरंत बाद नाकाबंदी के निर्देश के बावजूद लापरवाही बरतने पर एसपी डॉक्टर अजय सिंह ने पीलीबंगा थाने के एएसआई राधेश्याम, कांस्टेबल राजेश, ड्राइवर धीर सिंह को सस्पेंड किया है। पीलीबंगा थानाधिकारी विजय मीणा पर भी लापरवाही के चलते विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। वहीं संगरिया थाना के एएसआई दौलतराम पर भी गलत वीडियो भेजने के चलते विभागीय जांच बैठाई गई है।

बदमाशों ने दहशत फैलाने के लिए हनुमानगढ़ की धान मंडी में व्यापारी की दुकान पर अंधाधुंध फायरिंग की थी। वे व्यापारी से लॉरेंस गैंग के नाम पर 2 करोड़ रूपए की फिरौती वसूलने के लिए दबाव बनाना चाहते थे। तय हुआ था कि फिरौती की रकम वसूली के बाद 10-10 लाख रूपए बदमाशों को मिलेंगे। पुलिस ने 2 आरोपियों को बीकानेर और 1 आरोपी को जयपुर से दबोच लिया है। एसपी डॉ. अजय सिंह ने बताया कि हनुमानगढ़ जंक्शन के व्यापारी इंद्र कुमार हिसारिया की धान मंडी स्थित दुकान पर शनिवार सुबह हुई अंधाधुंध फायरिंग के मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें जाकिर और युद्धवीर को बीकानेर जिले से और मयंकदीप को जयपुर से गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों से लॉरेंस गैंग की भूमिका के बारे में पूछताछ की जा रही है। एसपी ने कहा कि प्रारंभिक जांच में फिरौती के लिए दहशत फैलाने के लिए फायरिंग करने की बात सामने आ रही है।

उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 12 टीमों का गठन किया गया था। इसमें हनुमानगढ़ पुलिस के साथ ही जयपुर कमिश्नरेट पुलिस और बीकानेर पुलिस की भी विशेष भूमिका रही। घटना के वीडियो और आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की गई। वारदात के बाद आरोपी पकड़ में नहीं आये। इसलिए अलग-अलग जगह भाग गए। घटना की जिम्मेदारी लेने वाले रितिक बॉक्सर जमानत पर चल रहा है। एसपी ने बताया कि सोशल मीडिया पर घटना की जिम्मेदारी लेने वाले रितिक बॉक्सर ने पिछले साल व्यापारी इन्द्र हिसारिया को उसके मुनीम के फोन पर जान से मारने की धमकी देकर लॉरेंस गैंग के नाम पर दो करोड़ रूपए की फिरौती मांगी गई थी। इस संबंध में 26 जनवरी 2021 को जंक्शन थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था।

# यूरिया खाद लेने के लिए कृषि क्रय-विक्रय सोसायटी पर किसानों की भीड़ लगी

## पूरे दिन भूखे-प्यासे यूरिया खाद के लिए कतार में लगे दिखे किसान

**रेवदर,** (निसं)। रेवदर यूरिया खाद लेने के लिए किसानों ने सोमवार को कृषि क्रय विक्रय सोसायटी पर सुबह से किसानों की भीड़ उमड़ने लगी व कुछ ही समय में सैकड़ो की संख्या में किसानों का जमावड़ा लग गया।

किसानों के द्वारा पूरे दिन भूखे-प्यासे यूरिया खाद के लिए कतार में लगे दिखे। एक बार तो देखते ही लगता था कि भले ही कितनी भी तकलीफ क्यो न सहनी पड़े पर यूरिया खाद लेकर ही जायेंगे पर शाम तक जिनको भी यूरिया खाद मिला वे भी संतुष्ट नही दिखे आखिर यूरिया खाद वितरण को लेकर जानकारी के अनुसार एक किसान को दो कट्टे का वितरण किया जा रहा था। पर किसानों का कहना है कि सीजन की फसल को लेकर अन्य यूरिया के कट्टो के लिए अन्य कृषि विक्रेता के दुकानों पर जाकर दुगने दामो में यूरिया खाद खरीदने को मजबूर होना पड़ेगा।



रेवदर में यूरिया खाद लेने के लिए किसानों की लम्बी कतार देखने को मिली। फोटोः-राष्ट्रूत

आखिर कृषि सहकारी समिति के जिम्मेदार भी प्रयासरत है पर आखिर इस समस्या से समाधान कब होगा यह तो कहना मुश्किल है पर पिछले महीने भर से यूरिया के लिए किसानों को दाम चुकाने के बावजूद भी यूरिया नही मिल रहा है। समय पर यूरिया आवंटन नही होने से स्थानीय किसानों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड रहा है। कई किसानों के फसल में दूसरी बार पानी की पाण आ जाने के कारण किसान बाजार से दुगने भाव में यूरिया और खाद बीज खरीदने पर मजबूर है। आम कृषक गरीबी के इस दौर में पहले ही महंगाई से दबा हुआ है ऊपर से उसे काला बाजारी में खाद बीज और यूरिया खरीदना पड़ रहा है। यूरिया की ब्लैक मार्केटिंग को लेकरजानकारी जुटाने पर कुछ खाद बीज के विक्रेताओं के द्वारा समीपवर्ति गुजरात अमीरगढ़ से अंदरूनी ग्रामीण रास्तों से गुड्स वाहनों के द्वारा यूरिया की खरीद कर दिन के अवैध तरीके से खाद का स्टॉक कर दुगने दामो में बेचने की जानकारी सामने आ रही है।

## संक्षिप्त

### कार्यकारिणी घोषित

बौंली, (निसं)। क्षेत्र के निवाई रोड स्थित भोमिया जी की छतरी बौंली पर राजपूत अधिकारी कर्मचारी संघ जिला सवाई माधोपुर की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी को निर्विरोध घोषित किया गया। बैठक राजपूत अधिकारी कर्मचारी संघ के जिला सवाई माधोपुर संरक्षक राम सिंह राजावत की अध्यक्षता में एवं जिला संयोजक भूपेंद्र सिंह जादौन की देखरेख में आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से मदन सिंह राजावत को जिला सवाई माधोपुर का कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया एवं हरि सिंह राजावत, महावीर सिंह नाथावत देवराज सिंह राजावत, को उपाध्यक्ष एवं राजवीर सिंह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान सदस्यों ने राजपूत समाज बौंली के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राजावत का भी स्वागत किया।

### दुष्कर्म का इनामी आरोपी पकड़ा

खैरथल, (निसं)। खैरथल थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की को लेजाकर शादी करने व दुष्कर्म करने के आरोपी को साइबर सेल भिवाड़ी की मदद से गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी भगवान सहाय शर्मा ने बताया कि खैरथल थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि गांव बाम्बोली निवासी पूरन पुत्र बिज्जन जाट उसकी नाबालिग बेटी को साथ लेजाकर शादी की व छेड़छाड़ और दुष्कर्म किया। इस प्रकरण में अनुसंधान प्रारंभ किया गया।तब से ही वह फरार रहने पर भिवाड़ी पुलिस जिला अधीक्षक द्वारा उस पर दो हजार रुपए का इनाम घोषित किया।

### नरेंद्र की रचना सम्मानित होगी

बहरोड़/ मुंडावर। (निसं)। मुंडावर कस्बे के नजदीकी ग्राम पदमाड़ा खुर्द निवासी नरेंद्र की रचना को मीन सोशल मीडिया मंच के साहित्य, संस्कृति एवं कला रक्षक मंच द्वारा राष्ट्रीय साहित्य सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। गौरतलब है कि नरेंद्र शास्त्री द्वारा व्यंगात्मक निबंध रचना मोक्षदायिनी गंगा का आंचल मैला लिखा गया था जिसको मीन साहित्य, संस्कृति व कला रक्षक मंच द्वारा वर्ष 2022 का राष्ट्रीय साहित्य सम्मान प्रदान कर कवि, लेखकों व समीक्षकों से उनकी रचनाएं आमंत्रित करने के क्रम में पदमाड़ा खुर्द के नरेंद्र शास्त्री की उक्त रचना को चयनित किया गया था।

# किसानों ने प्रदर्शन कर दिन में बिजली देने की मांग की



ग्रामीणों ने हरभावता जीएसएस पर करीब 1 घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया।

निवाई, (निसं)। गांवों में दिन के बजाय रात में बिजली देने से आक्रोशित ग्रामीणों ने हरभावता जीएसएस पर सोमवार को करीब 1 घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया।

किसान केदार गुर्जर एवं राधाकिशन थूनी ने बताया कि गांव लुहारा, अजीतपुरा, भुरटिया, राधागोविंदपुरा, भगतरामपुरा, हरभावता के किसानों को थ्री फेस बिजली रात्रि को दी जा रही है। जिससे किसान काफी परेशान हैं उन्होंने बताया कि रात्रि के समय बिजली दिए जाने से

- कडाके की ठंड में रात भर जागकर फसलों को पानी पिलाना पड़ रहा है

मजबूरन रात्रि में फसलों को पानी पिलाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि, सरसों की फसल बडी हो गई है जिससे रात्रि के समय किसानों को पानी दिखाई नहीं देता है इसके साथ ही रात्रि के समय इस कडाके की ठंड में रात भर जागकर फसलों को पानी पिलाना पड रहा है किसानों ने बताया कि रात्रि के समय जंगली जानवरों का भय भी बना रहता है जिससे उनकी जान को भी खतरा बना हुआ है। सोमवार को अजीतपुरा, लुहारा, भुरटिया, हरभावता, राधा गोविंदपुरा एवं भगत रामपुरा के ग्रामीणों ने हरभावता जीएसएस पर करीब 1 घंटे तक उक्त मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों को विरोध को देखते हुए हरभावता फीडर के कार्मिकों ने सहायक अभियंता रणवीर सिंह को फोन पर प्रदर्शन की जानकारी दी। जिस पर सहायक अभियंता ने दूरभाष पर ही ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल से बात करके जल्द ही समस्या के निदान का आश्वासन दिया। प्रदर्शनकारियों में केदार गुर्जर, देवराज गुर्जर, गंगाधर बैरवा, रामचंद्र शर्मा, शंकरलाल, राजेश, भंवरलाल गुर्जर, देवनारायण, सांवरमल थूनी, महेंद्र, बुधराम गुर्जर, राकेश, जगदीश लोधा एवं धर्मरज सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने को लेकर बैठक

चौंमू/कालाडेरा, (निसं)। भारत जोडो यात्रा में शामिल होने को लेकर सोमवार को जयपुर जिला देहात उत्तर के कार्यकर्ताओं की मीटिंग प्राइड होटल एंड रेस्टोरेंट कालाडेरा में जयपुर जिला देहात कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष लल्लूराम सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

सैनी ने कहा कि, जयपुर देहात उत्तर के एक हजार कार्यकर्ता सेवा दल की वर्दी में राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में दौसा में शामिल होंगे। जयपुर देहात के जिला प्रभारी गौरी शंकर सैनी ने कहा कि, जयपुर ग्रामीण सदैव ही अच्छा प्रदर्शन करती आ रही है भारत जोड़ो यात्रा में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कालाडेरा कांग्रेस के अध्यक्ष भगवान सहाय शर्मा ने कहा कि, सेवादल कार्यकर्ता का पूरा मान सम्मान का ध्यान रखा जाएगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव दौलत सिंह मीणा नगर पालिका चौंमू के पार्षद अशोक रछोया, पंचायत समिति सदस्य हनुमान सहाय कुमावत, यंग बिग्रेड के प्रदेश सचिव सांवरमल सैनी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुरलीधर यादव, भोला राम मीणा, अर्जुन यादव, आमेर विधानसभा के अध्यक्ष रामचन्द्र यादव, शाहपुरा के बनवारीलाल मारवाल आदि ने संबोधित किया।

## सार-समाचार

### समाजसेवी आर्य का निधन



राजगढ़, (निसं)। सेवा एवं समर्पण भाव से पीड़ित मानवता की सेवा के लिए सदैव तैयार रहने वाले कुलदीप सिंह आर्य का सोमवार को निधन हो गया। वह करीब 60 वर्ष के थे। उनके निधन की सूचना से सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ इष्ट मित्रों में शोक की लहर दौड़ गई। समय की पाबंदी एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग एवं संयमित जीवन यापन कर रहे आर्य की सेवा भावना का हर कोई कायल रहा। सोमवार प्रात: हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया। विगत कुछ वर्षों में पत्नी एवं माता के निधन के बाद कुलदीप सिंह आर्य ने वृद्ध पिता सेवानिवृत्त शिक्षक गोपाल सिंह की सेवा सुश्रुषा कर खालीपन महसूस नहीं होने दिया। मगर आर्य के निधन के बाद वृद्ध पिता पर विपत्तियों का पहाड़ टूट गया। आर्य करीब 15 वर्षों से सैकड़ों निर्धन महिलाओं को राशन किट वितरण कर राजगढ़ी नहीं आसपास के क्षेत्रों में भी अनूठी पहचान रखते थे।

### दिनदहाड़े महिला के गले से चेन तोड़ी

सांभरझील, (निसं)। यहां राजपथ स्थित खुद के घर के चबूतरे पर धूप सेक रही एक बुजुर्ग महिला के गले से अज्ञात बदमाश सोमवार को दोपहर करीब 3 बजे के आसपास सोने की चेन तोड़कर भाग गए। महिला कुछ समझ पाती इससे पहले ही बदमाश मोटरसाइकिल पर बैठकर पुरानी कोतवाली की तरफ होते फरार हो गए। महिला के शोर मचाने पर आसपास के काफी लोग एकत्र हो गए। दिनदहाड़े हुई इस घटना से मौहल्ले में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर हेड कांस्टेबल जितेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंच जानकारी जुटाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना की शिकार सावित्री देवी जोशी ( 75 ) रोजाना की तरह चबूतरे पर बैठी थी कि अचानक बाइक पर सवार दो युवक आए और बाइक को रोककर उसमें से एक युवक उनके पास आया वह कुछ समझ पाती इससे पहले ही बदमाश ने उसके गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन तोड़ ली और बाइक पर बैठकर रफूचक्कर हो गए।

### न्यायिक कर्मचारियों का बहिष्कार जारी

श्रीमाधोपुर, (निसं)। न्यायिक कर्मचारी सुभाष मेहरा की 10 नवंबर को हुई संदिग्ध मौत के मामले में अब तक कोई कार्यवाही नहीं होने पर श्रीमाधोपुर कोर्ट परिसर में न्यायिक कर्मचारियों का सामूहिक कार्य बहिष्कार सोमवार को 13 वें दिन भी जारी रहा। राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रदेश प्रतिनिधि कैलाश चंद सामोता ने बताया कि उनकी मांगों में सुभाष मेहरा की एफआईआर दर्ज हो ,सीबीआई से मामले की निष्पक्ष जांच हो, पीड़ित परिवार को मुआवजा और सरकारी नौकरी दी जाए सहित 6 सूत्रीय मांगे हैं ,जिनके पूरा नहीं होने तक न्यायिक कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा। सामोता के अनुसार यद्यिप एफआईआर दर्ज कर ली गई है परंतु अन्य मांगों तथा कार्य बहिष्कार के बारे में विचार विमर्श करने के लिए मंगलवार को जयपुर में प्रदेश कार्यकारिणी तथा जिलाध्यक्ष और मंत्रीगण की आवश्यक बैठक होगी जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।

### 'शिक्षा से ही विकास संभव'

निवाई, (निसं)। राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय करीरिया में सोमवार को राज्य सरकार द्वारा निशुल्क यूनिफॉर्म वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि संत कर्मानंद गिरी महाराज के परम शिष्य बृजानंद गिरी, अध्यक्षता कर रहे एसडीएमसी अध्यक्ष राजेंद्रकुमार बैरवा एवं कार्यवाहक संस्था प्रधान श्रीराम बैरवा द्वारा कक्षा आठवीं तक के 70 छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क यूनिफॉर्म का वितरण करके किया। यूनिफॉर्म पाकर सभी छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड गई। मुख्य अतिथि संत बृजानंदगरी महाराज ने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं अच्छी शिक्षा प्राप्त करके अपने गुरुजनों एवं परिजनों का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही हर क्षेत्र में विकास संभव है। एसडीएमसी अध्यक्ष राजेंद्रकुमार बैरवा ने सभी छात्र छात्राओं को राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना एवं मुख्यमंत्री निशुल्क यूनिफॉर्म वितरण योजना सहित कई जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यवाहक संस्था प्रधान श्रीराम बैरवा, बनवारीलाल शर्मा, भंवरलाल शर्मा, सुगना खींची, लाड बाई मीणा एवं मुकेश कुमार सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### डीएलबी के उपनिदेशक ने नरेगा कार्य का निरीक्षण किया

लालसोट, (निसं)। डीएलबी के जयपुर संभाग के क्षेत्रीय उपनिदेशक प्रवीण कुमार द्वारा लालसोट नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे शहरी रोजगार गारंटी योजना के कार्य एवं इंदिरा रसोई का औचक निरीक्षण किया गया। क्षेत्रीय उपनिदेशक द्वारा नगर पालिका के वार्ड नंबर बीस सेडुलाई कॉलोनी में इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत चल रहे तलाई की खुदाई मेड बनाने का कार्य, पेड़ लगाने व सफाई एवं इत्यादि कार्य एवं नगर पालिका द्वारा संचालित किए जा रहे हैं रेन बसेरा का जायजा लिया गया। वहीं उपनिदेशक द्वारा औचक निरीक्षण कर इंदिरा रसोई पहुंच रसोई में लाभार्थियों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की गई। उपदेशक द्वारा इंदिरा रसोई में बनाए गए भोजन को बैठकर तथा एवं वहां मौजूद अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी को इंदिरा रसोई में बनने वाले भोजन की गुणवत्ता को बरकरार रखने एवं राज्य सरकार द्वारा तय आहार के अनुसार इन्दिरा रसोई में भोजन बनाने एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। इस दौरान नगरपालिका चेयरमैन रक्षा मिश्र एवं पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र राजस्व निरीक्षक संतोष मीणा कनिष्ठ अभियंता बसराम मीणा उल्लास अग्रवाल दीपक प्रधान आदि नगरपालिका कार्मिक भी मौजूद रहे।

### मंजू शहर अध्यक्ष मनोनीत

दौसा, (निसं) । महिला कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष रुकमणी गुप्ता ने पार्षद मंजू सीताराम मीणा को महिला शहर कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष मनोनीत किया है। इधर पार्षद मंजू सीताराम मीणा को शहर अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर महिला कांग्रेस ने राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा एवं जिला अध्यक्ष रुकमणी गुप्ता का आभार जताया है।

## पार्षद ने कमिश्नर के दफ्तर के बाहर कचरा डाला

अलवर, (निसं)। अलवर नगर परिषद के वार्ड 61 से पार्षद सतीश यादव ने सोमवार को कॉलोनी का कचरा लेकर कमिश्नर के दफ्तर के बाहर डाल दिया। पार्षद ने किराए पर ऑटो लेकर कॉलोनी का कचरा भरा, जिसे नगर परिषद कार्यालय के बाहर लाकर पटक दिया। इसके बाद नगर परिषद कमिश्नर पर सुनवाई नहीं करने के आरोप भी लगाए।

पार्षद सतीश यादव ने कहा कि उनके वार्ड 61 में पिछले 15 दिन से घर-घर कचरा नहीं उठा रहा है। जिसकी नगर परिषद कमिश्नर को शिकायत दी। वार्डवासी गंदगी होने पर पार्षद को फोन करते हैं। आमजन की शिकायत के ऑडियो भी अफसरों को भेजे गए। ताकि उनको असलियत का पता चल सके। पिछले 3 साल से कचरा संग्रहण समय पर नहीं होने की शिकायत करते रहे हैं। जबसे शहर में वार्ड संख्या बढाकर 65 की है। तब से कचरा संग्रहण ही समस्या और बढ गई है। पार्षद ने कहा कि किराए पर रिक्शा लिया है। आसपास के घरों से कुछ कचरा एकत्रित किया है। वही कचरा नगर परिषद के कार्यालय के बाहर लाकर पटका है। ताकि अफसरों की

- पार्षद सतीश यादव ने बताया कि उनके वार्ड 61 में 15 दिन से घर-घर कचरा नहीं उठ रहा
- नगर परिषद कमिश्नर पर सुनवाई नहीं करने के आरोप भी लगाए

नींद खुले। असल में नगर परिषद का एक ही प्रमुख काम है कि शहर साफ रहे। घर-घर कचरा संग्रहण हो। लेकिन वार्ड 61 में कचरा संग्रहण बंद कर दिया। इस कारण मजबूरी में ऐसा करना पडा है।

नगर परिषद के मुख्य गेट के बाहर कचरा पटका तो आसपास के लोग वहां आ गए। हर कोई यह देख हैरान रह गया। लेकिन बाद में पार्षद ने आमजन को भीबताया कि नगर परिषद कचरा संग्रहण नहीं करा पा रही। इस कारण यहां अफसरों को अवगत कराया है।

फोन पर शिकायत करने के बाद सुनवाई नहीं कर रहे थे।

# विद्यालय को कम्प्यूटर सेट भेंट किया



भामाशाह दिनेश कुमार अग्रवाल ने रा. उच्च मा. विद्यालय भोजपुर को एक कंप्यूटर सेट भेंट किया।

श्रीमाधोपुर, (निसं)। भामाशाह मुंबई प्रवासी भोजपुर (खंडेला) के मूल निवासी दिनेश कुमार अग्रवाल ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भोजपुर को एक कंप्यूटर सेट भेंट किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा नव पदोन्नत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गिरधारी लाल शर्मा एवं भामाशाह दिनेश कुमार अग्रवाल का शॉल, साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं को लक्ष्य बनाकर नियमित अध्ययन द्वारा आगे बढ़ने एवं सफल सुनागरिक बनकर समाज एवं राष्ट्र की सेवा हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर भामाशाह प्रेरक शंकर लालकटारिया , शंकर लाल पटेल ,बोदूराम कटारिया,वार्ड पंच सुभाष चंद्र कटारिया, मथुरा प्रसाद अग्रवाल, ललित अग्रवाल भोलाराम, बनवारी लाल वर्मा सहित अनेक ग्रामीणजन,अभिभावक, जनप्रतिनिधि ,विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य रामजी लाल शर्मा ने सभी भामाशाह एवं ग्रामीण जनों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया। कार्यक्रम मंच संचालन मोहनलाल जाट व्याख्याता ने किया।

# जनाक्रोश यात्रा का लोगों ने स्वागत किया

- पूर्व विधायक रामहेत यादव ने कांग्रेस सरकार को जनविरोधी बताया
- '4 साल में सरकार ने ना तो किसानों का संपूर्ण कर्जा माफ किया है और ना नौकरी दी और ना ही बेरोजगार भत्ता'

किशनगढ़ बास, (निसं)। राजस्थान की कांग्रेस सरकार के कुशासन के खिलाफ भाजपा की जनाक्रोश यात्रा को लेकर चल रहे पूर्व विधायक रामहेत यादव नगर पालिका चेयरमैन तारामणि सतीश सिंघल के वार्ड में पहुंचे तो लोगों ने ढोल नगाड़ों के साथ यात्रा का स्वागत किया।

इस दौरान पूर्व विधायक ने वार्ड के लोगों को संबोधित किया और कहा सरकार और विधायक की जनविरोधी नीतियों के कारण आज हर वर्ग में गुस्सा है। कानून नाम की कोई व्यवस्था नहीं है महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। किसानों से कहा संपूर्ण कर्जा माफ करेंगे नौजवान बेरोजगारों को कहा रोजगार देंगे नौकरी नहीं लगने पर बेरोजगारी भत्ता देंगे। 4 साल में सरकार ने ना तो किसानों का संपूर्ण कर्जा माफ किया है और ना नौकरी दी और ना ही बेरोजगार भत्ता। किशनगढ़ बास में जब आरटीआई लगाकर पूछा तो चौंकाने वाली बात यह सामने आई की किसी ने बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन ही नहीं किया। आज हालात यह है किसानों को यूरिया खाद नहीं मिल रहा है। यात्रा के दौरान प्रभारी यादराम प्रवासी सुनीता सैनी लक्ष्मी जाटव अभिभाषक संघ अध्यक्ष अमित गौड़ वाइस चेयरमैन साक्षी वशिष्ठ भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश कांत वशिष्ट राजेश बटवाड़ा सतीश सिंघल मधु गांधी व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी दीपचंद यादव संजय सिंघल प्रदीप संगवैया मनोज मित्तल शिव हरि गुर्जर सहित पार्षद गण मौजूद रहे।

## भागवत कथा की कलश यात्रा निकाली

निवाई, (निसं)। गांव बस्सी में ग्रामीणों की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन को लेकर सोमवार को लक्ष्मी नाथ मंदिर से धूमधाम से कलशयात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने भगवान लक्ष्मीनाथ मंदिर में कलशों की पूजा की। तत्पश्चात लक्ष्मी नाथ मंदिर से बैडबाजे के साथ कलश यात्रा रवाना हुई। कलश यात्रा में महिलाएं नृत्य करती हुए चल रही थी। ग्रामीणों ने कलश यात्रा जगह-जगह स्वागत किया। कलश यात्रा गांव के मुख्य रास्तों से होकर तेजाजी मंदिर पहुंची जहां कलशों की आरती की गई। इस अवसर पर सियाराम प्रजापत, सीताराम प्रजापत, मांगीलाल प्रजापत, कल्याण गुर्जर, हनुमान हरसाना, मोती गुर्जर, गोपाल प्रजापत, सत्यनारायण प्रजापत, नरेंद्रसिंह सोलंकी, कुंजबिहारी, गोपाल स्वामी, शोभाराम, रामेश्वर सहित कई श्रद्धालु मोजूद थे।

# जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

श्रीमाधोपुर, (निसं)। थानाधिकारी श्रीमाधोपुर प्रकाश सिंह राठौड़ के अनुसार स्थानीय पुलिस ने जिला पुलिस अधीक्षक कुंवर राष्ट्रदीप के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमकाथाना रतन लाल भार्गव व रींगस वृताधिकारी विजय सिंह के निर्देशन में जानलेवा हमला करने के वांछित आरोपी कैलाश चंद्र पुत्र गोवर्धन लाल ब्राह्मण 36 वर्ष निवासी अमरपुरा थाना सामोद जिला जयपुर को रविवार को गिरफ्तार किया है, जिसे अब न्यायालय में पेश किया जाएगा।

थानाधिकारी राठौड़ के अनुसार गत 24 जुलाई को छीतरमल पुत्र रामचंद्र यादव निवासी कोलवा ने एक रिपोर्ट दर्ज कराते कहा था कि 22 जुलाई को प्रात: 6:30 बजे वह अपने घर के अंदर पत्नी संतोष देवी, पुत्र राकेश कुमार, पुत्री सुशीला के साथ कमरे के अंदर चाय पी रहे थे तभी अचानक से सागरमल पुत्र साधु राम उसका पुत्र रोशन, मोहन, पुत्री पूजा व पत्नी श्रवणी ,उसका साला बाबूलाल डाबड निवासी अमरपुरा तहसील शाहपुरा व बाबूलाल के साथ 7- 8 अन्य लोगों ने मेरे घर के अंदर कमरे में घुसकर योजनाबद्ध तरीके से अचानक से हमला कर दिया जिससे उस स्वय व पुत्र राकेश को जान से मारने की नियत से दोनों ने सिर पर वार किए जिससे उसके दोनों हाथ टूट गए व सिर में गंभीर चोट आई व मेरे पुत्र के भी सिर व हाथ में तथा सुशीला व संतोष को भी आंतरिक गंभीर चोटें आई साथ ही पत्नी संतोष उर्फ संती के साथ रोशन व बाबूलाल ने अश्लील हरकतें की है।

# 'सौंदर्यीकरण को लेकर पालिका विभिन्न स्तरों पर कार्य कर रही है'



लालसोट नगरपालिका क्षेत्र स्थित हाईवे पर सौंदर्यीकरण की सोच को लेकर पालिका चेयरमैन रक्षा मिश्र ने पौधारोपण किया।

लालसोट, (निसं)। नगर पालिका क्षेत्र लालसोट को स्वच्छता की परिकल्पना को और ज्यादा साकार करने एवं गंदगी मुक्त वातावरण एवं स्वच्छ प्राणवायु उपलब्ध हो इस सोच को लेकर नगर पालिका के चेयरमैन रक्षा मिश्र एवं प्रदेश स्वायत शासन संस्था के उपाध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य दिनेश मिश्र द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

इस दौरान पालिका चेयरमैन एवं पीसीसी सदस्य मिश्र ने साझा तौर पर कहा कि, नगरपालिका के सौंदर्यीकरण को लेकर पालिका प्रशासन विभिन्न स्तरों पर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि अंधाधुंध होती पेड़ों की कटाई के चलते हुए क्षेत्र घट रहा है एवं शुद्ध ऑक्सीजन का अभाव होने के साथ वायुमंडल में प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। वृक्षारोपण कार्यक्रम के मौके पर उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति एक पौधा जरूर लगाना चाहिए ताकि कटे हुए वृक्षों की पूर्ति नए वृक्ष लगाकर तेजी से की जा सके। उन्होंने इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान लगाए जा रहे पौधों की व्यक्तिगत देखभाल करने एवं उनको जानवरों आदि से होने वाले संभावित नुकसान से भी दूर रखने के साथ व्यक्ति को वृक्ष एवं पर्यावरण मित्र बनने के लिए प्रयास करने हेतु प्रेरित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका के कर्मचारी अधिकारी सहित अन्य शहरवासी मौजूद रहे।

## हाई वोल्टेज आने से उपकरण जले

निवाई, (निसं)। गांव कांटोली में विद्युत ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी के कारण हाई वोल्टेज से घरों में लगे विद्युत उपकरण जल गए। जिससे उपभोक्ताओं को लाखों रूपये का नुकसान हो गया है।

पीडित कांटोली निवासी गलोल देवी गुर्जर, गोविन्दनारायण मीणा, रामकिशन गुर्जर, रामस्वरूप गुर्जर, नादान गुर्जर, कैलाश मीणा, रतन मीणा व संत श्रीराम महाराज ने बताया कि सोमवार की दोपहर तीन बजे अचानक 11 हजार केवी विद्युत करंट से सात घरों के पंखें, फ्रीज, आटा चक्की, बल्ब सहित अन्य विद्युत उपकरण में स्पार्किंग होने के साथ जल गए।

इस दौरान घर में बंद पडे विद्युत उपकरण भी हाई वोल्टेज आने के कारण जल गए। ग्रामीणों ने बताया कि घटना के दौरान घरों में लोग मौजूद नहीं होने के कारण बडा हादसा टल गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना विभाग के कनिष्ठ अभियंता राघव अग्रवाल को दी। कनिष्ठ अभियंता राघव अग्रवाल ने बताया कि डीपी में अर्थ फैल हो जाने के कारण हाई वोल्टेज आ गया जिससे घरों में लगे हुए उपकरण जल गए।

# ग्रामीणों से भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने की अपील



राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा ने दौसा विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक ग्रामों का दौरा किया।

दौसा, (निसं)। राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा ने सोमवार को दौसा विधानसभा क्षेत्र के तकरीबन आधा दर्जन से अधिक ग्रामों का दौराकर ग्रामीणों से भारत जोडो यात्रा में शामिल होने की अपील की। इधर जनसम्पर्क के दौरान आयोजित नुक्कड सभाओं में राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा ने केन्द्र सरकार पर विफलता का आरोप लगाया।

दौसा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों के दौरान राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा ने कहा कि भारत जोडो यात्रा देश भर में फैल रहे नफरत के माहौल के विरोध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही है। देश में सांप्रदायिक शक्तियों ने सामाजिक सौहार्द के वातावरण को दूषित किया हुआ है। हमें अवसर मिला है केंद्र सरकार की इन नीतियों के विरोध में प्रदर्शन करने काए मुझे विश्वास है बड़ी संख्या में आप सभी लोग भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगे। इधर जनसम्पर्क के दौरान ग्रामवासियों ने राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा का अनेक जगहों पर स्वागत किया तथा एतिहासिक यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया।

# 50 साल पुरानी पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त, पानी व्यर्थ बह रहा

**नरैना, (निसं)।** कस्बे में कई जगह पाइपलाइन में रिसाव हो रहा है हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है।

अभी हाल ही में जलदाय विभाग के कार्यालय से महज कुछ ही दूरी पर जैन मंदिर के पास सोगाणी मोहल्ले की मुख्य सड़क मार्ग पर पेयजल लाइन में रिसाव हो गया जिससे हज़ारों लीटर पानी व्यर्थ बह गया वहीं दो दिन से कस्बेवासियों को पेयजल व्यवस्था बाधित होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय वार्डवासी पवन कुमावत ने बताया कि, जहां पर पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई है उसके पास में ही कमल जैन का मकान है जिसका शौचालय व सेफ्टी टेंक में पानी भरने से काफी नुकसान हुआ है।

ग्रामवासियों ने बताया कि इससे पूर्व भी कई मकान पाइप लाइन लीकेज होने से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं क्योकि पाइपलाइन को डले हुए लगभग 50 साल हो चुके है। इनको



नरैना कस्बे में 50 साल पुरानी पेयजल लाइन कई जगह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है।

■ कई मकान पाइप लाइन लीकेज होने से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं

बदलना तो दूर इनमें होने वाले रिसाव भी समय पर नहीं निकाले जाते। आजाद चौक से त्रिपोलिया गेट जाने वाली सड़क पर जामा मस्जिद के पास लगभग दो माह से लगातार पेयजल लाइन से पानी बह रहा है परन्तु आज तक इसे ठीक नहीं किया गया है।

स्टोर मुंशी शेलेन्द्र शर्मा ने बताया कि, नरैना में पीएचडी का कनिष्ठ अभियंता कार्यालय स्थित है साथ ही लगभग 10 जनों का स्टाफ भी स्वीकृत है परन्तु मात्र तीन जनों के भरोसे नरैना जलदाय विभाग चल रहा है इनमें से भी कुछ को तो दूदू ऑफिस में जाना पड़ता है । विभाग के कई कार्य तो बाहर से निजी आदमी लगाकर करवाने पड़ रहे है।

## सांसद को ज्ञापन सौंपा

**फुलेरा, (निसं)।** दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा एवं दैनिक रेलयात्री संघ आसलपुर जोबनेर के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को रेल समस्याओं के निराकरण हेतु एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत के अध्यक्ष अशोक वासदेव ने बताया कि कोरोना काल में बन्द हुई एमएसटी सुविधा तथा ट्रेनों के ठहराव फुलेरा जंक्शन, आसलपुर जोबनेर, ढिण्ढा, हिरनोदा, कनकपुरा, सांभरलेक व नरैना रेलवे स्टेशन जो ठहराव बन्द किये गये। उन्हें पुनः चालू करने का आग्रह किया गया है ताकि हजारों दैनिक रेल यात्रियों को इस सुविधा का लाभ मिल सके। साथ ही आगे बताया कि रेलमंत्री द्वारा पिछले एक माह में दो बार आने पर उन्हें भी हमारी समस्याओं से अवगत कराया गया था। जिस पर रेलमंत्री जी ने कहा था कि सांसद द्वारा जो भी समस्याएं भेजी जाएंगी उन्हें रेल प्रशासन द्वारा तत्काल दूर किया जाएगा। इस पर सांसद ने कहा गया कि पूर्व में भी दैनिक रेल यात्रियों की समस्याओं को मंत्री जी के सामने रखा गया है। पुनः उन्हें उनसे मिलकर समस्याओं की समाधान करवाएंगे।

## संक्षिप्त

### गांवों में जन आक्रोश यात्रा निकाली

**खैरथल, (निसं)।** प्रदेश में चल रही भारतीय जनता पार्टी के जन आक्रोश यात्रा के तहत खैरथल मंडल के बालन बसई, राता खुर्द, जगता बसई, सिवाना पाटन, लाल पहाड़ी, इस्माइलपुर, श्यामाका,जैलोता और खैरथल गुरुद्वारा में से होकर यात्रा निकाली। मंडल महामंत्री मनीष शर्मा ने बताया कि यात्रा में प्रदेश में कांग्रेस सरकार के प्रति जनता में आक्रोश होने का आरोप लगाते हुए पूर्व विधायक राम हेत सिंह यादव ने सरकार की विफलताओं को बताया। यात्रा में मंडल अध्यक्ष प्रमिल जसोरिया, महामंत्री प्रकाश चंद यादव दिलीप गुप्ता मनीष शर्मा वरुण डाटा संजय जाटव, कृष्ण यादव, सोहन सिंह, सरपंच,विजय सिंह,राज कुमार जाटव हुकम चंद क्षेत्रीय कार्यकर्ता शामिल हुए।

### बेकरी की दुकान में आग लगी

**मालपुरा, (निसं)।** पचेवर कस्बे में रविवार की देर रात को एक बेकरी की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में 4 लाख से अधिक की मशीनें व सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित दुकान मालिक सांवर मल सैनी ने बताया कि रोज की तरह दुकान मंगल कर घर गया था देर रात को दुकान में आग लग गई। आग शॉर्ट सर्किट से लगने का अंदेशा हुआ है। रात में दुकान से उठती धुंआ व आग की लपटें देख ग्रामीणों की सूचना पर वो मौके पर पहुंचा लेकिन तब तक दुकान में रखा इलेक्ट्रॉनिक सामान व मशीनों सहित बैकरी के केक व अन्य सामान जलकर राख हो गये।

### प्रतिभा सम्मान समारोह 23 को

**टोंक, (निसं)।** सदर माली सैनी समाज संस्थान टोंक द्वारा 23 जनवरी को स्थानीय ज्योतिबा फूले सैनी छात्रावास में समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। सदर अध्यक्ष अचलेश कुमार सैनी ने बताया कि इस समारोह में मुख्य अतिथि उत्कर्ष क्लासेज के संस्थापक डॉ. निर्मल गहलोत होंगे। समारोह में टोंक जिले में सत्र 2021-22 में 1०वीं कक्षा के छात्र छात्राओं को 80प्रतिशत से अधिक, 12वीं में 85 प्रतिशत से अधिक अक लाने वाले छात्र छात्राओं, नवनियुक्त राजस्थान के लिए उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले समाज के बालक बालिकाओं आदि को सम्मानित किया जाएगा।

### भगवत कथा आज से

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे में शेखावत मैरिज गार्डन में श्री राम नाम हस्त लिखित 84 अरब मंत्रों की परिक्रमा एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ मंगलवार को किया जाएगा। जिसमें व्यास पीठ पर वृंदावन से आए श्रीमुकेश महाराज के श्रीमुख से 13 दिसंबर से 21 दिसंबर तक प्रतिदिन प्रातः 11:15 से सायं 3:15 बजे तक भागवत कथा की जाएगी। समाजसेवी मनोज आहूजा एवं गजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि इसके लिए धर्म प्रेमियों की ओर से पोस्टर विमोचन के कार्यक्रम भी आयोजित किये गये।

## शिविर का 75 लोगों को लाभ मिला

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे की न्यू कॉलोनी स्थित वरिष्ठ नागरिक भवन परिसर में रेलवे पेंशनर्स सोसायटी व वरिष्ठ नागरिक परिषद-फुलेरा के संयुक्त तत्वावधान में दर्द निवारण जागरूकता अभियान व विशाल निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शाखा सचिव लाल चन्द कुमावत ने बताया कि शिविर के दौरान डॉ. रेखा गुप्ता ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

इसके चलते मरीजों का कमर दर्द, घुटने का दर्द, हाथ पैरों में झन्न-झनाहट व सुन्न-पन, स्लिप-डिस्क, सियाटिका जैसी बीमारी से ग्रसित मरीजों को परामर्श दिया गया। शिविर में उपस्थित वरिष्ठ नागरिक परिषद अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, संरक्षक रागेश्वर दास कुमावत, रमेश चन्द कुमावत, रामजीलाल पापटवान, शेष नारायण सैनी, भूराभाई कोविद, श्याम लाल सैनी, महेश सहाय शर्मा, ललित मोहन ओबेराय, अशोक कुमार शर्मा, उमर फारूक, अब्दुल रशीद, जयसिंह, श्रीनारायण कुमावत, हरीश बाबू माथुर, किशन लाल सैनी सहित अन्य लोगों ने शिविर में भाग लिया।

# 'परमात्मा से जुड़कर मानवीय गुणों से युक्त जीवन जीयें'

**पावटा, (निसं)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा के सामने स्थित ग्रोवर कृषि फॉर्म में संत निरंकारी मंडल पावटा द्वारा सत्गुरु माता सुदीक्षा महाराज के सान्निध्य में विशाल संत समागम का आयोजन किया गया।

समागम में जिला के अलावा भरतपुर, धौलपुर, लक्ष्मणगढ, बहरोड, हरियाणा के रेवाडी, महेंद्रगढ, नारनौल, दिल्ली, अलवर, सीकर, फरीदाबाद सहित इंग्लैंड एवं कनाडा से आए हुए विदेशी भक्तों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओं को प्रवचन करते हुए निरंकारी मिशन के जॉनल इंचार्ज वैध बनवारी लाल निरंकारी ने कहा कि भक्ति में भाव सर्वोपरि होता है।

उन्होंने कहा कि सच्चे मन की श्रद्धा और पूजा से हर मनौती पूर्ण होती है। विभिन्न वक्ताओं ने इस संत समागम में अपने अपने विचार, गीत, कविताएं, रचनाएं आदि प्रस्तुत की। रूहानियत के बिना इंसानियत व इंसानियत के बिना रूहानियत की



पावटा में विशाल संत समागम का आयोजन हुआ।

कल्पना भी नहीं की जा सकती। असल में रूहानियत व इंसानियत का साथ साथ होना ही युगों-युगों से संत महात्माओं के पावन संदेश का सार रहा है। मानवी शरीर में जन्म लेने वाला हर कोई इंसान है लेकिन असल में इंसान वही है, जिसमें इंसानियत के गुण हैं। रूह के स्वामी सतगुरु से रूह की आवाज सुनना व उसको जीवन में ढालना रूहानियत कहलाता है। परमात्मा को हर पल स्मरण करते हुए मानवीय गुणों से युक्त जीवन जीयें। यह विचार निरंकारी सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज ने व्यक्त किए। माता सुदीक्षा

■ पावटा में निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा महाराज ने मानवता का दिव्य संदेश दिया

सोमवार को पावटा कस्बे में ग्रोवर कृषि फॉर्म मे आयोजित निरंकारी संत समागम में पहुंचीं और उपस्थित जन समूह को प्रवचन दिए। समागम में अंग्रेजी के अलावा पंजाबी, हिंदी एवं हरियाणवी में वक्ताओं ने अपने विचार और गीत प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर निरंकारी मिशन के प्रेस एवं पब्लिसिटी अधिकारी लोकेश निरंकारी ने बताया कि एक दिवसीय संत सम्मेलन में प्रवचन कार्यक्रम ने श्रद्धालुओं के लिए रिहायशी पांडाल, सत्संग पांडाल, निरंकारी प्रदर्शनी, बाल प्रदर्शनी, स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग प्रदर्शनी, लंगर, कैंटीन, यातायात, एंबुलेंस व्यवस्था सहित सुविधाएं उपलब्ध रही। वही हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## ग्रामीणों का धरना चौथे दिन भी जारी

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम मोहनपुरा स्थित सीमेंट कम्पनी द्वारा आबादी के नजदीक अवैध ब्लास्टिंग किए जाने के मामले में ग्रामीणों का धरना रविवार को लगातार चौथे दिन भी बदस्तुर जारी रहा।

ग्रामीणों का आरोप है कि हाल ही में सीमेंट प्लांट द्वारा आबादी के नजदीक ब्लास्टिंग किए जाने से ग्रामीण भयभीत है। कंपनी प्रबंधन द्वारा ना तो उन्हें पुर्नवास दिया जा रहा और ना ही उनका गांव अधिगृहित किया जा रहा।

पुर्नवास संघर्ष समिति अध्यक्ष सत्यम सुरेलिया, उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार यादव, हरि प्रसाद, सुरेश कुमार शर्मा, राकेश कुमार खोला, विष्णु

■ आबादी के नजदीक अवैध ब्लास्टिंग का मामला

सोरेला, बुधराम, अशोक यादव, निहाल यादव, किशोरी लाल, राजपाल, सुरेन्द्र योगी, कैलाश यादव, नितिन सैन, रमेश योगी, लीलाराम योगी, हरिनारायण गुर्जर, सुमन देवी, मेवा देवी, अनिता देवी, गीता देवी, ललिता, सुमित्रा आदि का कहना था कि कंपनी प्रबंधन उनकी नहीं सुन रहा है। आबादी के नजदीक ब्लास्टिंग की जा रही है। ऐसे में वे यहां नहीं रह सकते उन्हें पुर्नवासित किया जाए।

## आईसीएआर के पूर्व महानिदेशक का स्वागत

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बा स्थित अशोका कोचिंग संस्थान में सोमवार को आईसीएआर के पूर्व महानिदेशक पद्म भूषण डॉ. आरएस परोदा का स्वागत किया गया।

इस मौके पर डॉ. आरएस परोदा ने कहा कि देश को कृषि प्रधान की बजाय कृषक प्रधान बनाये। उन्होंने भारतीय खेती को अधिक उत्पादक के साथ-साथ न्यूट्रिशन वैल्यू बढ़ाने की बात कही। डॉ. परोदा ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान है एवं आवश्यकता है कि इसको कृषक प्रधान बनाया जाए। प्रधानाचार्य पूरणमल कसाना ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संचालन नवल चौधरी ने किया।

## लूट का चौथा आरोपी गिरफ्तार

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** बहरोड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 27 जुलाई को बंधन बैंक के कर्मचारी पर पिस्टल लगाकर हुई लूट के चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर बहरोड़ पुलिस माल बरामदगी का प्रयास कर रही है।

घटना में ब्लैक कलर की बाइक बिना नंबर की आगे लगाकर रोकते हुए बैग सहित पैसे और अन्य कागजात छीन कर फरार हुए आरोपियों में से चौथा आरोपी जयवीर सिंह पुत्र दमनसिंह यादव निवासी ढाणी बाठौडा थाना नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ हरियाणा को बहरोड़ थानाधिकारी वीरेंद्रपाल की टीम के सुरताराम व भिवाड़ी डीएसटी सेकंड सतपाल व राकेश कुमार आदि की संयुक्त मदद से गिरफ्तार किया जाकर पीसी रिमांड पर लेते हुए लूटे गए रुपयों व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व वारदात में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी एवं अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ जारी है। गौरतलब है कि 27 जुलाई 2022 को तसींग रोड पर बंधन बैंक कर्मी सुनील कुमार पुत्र बलबीर बंजारा जावली थाना लक्ष्मणगढ द्वारा मामला दर्ज कराया गया था कि वह 4 ग्रुप का कलेक्शन 1 लाख 40 हजार रुपए टेबलेट एवं अन्य कागजात लेकर ऑफिस आते समय 3 लोगों ने बिना नंबर की मोटरसाइकिल से रोककर हाथापाई और पिस्टल लगाकर बैग सहित पैसे और कागजात छीन कर भाग गए।

# राज्य सरकार ने झूठे वादे कर किसानों व युवाओं को गुमराह किया: भिंडा

**पावटा, (निसं)।** सोमवार को विराटनगर विधानसभा में भाजपा की जन आक्रोश यात्रा दर्जन से अधिक गांवों में पहुंची। जगह-जगह ग्रामीणों, भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने रथ का स्वागत किया व ग्रामीणों ने जन यात्रा के टोल फ्री नंबर 8140200200 पर मिस्ड कॉल करके अपना आक्रोश जताया और रथ के साथ लगी शिकायत पेटिका में अपनी शिकायतें व सुझाव लिखकर डालें।

सोमवार को जन आक्रोश यात्रा विधानसभा के गांव कुकडेला, भामोद, पंडदो, पालड़ी तिराहा, घेवता, अमलोदा, बडोदीया, बिहाजर, मैड आदि गांवों में पहुंची। पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद भिंडा ने गांवों में सभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि गत 4 सालों से कांग्रेस राज में आमजन त्रस्त है, कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल हो गई है।

सरकार ने सत्ता में आने से पहले किसानों का कर्ज माफ करने, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणाएं की थी, जो सिर्फ घोषणाएं ही बनकर रह गई। सरकार ने लोक लुभावन थोथी योजनाओं व घोषणाओं के नाम पर जनता को गुमराह करने का काम किया है। दिनदहाडे गोलियां चल रही हैं, लूट,



महिला पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गांवों में सम्पर्क कर सभाओं को संबोधित किया।

भय, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी चरम पर है।

पावटा पंचायत समिति प्रधान पूजा चौधरी, आरती सिंह, किरण शर्मा, निधि चौधरी सहित महिला वक्ताओं ने भी गांवों में सभाओं को संबोधित किया। प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी ने कहा कि, कांग्रेस सरकार के कुशासन से आम जनता बेहाल है, बिजली-पानी, सडक, शिक्षा, चिकित्सा जैसे मुद्दों से सरकार का कोई सरोकार नहीं है।

सभा को इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद भिंडा, पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, यात्रा विधानसभा संयोजक गिरिराज शर्मा, सह संयोजक संतोष मोदी, जन आक्रोश रैली प्रभारी नरेंद्र सिंह शेखावत वार्ड पार्षद निगम जयपुर, वरिष्ठ भाजपा नेता देवनारायण लटाला, युवा मोर्चा जिला महामंत्री महेश हलसर, जिला महामंत्री युवा मोर्चा साधुराम मीणा भाजपा नेता बागावास चौरासी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल विराटनगर, बद्री प्रसाद चौहान जिला संयोजक, एडवांस टीम प्रभारी रोहिताश ताखर, वरिष्ठ भाजपा नेता किशनलाल गुरुजी, वरिष्ठ भाजपा नेता भागीरथ मल यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष महिला नेत्री किरण शर्मा, मंडल अध्यक्ष प्रकाश राठी, मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, मंडल अध्यक्ष सीताराम सैनी, पूर्व जिला पार्षद रोहिताश सिंधु, शिक्षाविद व भाजपा नेता जीएल यादव, डॉ महेंद्र सिंह पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री युवा मोर्चा प्रधान, पूर्व मंडल अध्यक्ष सवाई सिंह शेखावत, वरिष्ठ भाजपा नेता भागीरथ यादव, कृष्ण सिंह शेखावत कन्हैयालाल मीणा व्यवसायिक प्रकोष्ठ

■ पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद भिंडा ने गांवों में सभाओं को संबोधित किया

जिला संयोजक, शिवदान फागना रामरतन शर्मा, रथ संयोजक हरिप्रसाद बल्लीवाल, हरिसिंह जाट, शंकर सारण, धीर सिंह शेखावत, मंगल सरपंच, राधेश्याम सिंह, सरदार मल गुर्जर, रामस्वरूप सिंह, शिवराज सिंह, हंसराज पायला, पवन सिंह, ओमसिंह आकोडिया, प्रदीप सिंह शेखावत, पवन शर्मा, संतोष बुनकर, शिभू स्वामी, विराटनगर मंडल महामंत्री भोमराज चेची, श्रवण कुमार जाट, रामकरण गुर्जर सांगाकाबास, वरिष्ठ भाजपा नेता जयसिंह पारीक, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शंकर पंडित, पावटा बालाजी मंडल अध्यक्ष प्रकाश राठी, त्रिवेणी मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, एडवांस टीम प्रभारी रोहिताश ताखर, भाजपा नेता बीएल जाट, शक्ति प्रमुख अध्यक्ष भैरु लाल सैनी, भाजपा नेता संतोष जाजोतर, एससी मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी मंडल जगदीश महोलिया, बजरंग सिंह शेखावत, राजेंद्र सिंह शेखावत, कमलेश सैनी, राजू सैनी, मोतीलाल कुमावत सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को स्कूल ड्रेस वितरित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** पंडित बंशीधर शर्मा नांगलका राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय श्रीमाधोपुर में एसडीएमसी अध्यक्ष नंदकिशोर वर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं संस्था प्रधान अशोक तिवाड़ी मऊ की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री निःशुल्क स्कूल ड्रेस वितरण योजना के अंतर्गत विद्यालय के 96 विद्यार्थियों को समारोह पूर्वक स्कूल ड्रेस वितरित की गई।

उत्सव एवं समारोह प्रभारी महेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्कूल ड्रेस का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक अशोक तिवाड़ी मऊ ने कहा कि मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के अनुसार बाल गोपाल योजना एवं निःशुल्क स्कूल ड्रेस वितरण के साथ ही राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ संस्था के विद्यार्थियों को मिल रहा है जो प्रसन्नता की बात है। लेकिन ऑनलाइन प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार 25 विद्यार्थियों के आधार एवं जनाधार न बनाना व अब तक अपडेट नहीं होना विचारणीय है। तिवाड़ी ने अभिभावकों का आव्हान किया कि राज्य सरकार व अन्य विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए सभी का आधार एवं जनाधार बनाकर समय से अपडेट करवा कर बैंक में खाता खुलवाएं ताकि योजनाओं का लाभ सीधे बैंक खाते के द्वारा विद्यार्थियों को मिल सके। समारोह में मुन्नालाल पबड़िया व भूदाराम कुमावत ने भी अपने विचार रखे।

## सार-समाचार

### स्वर्ण प्रासन्न आयुर्वेदिक दवा पिलाई



**मालपुरा, (निसं)।** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पुरानी तहसील मालपुरा में सोमवार को उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ. प्यारेलाल मीणा के निर्देशानुसार कैम्प लगा 168 बच्चों को पुष्य नक्षत्र में स्वर्ण प्रासन्न आयुर्वेदिक दवा पिलाई गई। प्रभारी डॉ. बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि चिकित्सालयों में संचालित आंचल प्रसुता केन्द्र के माध्यम से 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता वृद्धि करने को लेकर सोमवार को पुष्य नक्षत्र में डॉ. ललिता वर्मा, डॉ. शांति धाभाई, नर्स रेखा सिंह पंवार द्वारा बच्चों को स्वर्ण प्रासन्न दवा पिलाई गई। डॉ. ललिता वर्मा ने बताया कि इस दवा के सेवन से बच्चों में स्मरण शक्ति बढ़ने के साथ-साथ मानसिक विकास में वृद्धि होती है।

### रंधावा को निमंत्रण दिया

**टोंक, (निसं)।** राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री का सोमवार को राहुल गांधी की पदयात्रा के सन्दर्भ में टोंक आना हुआ, जिस पर टोंक महोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें टोंक महोत्सव में आने का निमंत्रण दिया। रंधावा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि, राहुल की भारत जोड़ो पदयात्रा से पूरे भारत में कांग्रेस के पक्ष में सकारात्मक माहौल बना है। इस अवसर पर टोंक महोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने रंधावा को टोंक के गौरवमयी इतिहास के बारे में बताया और 24 दिसंबर को होने वाले टोंक स्थापना महोत्सव के लिए आमंत्रित किया , इस अवसर पर विधाधर नगर जयपुर से कांग्रेस प्रत्याक्षी सीताराम अग्रवाल भी उपस्थित रहे। रंधावा का स्वागत करने में पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मण गाता, पूर्व विधायक कमल बैरवा, कविता सिंघल , पार्षद सुनील बंसल, अजीत सिंघल, अधिवक्ता शहीर खान अभिमन्यु आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### भाजपा जन आक्रोश यात्रा आज शहर में

**कोटपूतली, (निसं)।** भाजपा की जन आक्रोश यात्रा मंगलवार को कोटपूतली शहर के विभिन्न वार्डो में रहेगी। जन आक्रोश यात्रा के विधानसभा संयोजक सुभाष चन्द शर्मा तथा मण्डल अध्यक्ष गोपाल मोरीजावाला ने बताया कि मंगलवार को जन आक्रोश यात्रा कोटपूतली शहर में प्रातः 9 बजे पूतली कट से प्रारम्भ होकर दुर्गा माता मंदिर, गोविन्द विहार, खटीकान बस्ती, तिलकधारी की ढाणी, ढाणी पुराना कुँआ, ढाणी नर्बदि्या वाली, वाल्मिकी बस्ती नागाजी की गौर, ढाणी काज्या वाली, भोमियाजी मंदिर नागाजी की गौर, कुमावत बस्ती बड़ाबास, ढाणी बड़बेर वाली रास्ता, आईटीआई रोड़, वाल्मिकी बस्ती बानसूर रोड़, गोरधन मेडिकल स्टोर, डूंगावाला हनुमानजी मंदिर, बानसूर रोड़ जनाना अस्पताल के सामने, दिल्ली दरवाजा, पूर्वा सिनेमा रोड़, मुख्य सब्जीमंडी बानसूर रोड़, दिल्ली जयपुर सर्विस रोड़, कृष्णा टाकीज रोड़, राठौड़ पार्क, शनि मंदिर, अग्रसेन तिराहा, आजाद चौक, छोटा बाजार, बाड़ा की ढाणी, पंचायत समिति, दुर्गा मंदिर के सामने गढ कॉलोनी, थाने के पीछे रामप्याऊ, सरदार स्कूल तक, जीण माता मंदिर रोड़, मैन चौराहा होते हुए नगरपरिषद पार्क पहुंचेगी।

### कार्यकारिणी ने शपथ ली

**मालपुरा, (निसं)।** जाट सेवा समिति मालपुरा की नवीन कार्यकारिणी अध्यक्ष मोतीलाल कारवाल ने अपनी कार्यकारिणी के साथ दूदू रोड बालिका छात्रावास में आयोजित समारोह में शपथ ली। अविकानगर संस्थान निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर, प्रधान सकराम चौपडा, किशन फगोडिया, थानाराम भूराराम खिलेरी, सीआर शिमला देवी, सम्पत देवी के मुख्य आतिथ्य में हुए शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष मोतीलाल कारवाल, उपाध्यक्ष सुखलाल मुवाल, बजरंग टोडावत, मंत्री रोडू लाल दीपक, दिनेश चौधरी, कोषाध्यक्ष गोपीलाल गोदारा, संगठन मंत्री सकराम चौपडा, प्रचार मंत्री सुरजकरण चौधरी, साहित्य मंत्री कृष्णपाल सांडीवाल सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने शपथ ली। वही वरिष्ठ एडवोकेट सुरेन्द्र मोहन जैन के निर्देशन मे दिगम्बर जैन महासमिति के हुए चुनाव मे प्रकाश चन्द पाटनी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष व पवन कुमार सुराशाही को मंत्री चुना गया। समाज बंधुओ ने नवीन अध्यक्ष व मंत्री को माला व दुपट्टा पहना बधाई दी।

### फरार आरोपी गिरफ्तार

**मालपुरा, (निसं)।** पचेवर थाना क्षेत्र के आवडा गांव से डेढ वर्ष पूर्व दो सगे भाईयों की कानों से सोने की मुर्कियां लूट फरार हुए आरोपी को पचेवर थाना पुलिस की विशेष टीम ने गिरफ्तार किया। थानाधिकारी रतन सिंह तंवर ने बताया कि 21 जुलाई 2021 की रात आवडा निवासी रामलाल व उसका भाई गोपाल पुत्र कज्जाराम जाट बाडे में सो रहे थे। इसी दौरान शातिर लूटेरों ने कानों में पहनी सोने की मुर्कियां लूट फरार हो गये थे। पीड़ितों की ओर से पचेवर थाने में दी रिपोर्ट पर विशेष टीम का गठन कर जरिए मुखबीर की सूचना पर डेढ वर्ष से फरार आरोपी मुकेश पुत्र श्योजी बावरी निवासी बावरियों की ढाणी तन आवडा को गिरफ्तार किया गया।

### महिलाओं का सम्मान किया

**पावटा, (निसं)।** निकटवर्ती प्रागपुरा थाने के अंतर्गत एडवोकेट ज्योति शर्मा व समाज सेविका रीना शर्मा श्रीमाधोपुर की अध्यक्षता में महिला सुरक्षा सखी स्वयं सेविकाओं द्वारा उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य करने पर महिलाओं को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय आयोग वाइस प्रेसिडेंट्स जयपुर जिला रवि शर्मा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय आयोग के निर्देशानुसार जिले भर में सम्मान कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत रविवार को पावटा में सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीडित परिवार को न्याय दिलाने में व महिला सुरक्षा सखियों के द्वारा जन जागृति अभियान माध्यम से अच्छा कार्य एवं घरेलू-क्लेश एवं उत्पीडन की रोकथाम व पुलिस का सहयोग करने वाली महिला सुरक्षा सखियों को सम्मानित किया गया।

### वार्षिकोत्सव समारोह 17 को

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पुरुषोत्तमपुरा में अरावली की पहाडियों में बसे भगवान श्री जगन्नाथ का वार्षिकोत्सव समारोह आगामी 17 दिसम्बर को आयोजित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि भगवान जगन्नाथ का प्रतिवर्ष पौष माह कृष्ण पक्ष नवमी को वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर विशाल मेले का आयोजन भी होता है। उल्लेखनीय है कि इस दिन उड़ीसा के जगन्नाथपुरी स्थित भगवान के मंदिर के पट भी बंद रहते हैं, केवल उसी दिन पुरुषोत्तमपूरा में भगवान श्री जगन्नाथ के मंदिर के पट खोले जाते हैं। जहां भगवान के दर्शन के लिए कस्बे आसपास के क्षेत्रों व देश-विदेश से भी श्रद्धालु आते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वार्षिकोत्सव समारोह की तैयारी जोरों पर है। इस दौरान शैलेश मित्तल, अमन मित्तल, मुकेश शर्मा, निशांत सैनी, श्याम खंडेलवाल, विकास सैनी सहित अन्य लोग मौजुद थे।

### कांग्रेस सरकार को कोसा

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** भाजपा की जन आक्रोश यात्रा सोमवार रात्रि खाटूश्यामजी पहुंची। कस्बे के मीणा पार्किंग में आयोजित नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता पवन पुजारी कहा कि चार वर्ष में भ्रष्टाचार, जंगलराज, अपराध,दलित उत्पीड़न चरम सीमा पर पहुंच चुका है और राहुल गांधी भारत जोड़ो के नाम पर मनोरंजन यात्रा निकाल रहे हैं।वहीं भाजपा जिला महामंत्री प्रभू सिंह गोगावास ने कहा केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएं और वर्तमान कांग्रेस सरकार के जंगल राज से आगामी विधानसभा चुनाव में करारी हार से सबक सिखाएं।इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष ममता मुण्डोतिया, पार्षद नरेंद्र मीणा,पार्षद प्रतिनिधि विकास सोनी, गोविंद सिंह लाम्बा, मूलसिंह,केदार जांगिड़, रमजान खान, मुकेश हरनाथका, मदन मीणा, कृष्ण कुमार डालूंगा सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।



ग्रुप चरण में हमारे सामने कड़े मुकाबले होंगे। हमें स्पेन, इंग्लैंड और वेल्स से भिड़ना है और ये सभी टीम मजबूत हैं। मुझे यकीन है कि अगर भारत पोडियम पर जगह बनाता है जो यह बड़ी उपलब्धि होगी। – जफर इकबाल

पूर्व हॉकी कप्तान, विश्वकप हॉकी में भारत को लेकर।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ लियाम लिविंगस्टन



**पाकिस्तान** के खिलाफ डेब्यू करने वाले इंग्लैंड के विस्फोटक बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टन चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। उन्हें पहले टेस्ट के दौरान दाएं घुटने में चोट लगी है, जिसके कारण वह अब बाकी बचे मैच नहीं खेल पाएंगे। उन्हें टेस्ट मैच के दूसरे दिन फील्डिंग के दौरान चोट लगी। यही कारण है कि वह पाकिस्तान की बल्लेबाजी के दौरान मैदान में नजर नहीं आए, लेकिन जब इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने आई तो लिविंग्टन ने 7 रन की नाबाद पारी खेली थी।

**क्या आप जानते हैं ?...** अपनी टेस्ट जीव की पहली श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भारत के सुनील गावस्कर के नाम है। गावस्कर ने 1970-71 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 774 रन बनाए।

## मुस्कान को हराकर चांदनी ने जीता 'डब्ल्यूबीसी इंडिया नेशनल' खिताब

पुणे, 12 दिसंबर। हरियाणा की मुक्केबाज चांदनी मेहरा ने मध्यप्रदेश की मुस्कान श्रीवास्तव को सर्वसम्मत फैसले से हराकर 'डब्ल्यूबीसी (विश्व मुक्केबाजी परिषद) इंडिया नेशनल' में 'सुपर फेदरवेट' का खिताब अपने नाम किया। चांदनी से रविवार को हुए मुकाबले में सर्वसम्मत फैसले से 80-72, 80-71, 80-71 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ चांदनी ने अपने जीत-हार का रिकॉर्ड 10-4 कर लिया। मुस्कान के करियर की यह चौथी हार है। इस मुकाबले में डब्ल्यूबीसी एशिया रैंकिंग दांव पर थी और दोनों मुक्केबाजों के बीच यह करीबी मुकाबला पूरे आठ दौर तक चला।

## अमित की तिकड़ी से जीता जगुआर

नयी दिल्ली, 12 दिसंबर। जगुआर फुटबाल क्लब ने अमित रावत की तिकड़ी की मदद से सोमवार को फुटबॉल दिल्ली सीनियर डिवीजन लीग में यूनाइटेड भारत को 6-0 से रौंद दिया। नेहरू स्टेडियम पर खेले गये दिन के दूसरे मैच में यंगमेन एफसी की टीम मैदान में नहीं उतरी। नतीजन सिटी क्लब एफसी को तीन गोलों के साथ वॉकओवर दे दिया गया। जगुआर के लिये मैन ऑफ द मैच रावत के अलावा आशुतोष, सुमित और राजीव छेत्री ने एक-एक गोल जमाये। यंगमेन और दिल्ली यूनाइटेड एफसी सीनियर डिवीजन लीग में सबसे निचले पायदान की टीम हैं और उनका रेलीगेशन संभावित है।

## कोहली की तरह हर प्रारूप के खिलाड़ी बन सकते है ब्रूक : स्टोक्स

मुल्तान, 12 दिसंबर। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने सोमवार को कहा कि युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक भारत के विराट कोहली की तरह हर प्रारूप के सफल खिलाड़ी बन सकते हैं। स्टोक्स ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, ''वह उन दुर्लभ खिलाड़ियों में से एक है जिसे आप सभी प्रारूपों में देखते हैं और आप उसे हर जगह सफल होते हुए देख सकते हैं। यह शायद थोड़ी बड़ी बात है, लेकिन विराट कोहली उन लोगों में से हैं जिनकी तकनीक सरल है और हर जगह काम करती है। वह विपक्ष पर जो दबाव डालते हैं, हम वैसा ही करने की कोशिश कर रहे हैं।'' इंग्लैंड के 23 वर्षीय बल्लेबाज ब्रूक ने मुल्तान टेस्ट की दूसरी पारी में 109 रन बनाये, जिसकी मदद से इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 26 रन से मात दी। यह इस टेस्ट सीरीज के दो मैचों में ब्रूक का दूसरा शतक था। स्टोक्स ने कहा, ''ब्रूक भी एक ऐसा ही खिलाड़ी है जिसकी तकनीक तीनों प्रारूपों के अनुकूल है। वह हमेशा विपक्ष पर दबाव डालना चाहता है और उसने इंग्लैंड के लिए एक और मैच जीता है।'' ब्रूक इससे पहले सितंबर में इंग्लैंड के पाकिस्तान दौरे पर अपनी टीम के लिये सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। वर्तमान में वह एकदिवसीय टीम का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन जॉनी बेयरस्टो की एड़ी की चोट ठीक न होने पर वह जल्द ही तीसरे प्रारूप में भी इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। स्टोक्स ने कहा, ''उनके साथ कप्तानी करना आसान है। वह बस अपने खेल के बारे में सोचता है, अपनी बल्लेबाजी से प्यार करता है, लगातार सुधार करना चाहता है और लगातार उस पर काम करता है। वह आपके ड्रेसिंग रूम के लिये बहुत अच्छा खिलाड़ी है।''

# विश्व कप फुटबॉल : अर्जेंटीना और क्रोएशिया के बीच सेमीफाइनल के साथ टूटेगा मेस्सी या मोड्रिच का सपना

दोहा, 12 दिसंबर। अर्जेन्टीना और क्रोएशिया के बीच मंगलवार (रात 12 बजकर 30 मिनट पर) को यहां होने वाले फीफा विश्व कप सेमीफाइनल के साथ दो दिग्गज खिलाड़ियों लियोनल मेस्सी और लुका मोड्रिच में से किसी एक का विश्व कप जीतने का सपना संभवत: हमेशा के लिए टूट जाएगा। फुटबॉल के सबसे बड़े सुपरस्टार में शामिल ब्राजील के नेमार और फिर पुर्तगाल के लियोनल मेस्सी कतर में चल रहे विश्व कप से आंसुओं के साथ विदाई ले चुके हैं और अब मेस्सी या मोड्रिच में से एक का सपना टूटने वाला है।

लय मेस्सी के साथ है जिन्होंने अर्जेन्टीना को सेमीफाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। वह टीम की अगुआई उसी तरह कर रहे हैं जिस तरह डिएगो माराडोना ने 1986 में अर्जेन्टीना के दूसरे और आखिरी विश्व कप खिताब के दौरान की थी। अर्जेन्टीना और फाइनल के बीच अब क्रोएशिया की दीवार खड़ी है। मात्र 40 लाख की जनसंख्या वाले इस देश ने फुटबॉल की सबसे कड़ी टीम में से एक के रूप में प्रतिष्ठा बनाई है और उसके पास खेल के सबसे शालीन खिलाड़ियों में से एक मोड्रिच है। सेमीफाइनल मुकाबला लुसैल स्टेडियम में खेला जाएगा जिसे रविवार को होने वाले फाइनल की मेजबानी भी करनी है। सेमीफाइनल में पिछले दो विश्व कप की उप विजेता टीम आमने सामने होंगी। अर्जेन्टीना को 2014 जबकि क्रोएशिया को 2018 में फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

अर्जेन्टीना की टीम कोपा अमेरिका का खिताब जीतकर कतर पहुंची थी और उसे पिछले 36 मुकाबलों में हार का मुंह नहीं देखना पड़ा था। क्रोएशिया की टीम बिना किसी हो-हल्ले के चार साल पहले के अपने प्रदर्शन को दोहराने की राह पर है जब टीम ने फाइनल में जगह बनाई थी और इस दौरान ग्रुप चरण में अर्जेन्टीना को भी हराया।

अर्जेन्टीना की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही और उसे पहले ही ग्रुप मैच में सऊदी अरब के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। टीम ने हालांकि वापसी करते हुए अपने अगले दोनों ग्रुप मैच जीते और प्री क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया। अर्जेन्टीना ने क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड को पेनल्टी शूट आउट में हराया। मेस्सी विश्व कप में चार गोल कर चुके हैं और मौजूदा विश्व कप के शीर्ष स्कोरर फ्रांस के काइलियान एमबापे से एक गोल पीछे हैं।

मोड्रिच ने भले ही मौजूदा विश्व कप में गोल नहीं दागा हो और ना ही किसी गोल को करने में मदद की है लेकिन क्रोएशिया की टीम में उनके महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। रूस में पिछले विश्व कप में क्रोएशिया के सभी नॉआउट मुकाबले अतिरिक्त समय में खिंचे थे और फिर अंत में टीम को फाइनल में फ्रांस के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी। कतर में भी टीम ने प्री क्वार्टर फाइनल और क्वार्टर फाइनल में क्रमश: जापान और ब्राजील को पेनल्टी शूट आउट में हराया।

क्रोएशिया की टीम ब्राजील के खिलाफ अधिक सहज दिखी। मेस्सी को रोकने की जिम्मेदारी मिडफील्डर मार्सेलो ब्रोजोविच पर होगी जिन्होंने ब्राजील के खिलाफ शानदार खेल दिखाया था। अर्जेन्टीना की टीम इस मुकाबले में लेफ्ट बैक मार्कस एकुना और राइट बैक गोंजालो मोनटिएल के बिना उतरेगी। ये दोनों निलंबित हैं।

## अभेद्य रक्षण है विश्व कप में मोरक्को की सफलता का राज

दोहा, 12 दिसंबर। अनिश्चितताओं और उलटफेरों से भरे फीफा विश्व कप 2022 में मोरक्को के प्रदर्शन ने फुटबॉल प्रेमियों को सबसे ज्यादा हैरान किया है। मोरक्को ना सिर्फ विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम है, बल्कि इसने अपने दमदार अभियान में विपक्षी टीम के किसी खिलाड़ी को गोल करने का मौका भी नहीं दिया। कनाडा के ऊपर 2-1 की जीत में मोरक्को के विरुद्ध जो एकमात्र गोल हुआ भी वह उनके अपने खिलाड़ी नायेफ एगर्ड ने ही किया। बेल्जियम और स्पेन जैसी बड़ी टीमों को धराशाई करने वाली मोरक्को अगर आज फुटबॉल का सबसे बड़ा टूर्नामेंट जीतने की दावेदार है, तो निस्संदेह इसका श्रेय उसके रक्षण को जाता है।

मोरक्को के कोच वालिद रेग्रागुई ने उन्हें एक दुर्जेय रक्षात्मक इकाई बना दिया है। स्पेन के खिलाफ सुपर-16 मैच में सिर्फ 23 प्रतिशत समय के लिये ही मोरक्को के पास बॉल रही, लेकिन फिर भी मैच एटलस लायन्स के पक्ष में गया। स्पेन बॉल पर 73 प्रतिशत कब्जा रखने के बावजूद गोल पर सिर्फ दो बार ही निशाना लगा सका। पुर्तगाल के विरुद्ध क्वार्टरफाइनल में भी मोरक्को का खेल बहुत आक्रामक नहीं था, लेकिन अभेद्य रक्षण और एन-नेसरी का शुरुआती गोल उन्हें जीत दिलाने के लिये काफी रहा। साल 2006 में इटली के बाद से कोई टीम इस तरह के रक्षण के साथ विश्व कप सेमीफाइनल में नहीं पहुंची है। यह बात भी गौर करने योग्य है कि इटली के डिफेंस में गोलकीपर जियानलुइगी बफन, फैबियो कैनावारो, मार्को मातेराज़ी और जियानलुका ज़ांब्रोट्टा जैसे खिलाड़ी थे, जबकि उनकी मिडफील्ड गेनारो गट्टूसो और मौरो कमोरानेसी जैसे खिलाड़ियों से सजी थी।

मोरक्को के विश्व कप अभियान से पहले हालांकि उनकी एकता को लेकर कई सवाल उठ रहे थे। रेग्रागुई की 26 सदस्यीय-स्क्वाड में सिर्फ 12 खिलाड़ी मोरक्को में जन्मे थे, जबकि अन्य 14 अलग-अलग यूरोपीय देशों से आकर अपनी मातृभूमि के लिये खेल रहे थे। स्पेन को परास्त करने के बाद रेग्रागुई ने कहा था कि मोरक्को ने ''एक परिवार की तरह'' विश्व कप में सब कुछ झोंक दिया है।

रेग्रागुई ने कहा था, ''विश्व कप से पहले कुछ लोगों ने यूरोप में पैदा हुए खिलाड़ियों पर सवाल उठाये। आज उन्होंने दिखाया कि मोरक्को का हर वह खिलाड़ी जिसके पास पासपोर्ट है, वह मोरक्को का ही है। मैं खुद भी फ्रांस में पैदा हुआ हूं, लेकिन मेरे देश के प्रति मेरे प्यार पर कोई शक नहीं कर सकता।'' कोच रेठागुई ने पुर्तगाल पर जीत के बाद कहा कि मोरक्को सिल्वेस्टर स्टालोन अभिनीत फिल्म ''रॉकी'' के नायक की तरह है, जो यह जानती है कि इसे सर्वश्रेष्ठ टीम को कैसे पराजित करना है। रॉकी (बॉक्सिंग रिंग में) रस्सियों पर समय बिता सकता है, लेकिन चित्त नहीं हो सकता।

## हॉकी विश्व कप से पहले गोलकीपरों, ड्रैगफ्लिकरों के लिए होगा विशेष शिविर

नयी दिल्ली, 12 दिसंबर। भारतीय खिलाड़ी अगले महीने होने वाले एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) पुरुष विश्व कप की तैयारी के तहत बेंगलुरु के भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में बुधवार से एक सप्ताह तक चलने वाले विशेष ड्रैगफ्लिक और गोलकीपिंग शिविर में भाग लेंगे।

यह शिविर 20 दिसंबर तक चलेगा जिसमें भारतीय खिलाड़ी नीदरलैंड्स के लिए दो बार ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी ब्रैम लोमन्स और डेनिस वान डे पोल की देखरेख में अपने कौशल को निखारेंगे।

ओडिशा के भुवनेश्वर और राउरकेला में आयोजित होने वाले इस विश्व कप से पहलेलोमन्स भारतीय ड्रैगफ्लिकरों के साथ काम करेंगे, जबकि वान डी पोल गोलकीपरों के खेल में सुधार करने पर काम करेंगे। यह विशेष शिविर सोमवार को शुरू हुआ और यह दो सप्ताह तक चलने वाले राष्ट्रीय कोचिंग शिविर का हिस्सा है।

राष्ट्रीय शिविर में 33 कोर संभावित भाग लेंगे। यहां जारी विज्ञप्ति में भारतीय टीम के कोच ग्राहम रीड ने कहा, '' हम विश्व कप से पहले विशेष तौर पर ड्रैगफ्लिक और गोलकीपिंग शिविर के आयोजन के लिए हॉकी इंडिया और साइ के आभारी हैं। यह विश्व स्तरीय कोचिंग प्राप्त करने का एक शानदार अवसर है और यह निश्चित रूप से हमारे ड्रैगफ्लिकर और गोलकीपर के लिए सही तरीके को अपनाने और रणनीति बनाने में मदद करेगा।''

कोच ने कहा, '' यह हमारे लिए काफी अहम शिविर होगा। ऑस्ट्रेलिया दौरे के आकलन के आधार पर हमें खेल के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं में सुधार की जरूरत है।'' भारतीय टीम विश्व कप में अपने अभियान का आगाज 13 जनवरी को करेगी। टीम 27 दिसंबर को राउरकेला रवाना होगा।

विश्व कप के लिए संभावित खिलाड़ियों की सूची: कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा, जरमनप्रीत सिंह, सुरेंद्र कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीप जेस, संजय, यशदीप सिवाच, दिप्सन टिर्की, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलाकांता शर्मा, राजकुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील, मनिंदर सिंह, एस कार्थी, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह।

## भारत ने जीत के साथ शुरू किया नेशन्स कप अभियान

वैलेंसिया, 12 दिसंबर। भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच महिला नेशन्स कप 2022 में चिली को 3-1 से हराकर अपने अभियान की ज़ोरदार शुरुआत की है। भारत के लिये संगीता कुमारी (तीसरा मिनट), सोनिका (11वां मिनट) और नवनीत कौर (32वां मिनट) ने गोल किये। चिली का एकमात्र गोल फर्नांडा विलाग्रन (44वां मिनट) की हॉकी से निकला।

सविता पूनिया की टीम ने रविवार को खेले गये मुकाबले में पहले क्वार्टर में ही 2-0 की बढ़त बना ली। मैच के तीसरे मिनट में अनुभवी फॉरवर्ड वंदना कटारिया ने दाईं ओर से गेंद को संगीता को पास किया, जिन्होंने गेंद को नेट में पहुंचाकर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई।

भारत ने इस बढ़त की मदद से चिली के रक्षण पर दबाव बनाया। सोनिका ने सात मिनट बाद ही संगीता के असिस्ट को दिशा दिखाकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। दूसरे क्वार्टर में कोई गोल न होने के बाद भारत की फॉरवर्ड पंक्ति ने तीसरे क्वार्टर की आक्रामक शुरुआत की। नेहा गोयल ने 32वें मिनट में नवनीत को असिस्ट किया, जबकि नवनीत ने सफलतापूर्वक गोल करते हुए भारत की बढ़त को मजबूत कर दिया।

भारतीय रक्षण ने 3-0 से आगे निकलने के बाद भी चिली को दबाव में रखा। विलाग्रन ने 44वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया, हालांकि यह चिली की एकमात्र सफलता थी। आखिरी क्वार्टर में वंदना, संगीता और नवनीत ने भारत के लिये कई अवसर बनाये लेकिन चिली की गोलकीपर नैटली सैल्वाडोर ने उन्हें गोल करने की अनुमति नहीं दी और मैच 3-1 पर ही समाप्त हुआ।

## मौके नहीं भुना पाने के लिए टीम पर बरसे बाबर

मुल्तान, 12 दिसंबर। इंग्लैंड के हाथों दूसरा टेस्ट और तीन मैचों की श्रृंखला गंवाने के बाद पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने स्वीकार किया कि उनके खिलाड़ी एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके । बाबर ने दूसरे टेस्ट में 26 रन से मिली हार के बाद कहा ,'' हमें जीतने के कई मौके मिले लेकिन हम एक टीम के रूप में उन्हें भुना नहीं सके । हमें आज भी मौका मिला था लेकिन हम फिनिशिंग तक नहीं ले जा पाये ।'' उन्होंने कहा ,'' हमारे मुख्य गेंदबाज फिट नहीं थे जिसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ा लेकिन यह कोई बहाना नहीं है । मुझे लगता है कि एक टीम के रूप में हम अच्छा नहीं खेल पाये ।'' पाकिस्तान के शीर्ष तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी चोट के कारण श्रृंखला से बाहर हैं जबकि तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पहले टेस्ट के दौरान जांघ की मांसपेशी में खिंचाव के कारण बाहर हो गए । नसीम शाह भी कंधे में चोट के कारण बाहर हैं।

## पेले की हालत में सुधार, अस्पताल में रहेंगे

रियो दि जिनेरियो, 12 दिसंबर। श्वसन संबंधी संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले की हालत में सुधार आया है। पेले को 29 नवंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था । कोरोना संक्रमण के कारण उनकी हालत और खराब हो गई थी । अलबर्ट आइंस्टीन अस्पताल के डॉक्टरों ने हालांकि कहा है कि अभी कहा नहीं जा सकता कि उन्हें अस्पताल से छुट्टी कब मिलेगी । अस्पताल द्वारा जारी बयान में कहा गया कि उनकी हालत स्थिर है और वह होश में हैं । तीन बार के विश्व कप विजेता पेले कैंसर के इलाज के लिये कीमोथेरेपी भी करा रहे हैं ।

## इंग्लैंड ने रोमांचक टेस्ट में पाक को 26 रन से हराया

मुल्तान, 12 दिसंबर। इंग्लैंड ने सऊद शकील (94) के जुझारू अर्द्धशतक के बावजूद पाकिस्तान को दूसरे टेस्ट में सोमवार को 26 रन से हराकर तीन मैचों की शृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 355 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में पाकिस्तान टेस्ट के चौथे दिन 328 रन पर ऑलआउट हो गयी। इंग्लैंड ने 22 साल बाद पाकिस्तान में टेस्ट शृंखला जीती है। इससे पहले उन्होंने 2000 में नासिर हुसैन की कप्तानी में मेजबान टीम को 1-0 से हराया था।

शकील ने चौथे दिन की शुरुआत 54 रन के स्कोर से की, जबकि पाकिस्तान जीत से 157 रन पीछे था। फहीम अशरफ (10) के आउट होने के बाद शकील ने मोहम्मद नवाज़ के साथ 80 रन की साझेदारी की। शकील ने 213 गेंदें खेलकर आठ चौकों के साथ 94 रन बनाये, जबकि नवाज़ ने 62 गेंदों पर सात चौके लगाकर 45 रन की पारी खेली। शकील-नवाज़ की यह साझेदारी पाकिस्तान को जीत की ओर ले जा रही थी, लेकिन मार्क वुड लंच से पहले दोनों बल्लेबाजों को आउट करके इंग्लैंड को मैच में वापस ले आये। अबरार अहमद (17) ने चार चौके लगाकर पाकिस्तान की कुछ उम्मीदें जगाईं, हालांकि वह बड़ा योगदान दिये बिना जेम्स एंडरसन का शिकार हो गये।

अबरार के आउट होने के बाद पाकिस्तान को जीत के लिये 45 रन चाहिये थे, जबकि इंग्लैंड जीत से सिर्फ दो विकेट दूर था। आग़ा सलमान (20 नाबाद) ने कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन आखिरी दो बल्लेबाजों के शून्य पर आउट होने के कारण पाकिस्तान 26 रन से हार गयी। इंग्लैंड के लिये मार्क वुड ने दूसरी पारी में सर्वाधिक चार विकेट लिये। ओली रॉबिनसन और एंडरसन ने दो-दो विकेट लिये जबकि जैक लीच और जो रूट को एक-एक विकेट हासिल हुआ। इससे पूर्व, इंग्लैंड ने पहली पारी में 79 रन की बढ़त लेने के बाद दूसरी पारी में 275 रन बनाये। हैरी ब्रूक ने सीरीज में अपना दूसरा शतक जड़ते हुए 149 गेंदों पर 14 चौकों और एक छक्के के साथ 108 रन बनाये।

## दिव्या महिला राष्ट्रीय एयर पिस्टल चैम्पियन बनी

भोपाल, 12 दिसंबर। कर्नाटक की दिव्या टीएस ने सोमवार को यहां संपन्न हुई 65 वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की संस्कृति बाना को हराकर अपना पहला महिला 10 मीटर एयर पिस्टल राष्ट्रीय खिताब हासिल किया। दिव्या ने स्वर्ण पदक के मैच में संस्कृति को 16-14 से हराया। इस स्पर्धा में हरियाणा की रिदम सांगवान ने कांस्य पदक जीता। ओलंपियन मनु भाकर ने जूनियर महिला एयर पिस्टल का खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में तेलंगाना की ईशा सिंह को 17-13 से शिकस्त दी। रिदम ने इस स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता। उन्होंने हालांकि युवा वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। युवा वर्ग के फाइनल में रिदम ने संस्कृति को 16-12 से हराया। महिलाओं के क्वालीफिकेशन दौर में मनु 583 अंक के साथ शीर्ष पर थी जबकि दिव्या (578) तीसरे, संस्कृति (577) चौथे, ईशा (576) पांचवें और रिदम (575) छठे स्थान पर थी। दिव्या ने इसके बाद रैंकिंग दौर में 254.2 अंक के साथ शीर्ष जबकि संस्कृति (251.6) ने दूसरा स्थान हासिल किया।

## आक्रामक क्रिकेट खेलकर ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह बना सकेंगे : एल. राहुल

चटगांव, 12 दिसंबर। भारत के कार्यवाहक कप्तान के एल राहुल ने सोमवार को कहा कि सितारों के बिना खेल रही भारतीय टीम को अगर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह बनानी है तो उसे बांग्लादेश के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में आक्रामक क्रिकेट खेलनी होगी। भारतीय टीम अपने तीन प्रमुख खिलाड़ियों नियमित कप्तान रोहित शर्मा, रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह के बिना खेल रही है । ये सभी चोटों के कारण बाहर हैं । वनडे श्रृंखला पहले ही गंवा चुकी भारतीय टीम को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंकतालिका में शीर्ष दो में रहने के लिये अगले छह टेस्ट (दो बांग्लादेश के खिलाफ और चार आस्ट्रेलिया के खिलाफ) जीतने होंगे ।

भारतीय टीम इस समय 52 . 08 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे स्थान पर है जबकि आस्ट्रेलिया 75 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष पर है और दक्षिण अफ्रीका 60 प्रतिशत अंक लेकर दूसरे स्थान पर है ।श्रीलंका 64 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है ।

राहुल ने ट्रॉफी के अनावरण के दौरान प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' टेस्ट चैम्पियनशिप क्वालीफिकेशन के लिये हमें आक्रामक खेलना होगा । हमें पता है कि हम कहां है और फाइनल के लिये क्वालीफाई करने के लिये क्या करना है ।'' उन्होंने कहा हर दिन और हर सत्र में हम आकलन करेंगे कि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये क्या करना है ।''

सत्र की आखिरी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप जून 2023 में लंदन में होगी। राहुल ने कहा, ''हम पूर्वाग्रह के साथ नहीं उतरेंगे । हम आक्रामक और बेखौफ खेल दिखाकर नतीजा निकालने की कोशिश करेंगे । यह पांच दिन का मैच है और छोटे लक्ष्य लेकर उतरना जरूरी है । हर सत्र में अलग मांग होगी लेकिन यह तय है कि हमें आक्रामक खेल दिखाना होगा ।''

इंग्लैंड के बल्लेबाजों के आक्रामक तेवरों की दुनिया भर में चर्चा हो रही है लेकिन राहुल इसे लापरवाही के साथ बल्लेबाजी नहीं मानते । उन्होंने कहा ,'' मुझे नहीं लगता कि यह लापरवाह क्रिकेट है । वे सोच समझकर ऐसा खेल रहे हैं । उन्होंने अपने खिलाड़ियों का साथ दिया और खिलाड़ी टीम के लिये अच्छा काम कर रहे हैं । इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपने इसे कैसे किया ।

## कोहली ने रोनाल्डो को बताया 'सर्वकालिक महान'

चटगांव, 12 दिसंबर। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने कतर में चल रहे फीफा विश्व कप 2022 से पुर्तगाल के बाहर होने के बाद पुर्तगाली फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को 'सर्वकालिक महान' की उपाधि दी है। कोहली ने सोमवार को ट्वीट किया, इस खेल और दुनिया भर के खेल प्रशंसकों के लिये तुमने जो कुछ भी किया है, उससे कोई ट्रॉफी या कोई खिताब कुछ भी कम नहीं कर सकता है। कोई भी खिताब लोगों पर तुम्हारे प्रभाव की या इस बात की गवाही नहीं दे सकता कि जब हम तुम्हें खेलते हुए देखते हैं तो मैं और दुनिया भर के बहुत से लोग क्या महसूस करते हैं। यह परमेश्वर का उपहार है।

पुर्तगाल शनिवार को क्वार्टरफाइनल में मोरक्को से 0-1 से हारकर विश्व कप से बाहर हो गया। अनुभवी स्ट्राइकर रोनाल्डो दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी बनकर पिच पर आये लेकिन कोई प्रभाव छोड़ने में असफल रहे। टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद उन्हें मैदान पर फूट-फूटकर रोते हुए देखा गया। कोहली ने कहा, एक ऐसे व्यक्ति के लिये शुभकामनाएं जो हर बार अपने दिल से खेलता है, और कड़ी मेहनत एवं समर्पण का प्रतीक है। तुम किसी भी खिलाड़ी के लिये एक सच्ची प्रेरणा हो। तुम मेरे लिये सर्वकालिक महान खिलाड़ी हो।

यह संभवत: 37 वर्षीय रोनाल्डो का आखिरी विश्व कप था। पुर्तगाल के कोच फर्नांडो सांतोस ने उन्हें आखिरी दो मैचों के लिये शुरुआती एकादश में शामिल नहीं किया, और वह स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरे थे।

## अभ्यास मैच ड्रॉ कराकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला की तैयारी की द. अफ्रीका ने

ब्रिसबेन, 12 दिसंबर। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया एकादश के खिलाफ सोमवार को यहां ड्रा रहे अभ्यास क्रिकेट मैच में शीर्ष क्रम के विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता अंजाम दिए। दक्षिण अफ्रीकी टीम में ब्रिसबेन के एलन बॉर्डर फील्ड में बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास किया। उसने पहली पारी में 347 रन बनाए और दूसरी पारी आठ विकेट पर 304 रन बनाकर समाप्त घोषित की। दक्षिण अफ्रीका ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया एकादश के सामने मैच के अंतिम दिन जीत के लिए 426 रन का लक्ष्य रखा। पहली पारी में 226 रन बनाने वाली क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया एकादश की टीम ने चौथे दिन जब छह विकेट गंवाकर 184 रन बनाए थे तब चाय के विश्राम से ठीक पहले मैच ड्रॉ समाप्त करने का फैसला किया गया। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट मैच शनिवार से गाबा में खेला जाएगा। मेलबर्न 26 दिसंबर से बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा जबकि तीसरा और आखिरी टेस्ट मैच चार जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। एनगिडी ने पहली पारी में शीर्ष क्रम के तीन विकेट लिए थे जबकि रबाडा ने दूसरी पारी में छह ओवर में 22 रन देकर दो विकेट हासिल किए। यह दोनों दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ हैं।

# केंद्रीय अनुबंध से बाहर हो सकते है रहाणे, इशांत

नयी दिल्ली, 12 दिसंबर। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की शीर्ष परिषद की 21 दिसंबर को होने वाली बैठक के दौरान 2022-23 सत्र के लिए सूची को अंतिम रूप दिए जाने के साथ अजिंक्य रहाणे और इशांत शर्मा को वार्षिक केंद्रीय अनुबंधों से हटाया जा सकता है, जबकि शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव को पदोन्नित मिल सकती है। भविष्य के टी20 कप्तान के रूप में पेश किये जा रहे हार्दिक पंड्या को ग्रुप सी से ग्रुप बी में पदोन्नित मिलने की संभावना है। इस बैठक के एजेंडे में 12 मुद्दे सूचीबद्ध है। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की जाएगी। भारतीय टीम का टी20 विश्व कप और बांग्लादेश वनडे में प्रदर्शन की समीक्षा एजेंडे का हिस्सा नहीं है, लेकिन अगर अध्यक्ष जरूरी समझे तो चर्चा के लिए गैर-सूचीबद्ध मुद्दों पर विचार किया जा सकता है। इस बैठक में शीर्ष परिषद वी जयदेवन के लिए एकमुश्त भुगतान की भी पुष्टि करेगी। जयदेवन की तैयार की गयी प्रणाली (वीजेडी) का इस्तेमाल बारिश से प्रभावित घरेलू सीमित ओवरों के मैचों में होता है। जिसका वर्षा-नियम सूत्र एक दशक से अधिक समय से घरेलू सफेद गेंद के खेल में उपयोग किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी डकवर्थ-लुईस-स्टर्न पद्धित का उपयोग करता है जबकि वीजेडी का उपयोग मुश्ताक अली टी-20, विजय हजारे ट्रॉफी और पूर्ववर्ती देवधर ट्रॉफी और चैलेंजर ट्रॉफी के लिए किया जाता है। इस बैठक का मुख्य मुद्दा सीनियर पुरुष और महिला टीमों के लिए 'रीटेनरशिप अनुबंध' पर चर्चा करना है। भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ से लगभग बाहर हो चुके पूर्व उपकप्तान रहाणे और तेज गेंदबाज इशांत का सूची से बाहर होना लगभग तय है। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा को भी सूची से बाहर कर दिया जाएगा क्योंकि उन्हें साल की शुरुआत में बता दिया गया था कि उन्हें फिर से भारत के लिए नहीं चुना जाएगा। बीसीसीआई चार वर्गों में खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध देता है जिसमें ए प्लस (सात करोड़ रुपये सालाना), ग्रुप ए (पांच करोड़ रुपये सालाना) ग्रुप बी (तीन करोड़ रुपये सालाना), और ग्रुप सी (एक करोड़ रुपये सालाना) शामिल है। बीसीसीआई खिलाड़ियों अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन के अलावा कई और मानकों को देखते हुए इस अनुबंध में खिलाड़ियों का वर्गीकरण को निर्धारित करता है। इसमें राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के परामर्श करना भी शामिल है। ए प्लस और ए ऐसी श्रेणियां हैं जहां खिलाड़ी या तो सभी प्रारूप में नियमित तौर पर खेलते है या टेस्ट और सीमित ओवर के किसी एक प्रारूप की टीम में उनकी जगह सुनिश्चित हो। ग्रुप बी में जगह पाने के लिए एक क्रिकेटर को कम से कम दो प्रारूप खेलने होते हैं, जबकि ग्रुप सी मुख्य रूप से एक प्रारूप में खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए होता है। इस सूची में जगह बनाने के लिए विशिष्ट संख्या में अंतरराष्ट्रीय मैचों (प्रति प्रारूप) में खेलने की जरूरत होती है। पदोन्नित हालांकि प्रदर्शन-आधारित होती है और इसमें आईसीसी रैंकिंग को भी ध्यान में रखा जाता है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, '' सूर्यकुमार ग्रुप सी में है लेकिन पिछले एक साल के प्रदर्शन के बूते ग्रुप ए नहीं तो कम से कम ग्रुप बी में पदोन्नित के हकदार है। वह आईसीसी की मौजूदा टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष बल्लेबाज हैं और ए टीम में जगह पाने के दावेदार भी है। गिल अब नियमित तौर पर दो प्रारूप में खेलते है और वह ग्रुप सी से ग्रुप बी में पदोन्नित की उम्मीद कर रहे होंगे। इशान किशन जैसे बल्लेबाज ने भी पिछले कुछ समय में सीमित ओवरों की दोनों अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में कई मैच खेल लिये है। उन्हें इस सूची में जगह मिलना लगभग पक्का है। पंडया को पिछली सूची में ग्रुप सी में डीमोट (पदावनत) कर दिया गया था क्योंकि चोट के कारण वह उस सत्र में ज्यादा क्रिकेट नहीं खेल पाये थे। उन्होंने दो टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं में टीम का नेतृत्व किया और टी20 टीम के नियमित कप्तानी करने के दावेदार है । आगामी सूची में वह ग्रुप बी में जगह बना सकते है। इस बैठक में बीसीसीआई अपने दो प्रमुख जर्सी प्रायोजकों एजु-टेक कंपनी बायजूस और किट प्रायोजकों एमपीएल की स्थिति पर भी चर्चा करेगा। इसमें आधारभूत ढांचा उपसमिति का भी गठन किया जाएगा और पांच स्थलों के उन्नयन पर भी चर्चा की जाएगी। कंसल्टेंसी फर्म (परामर्श कंपनी) ग्रांट थॉर्नटन की नियुक्ति भी एजेंडा की सूची में है।



भारत जोड़ो यात्रा में सोमवार का दिन पूर्णतः महिलाओं को समर्पित रहा। यात्रा के दौरान सवाईमाधोपुर के खिजूरी गाँव में राहुल गांधी स्थानीय महिलाओं एवं महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सहजता से बातचीत करते नज़र आये। इस बीच कुछ मौके ऐसे भी आये जब उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं के साथ हंसी-ठिठोली भी की।

# सवाई माधोपुर में ''महिला शक्ति'' के नाम रहा भारत जोड़ो यात्रा का पहला दिन

## सोमवार को यात्रा में सिर्फ़ महिलाएं राहुल गांधी के साथ चलीं

सवाई माधोपुर, 12 दिसम्बर (निस)। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का सवाई माधोपुर ज़िले में सोमवार सुबह भव्य स्वागत के साथ प्रवेश हुआ। इसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, मंत्री मण्डल के लोग, विधायकगण सहित कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। भारत जोड़ो यात्रा में सोमवार को महिला शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए सिर्फ़ महिलाएं राहुल गांधी के साथ चलीं।

सुबह के सत्र में तेजाजी महाराज मंदिर से पीपलवाड़ा तक पदयात्रा में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, उनकी पुत्री मिराया तथा महिला कांग्रेस अध्यक्ष नेटा डिसूज़ा सहित हजारों महिलाएं शामिल हुई। इनमें मंत्री ममता भूपेश, शकुंतला रावत, जाहिदा खान, क्रीडा परिषद की अध्यक्ष कृष्णा पूनिया, राजस्थान महिला कांग्रेस की अध्यक्ष और राज्य महिला आयोग अध्यक्ष रेहाना रियाज, बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष संगीता बेनीवाल, समाज कल्याण आयोग राजस्थान की अध्यक्ष

- **पदयात्रा में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष नेटा डिसूज़ा समेत हजारों महिलाएं शामिल हुई।**

अर्चना शर्मा, महिला विधायक दिव्या मदेरणा, महिला जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया, सरपंच रचना समलेटी, ज्योति खंडेलवाल, इंदिरा मीना समेत हजारों महिलाएं शामिल हुईं। भारत जोड़ो यात्रा में प्रसिद्ध कालबेलिया नृत्यांगना पद्मश्री गुलाबो सपेरा ने मनमोहक प्रस्तुति भी दी।

सुबह के सत्र में चलते हुए राहुल गांधी ने मुख्य रूप से दो समूहों के साथ बातचीत की। पहली बातचीत भारत ज्ञान विज्ञान समिति के प्रतिनिधियों के साथ हुई। इन लोगों ने राहुल गांधी को केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति की खामियां बताई। उनका कहना था कि केंद्र सरकार शिक्षा का केंद्रीयकरण कर रही है जबकि इसका और विकेंद्रीकरण होना चाहिए। दूसरी बातचीत कोटा के किन्नर समाज के लोगों के साथ थी। उन लोगों ने बताया कि राजस्थान सरकार ने किन्नर समाज के उत्थान के लिए 10 करोड़ का बजट जारी किया है। बजट का ये पैसा सही तरीके से समाज के लोगों तक पहुंचे इसकी व्यवस्था की जानी चाहिए। राज्य सरकार में महिला बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने बताया कि महंगाई की सबसे ज़्यादा मार महिलाओं पर पड़ती है। भारत जोड़ो यात्रा महंगाई के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाने के लिए है। उन्होंने आगे कहा कि राजस्थान की कांग्रेस की सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए कई काम कर रही है।

महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा ने बताया कि पंचायतों में 35 प्रतिशत आरक्षण देकर राजीव गांधी जी ने महिलाओं का राजनीतिक सशक्तिकरण किया।

विधायक दिव्या मदेरणा ने कहा कि महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के बाद अब राजस्थान में एक दिन सिर्फ़ महिलाओं को यात्रा में चलने का मौका देना दिखाता है कि राहुल गांधी उन्हें राजनीतिक रूप से सशक्त करना चाहते हैं। बारां ज़िला प्रमुख उर्मिला जैन भाया और दौसा ज़िले के समलेटी ग्राम पंचायत की सरपंच रचना समलेटी ने बताया कि यदि राजीव गांधी पंचायतों में आरक्षण का प्रावधान नहीं करते तो वह चुनावी राजनीति में नहीं आ पातीं। दोपहर में राहुल गांधी ने राजस्थान में महिलाओं के अधिकारों और कल्याण के लिए काम कर रहे 7 प्रमुख महिला संगठनों के साथ बातचीत की। महिलाओं ने अशोक गहलोत सरकार की पहल की सराहना की और इसे बेहतर करने के लिए कई सुझाव दिए। राहुल गांधी ने वहां मौजूद मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि बातचीत के दौरान जो मामले आए हैं उन पर शीघ्र कार्रवाई करें। शाम के सत्र में बड़ी संख्या में महिलाएं पदयात्रा में शामिल हुईं। इस दौरान अजमेर की फुटबॉलर किशोरियां भी राहुल गांधी के साथ चलीं।

# राजस्थान की जनता को सस्ती और पूरी बिजली कब देंगे?

जयपुर, 12 दिसम्बर (का.सं.)। राहुल गांधी से राजस्थान यात्रा के दौरान 18 सवालों की श्रृंखला के तहत भाजपा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने आज आठवां सवाल पूछा है।

गुजरात प्रवास पर डॉ. पूनिया ने बयान जारी कर कहा कि, हमेशा की तरह राहुल गांधी से आज मेरा आठवां सवाल है, और मैं याद दिलाना चाहूंगा कि कांग्रेस पार्टी ने 2018 में जनघोषणा पत्र में भी और अनेक भाषणों में इस बात का जिक्र किया था कि यदि कांग्रेस पार्टी की सरकार आती है तो सस्ती बिजली देंगे, बिजली की कीमतें नहीं बढ़ायेंगे, अच्छी बिजली देंगे, पूरी बिजली देंगे, आज लगभग ढाई लाख किसान इंतजार कर रहे हैं, बिजली कनेक्शनों का, एक लंबी फेहरिस्त है। दस हजार रुपये की सब्सिडी जो भाजपा के शासनकाल में किसानों को दी जाती थी, उसको ढाई साल तक कांग्रेस सरकार ने बंद रखा।

- **राजस्थान यात्रा के दौरान 18 सवालों की श्रृंखला के तहत आज आठवां सवाल पूछा पूनिया ने**

रात में बिजली मिलने के कारण कड़ाके की ठंड में किसान बेबस और लाचार हैं सिंचाई के लिए, उस ठंड के कारण मौतें भी हुई हैं, जो बिजली किसानों को मिल रही है वो भी सरकार के वादे के मुताबिक पूरे 8 घंटे नहीं मिल रही है।

कड़ाके की ठंड में रात को सिंचाई के लिये बिजली देने के बजाय सुबह, दोपहर और शाम की पारी में बिजली मिले तो किसानों के लिये सहूलियत रहेगी। जिस पर राज्य सरकार को गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही बिजली में फ्यूल सरचार्ज के नाम पर जो भार डाला गया, उसके लिए राजस्थान के उपभोक्ताओं को 350 करोड़ रु. से भी ज्यादा का भुगतान करना पड़ेगा।

कुल मिलाकर आज का सवाल है बिजली का, राजस्थान के उपभोक्ताओं को सस्ती और पूरी बिजली कब देंगे और किसानों के लंबित ढाई लाख कनेक्शन कब पूरा करेंगे।

# 'पार्टी स्तर पर महिलाओं को 20 फीसदी आरक्षण का निर्णय है'

## लेकिन हम उसे पूरा नहीं कर पा रहे, गलती सुधारेंगे : जयराम रमेश

जयपुर, 12 दिसम्बर (का.प्र.)। सोमवार को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा महिला शक्ति के नाम रही। इस दौरान कांग्रेस के संचार प्रकोष्ठ के प्रमुख और मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश भी मौजूद थे और उन्होंने पत्रकारो से वार्ता की तथा चुनावों में महिलाओं को टिकट दिए जाने में आरक्षण के प्रावधान पर खुलकर बातें की।

जयराम रमेश ने यह तो कहा कि कांग्रेस एक प्रस्ताव पास कर चुकी है, जिसमें पार्टी में हर स्तर पर महिलाओं को 20 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की बात है, लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकारा कि अभी तक हम उसे पूरी तरह से लागू नहीं कर पाए हैं। आने वाले दिनों में इस कमी को सुधारने का प्रयास करेंगे। जयराम रमेश ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी ही है जिसने उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव में पहली बार 40 फीसदी टिकट महिलाओं को दिए। हालांकि हमारा यह अनुभव अच्छा नहीं रहा और परिणाम अनुकूल नहीं रहे। फिर भी महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने को लेकर हम हमेशा इस तरह के प्रयास जारी रखेंगे। जयराम रमेश ने यह भी कहा कि सभी जगह इस प्रतिशत में महिलाओं को टिकट मिले यह जरूरी नहीं है।

उन्होंने वहां मौजूद मंत्री ममता भूपेश, विधायक दिव्या मदेरणा और बारां जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया का उदाहरण देते हुए कहा कि यह भी राजीव गांधी की देन है कि उन्होंने संविधान संशोधन करते हुए पंचायत और निकाय स्तर पर महिलाओं को आरक्षण दिया। इसी का नतीजा है कि आज तीन महिला जनप्रतिनिधि आपके सामने मौजूद हैं। राजीव गांधी नहीं होते तो ऐसा आरक्षण महिलाओं को कभी नहीं मिल पाता।

उन्होंने कहा कि हमारे देश में और हमारी राजनीतिक प्रणाली में चुनाव व्यक्तियों के बीच ब्यूटी कॉन्टेस्ट नहीं होता है, बल्कि पार्टियों की विचारधारा के आधार पर होते हैं। रमेश ने कहा कि चुनाव पार्टियों के सिंबल और पार्टी के मेनिफेस्टो के आधार पर लड़े जाते हैं। कौन मुख्यमंत्री होगा यह चुनाव के बाद ही तय होता है। उन्होंने कहा कि यूपी चुनाव में प्रियंका गांधी इस बात पर अडिग थी कि महिलाओं को 40 फीसदी टिकट दिए जाए और आखिरकार पार्टी ने उसे माना भी, लेकिन नतीजे सकारात्मक नहीं आए। बावजूद इसके हम आगे भी अधिक से अधिक महिलाओं को टिकट देने की

भारत जोड़ो यात्रा

कोशिश करेंगे, लेकिन चुनाव के समय दौरान इस पर फैसला स्क्रीनिंग और इलेक्शन कमेटी में बहस के बाद ही होता है।

उन्होंने उत्तर प्रदेश के मसले पर ही कहा कि, अलग-अलग लोगों की पृथक विचार हो सकते हैं, लेकिन 40 प्रतिशत टिकट महिलाओं को देना कोई कानून नहीं है और देश के संविधान में भी ऐसा नहीं है। उत्तर प्रदेश में 40 फीसदी टिकट महिलाओं को दिया जाना एक एक्सपेरिमेंट था, जो सफल नहीं था।

रमेश ने इस दौरान केंद्र की मोदी सरकार से महिलाओं के लिए लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा चुनाव में 33 फीसद आरक्षण के लिए कानून लाने की भी मांग की। लेकिन जब उनसे पूछा गया कि कांग्रेस पार्टी के संविधान में 20 फीसद ही महिलाओं के

- **''यूपी में कांग्रेस ने 40 फीसदी टिकट महिलाओं को दिए, लेकिन नतीजे सकारात्मक नहीं रहे''।**

लिए आरक्षण होने के बावजूद उन्हें तय संख्या में पदों पर आसीन नहीं किया जाता है तो वे जवाब नहीं दे पाए।

उन्होंने कहा कि 11 साल पहले मनमोहन सिंह की सरकार में महिला आरक्षण बिल राज्यसभा में पास हुआ था,जिससे विधानसभा, लोकसभा और राज्यसभा में 33 फीसद आरक्षण महिलाओं को मिलना था, लेकिन वह बिल लोकसभा में पारित नहीं हो पाया।

रमेश ने कहा कि अभी भी वह बिल जिंदा है, क्योंकि लोकसभा तो चुनाव के बाद भंग हो जाती है, लेकिन राज्यसभा बरकरार रहती है। ऐसे में कांग्रेस की यह हमेशा से ही मांग रही है। कि यह बिल पारित किया जाए। वहीं, पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इसको लेकर प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा था। जिसमें उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया था कि इस बिल को अविलंब लोकसभा में लाकर पास कराया जाए। कांग्रेस इसका समर्थन करेगी, लेकिन 8 साल से सत्तारुढ़ मोदी की सरकार इस बिल का जिक्र तक नहीं कर रही है।

### लालू यादव...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दुआओं की शक्ति चाहिए कि पापा भी जल्द से जल्द ठीक होकर आपके बीच, आपके अधिकार की खातिर आवाज बुलंद कर सकें।

इससे पहले रविवार को तेजस्वी यादव ने पटना एयरपोर्ट पर कहा था कि लालू प्रसाद की तबीयत में अब सुधार है। किडनी ने भी काम करना शुरू कर दिया है। साथ ही लालू प्रसाद को किडनी डोनेट करने वाली रोहिणी आचार्य को लेकर उन्होंने कहा कि वो भी तेजी से रिकवरी कर रही है। तेजस्वी के दिये इस बयान के चंद घंटे बाद ही रोहिणी ने लालू प्रसाद के लिए अपनी भावनाएं व्यक्त की। लालू की दूसरे नंबर की बेटी रोहिणी ने लिखा था कि ईश्वर को उन्होंने नहीं देखा है, लेकिन ईश्वर के रूप में पापा को देखा है।

### क्या भारत जोड़ो ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

से जयपुर आये तथा दोनों ही एक चार्टर्ड विमान से हिमाचल के नये मुख्यमंत्री सुक्खू के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिये पहुँचे।

जब सुखविन्दर सिंह सुक्खू की माँ तथा दो बेटियाँ राहुल गांधी से मिलने आईं, तो उन तीनों को मंच पर प्रतिभा सिंह के बगल में बिठाया। ऐसा करने के पीछे राहुल का मन्तव्य किसी प्रकार का श्रेय लेना नहीं था। उनके इस कदम ने वहाँ मौजूद सभी लोगों के हृदयों की बहुत गहरी एवं नाजुक रगों को छुआ और झंकृत कर दिया।

नफरत को खदेड़कर तथा बेरोजगारी, महंगाई तथा समाज में तेजी से बढ़ रहीं फूट तथा संबंध-विच्छेद की स्थिति पर फोकस करके, देश को एकजुट करने का उनका मिशन जन सम्पर्क अभियान को सुगम बना रहा है। इस जनमानस में बनी उनकी ''पप्पू'' की छवि भी समाप्त हो रही है, जिसे गढ़ने के लिये दक्षिणपंथी राजनैतिक तंत्र ने अपने गहरे एवं विस्तृत हितों की खातिर, करोड़ों रूपये खर्च किये थे।

कांग्रेस पार्टी को सुधारने पर उनके जोर तथा सत्ता एवं पद से दूरी रखते हुये, राहुल गांधी 3500 किमी से भी ज्यादा दूरी की अपनी इस यात्रा के दौरान आम जनता के साथ सम्पर्क एवं आत्मीयता बढ़ा रहे हैं, के अनुसार, यह यात्रा एक ऐसा नैतिक आव्हान है, जो लघु, मध्यम तथा दीर्घकालीन अर्थों में पार्टी की नींव को मजबूत कर सकती है तथा पार्टी में जो प्राण फूँक सकती है। उनके एक नैतिकतापूर्ण मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे पार्टी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एक ऐसा तंत्र स्थापित करने में लगे हैं, जो पार्टी कार्यकर्ताओं को तवज्जोह देने वाला होगा। एक भावभूमि में, कांग्रेस एक ऐसे नये रास्ते पर चलती प्रतीत हो रही है, जो उस ''भारत के विचार'' (आइडिया ऑफ इंडिया) को बचायेगा, जो स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अस्तित्व में आया था। राजनैतिक दल नैतिक सत्ता की गैर मौजूदगी में निश्चित रूप से असफल हो जाते हैं तथा वे सफल तभी होते हैं, जब एक ऐसा तंत्र सक्रिय होता है, जो कड़ी मेहनत एवं निष्ठा को पुरस्कृत तथा मेहनत से जी चुराने वालों तथा चाटुकारों को दण्डित करता है।



बूंदी में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में सोमवार को चौमूं की नेता एवं ऑल इण्डिया प्रोफेश्नल कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रुक्क्षमणी कुमारी भी सम्मिलित हुईं। उन्होंने राहुल गांधी के साथ-साथ चलते हुये चौमूं के क्षेत्रीय मुद्दों एवं कांग्रेस में महिला प्रतिनिधित्व के मुद्दों पर राहुल गांधी से चर्चा की।

### चक्रवात के बाद आंध्रप्रदेश...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तलाशी अभियान पर बारीकी से नज़र रखता है और तट पर मिलने वाली किसी भी चीज को सरकार के पास जमा कराना होता है।

उप्पडा मण्डल के राजस्व अधिकारी जी.वी.एन. प्रसाद ने सोने के लिए मची आपाधापी की पुष्टि की, लेकिन यह भी बताया कि कई लोगों ने लालच और सोना पाने की उम्मीद में पुलिस और सरकार के आपदा प्रबंधन की अनदेखी की।

प्रसाद ने बताया कि हो सकता है पिछले कई वर्षों में एक या दो बार किसी को समुद्र तट की मिट्टी में गढ़ा हुआ सोने का कोई छोटा पीस मिला होगा, जो चक्रवात के कारण बीच पर आ गया होगा, लेकिन कुल मिलाकर ये अफवाहें हैं और शायद ही किसी को सोना मिलता होगा, लेकिन ''हां'' कई लोग अपना भाग्य आजमाने जरुर आते हैं।''

शनिवार को एक महिला भाग्यशाली रही, उसे सोने की ईयररिंग्स का एक पीस मिला, किन्तु इसके लिए उसे अपना समय, ऊर्जा और धन खर्च करने पड़े।

एक अन्य स्थानीय व्यक्ति ने अपना नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि ''तो फिर ऐसे मछुआरे क्यों हैं जो सी-बीच पर सोने की तलाश में 12 घंटे की एक शिफ्ट के हिसाब से लोगों को सौ या दो सौ रूपए देकर काम पर रखते हैं।

एक स्थल जो कई ''गोल्ड हन्टर्स'' को अपनी ओर आकर्षित करता है, वह हे पड़ोस का उप्पडा, यानि कि कोथापल्ली मण्डल के कोथापटनम गांव स्थित एक किलोमीटर लम्बा सी-बीच।

लेकिन, सोना आता कहां से है? इसे लेकर कुछ मत हैं जिनमें मंदिर के डूबने का मत सर्वाधिक प्रचलित है, लेकिन प्रसाद ने बताया कि ''पिछले चक्रवातों के दौरान, कुछ मकान और उनमें रखा सामान डूब गया। चक्रवातों के दौरान समुद्र तल में जमा वस्तुएं प्रायः उत्तेजित होती होंगी और आस पास उछलती होंगी। लोग मानते हैं कि इसमें स्वर्णाभूषण तक समुद्र तट पर आ सकते हैं।''

समुद्र के भीतर सोना होने को लेकर अन्य मत यह है कि महिलाएं अक्सर सोने के आभूषण पहनकर स्नान करती थीं और कभी-कभी ये पानी में गुम हो जाते हैं।

सोने का उद्गम, जिसे लेकर चक्रवातों के दौरान ''गोल्ड रश'' देखा जाता है, को स्पष्ट करते हुए एक अन्य स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि यही वह सोना है जो चक्रवातों के दौरान बहकर शायद समुद्र तट पर आ जाता है।

और यह अद्भूत घटना सिर्फ आंध्र प्रदेश के उप्पडा तक ही सीमित नहीं है। पता चला है कि समुद्र तट से लगत कई स्थलों पर और मंदिरों के पास स्थित नदियों पर भी यह काम हो रहा है।




बामनवास विधायक इंदिरा मीणा की कार्यशैली से नाराज चल रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने भारत जोड़ो यात्रा के पोस्टरों के जरिये विरोध जताने का तरीका चुना है। कार्यकर्ताओं ने पोस्टर्स व बैनर्स में क्षेत्रीय विधायक इंदिरा मीणा को जगह नहीं दी है। कार्यकर्ताओं की योजना है कि, वे मौका मिलते ही इंदिरा मीणा की कार्यशैली की शिकायत राहुल गांधी तक पहुँचायेंगे।

### बेनीवाल ने लोकसभा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विरोध में राजस्थान में चल रहे विरोध प्रदर्शनों पर ध्यान देना चाहिए। बेनीवाल ने कहा कि अग्निपथ स्कीम में चार वर्ष का रोजगार पाने के बाद युवाओं के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लग जाएगा क्योंकि उन्हें ना तो कोई रैंक मिलेगी, ना प्रमोशन और ना ही पेंशन और जो लोग अग्निपथ स्कीम में शामिल हो रहे हैं, उनका भविष्य अंधिकारमय होगा। उन्होंने राजस्थान व अन्य राज्यों में हुए कई विरोध प्रदर्शनों का हवाला दिया। बेनीवाल ने कहा कि इस स्कीम के विरोध में जोधपुर में गत 27 जून को 2 लाख युवाओं की एक महारैली हुई थी। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि कोविड-19 की दो वर्ष की अवधि में नौकरियों की भर्ती नहीं होने की क्षतिपूर्ति के रुप में युवाओं को 2 वर्ष की राहत दी जाए। उन्होंने आर्मी, नेवी और एयरफोर्स में सभी बकाया भर्तियों को पूर्ण करने और अग्निपथ स्कीम को वापस लेने की मांग की।

### एक और ''सन राइज''...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तथा ऐसी चर्चा है कि उन्हें युवा-कल्याण एवं खेल संवर्द्धन विभाग दिये जायेंगे। इसके अतिरिक्त उन्हें राज्य सरकार की विशेष पहलों (स्पेशल इनिशिएटिव्स) के क्रियान्वयन का प्रभार भी दिया जायेगा।

राजनैतिक विश्लेषक इस कदम को इस रूप मे देख रहे हैं कि एम.के. स्टालिन का विचार उदयनिधि को भाजपा राज्य इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई के मुकाबले खड़ा करने का है, जो जोशीले युवा नेता है तथा सत्तारूढ़ दल एवं सरकार के खिलाफ आक्रामकतापूर्ण अभियान चला रहे हैं। सच तो यह है कि इस समय भाजपा के प्रांतीय अध्यक्ष अन्नामलाई ही राज्य में विपक्ष का चेहरा बने हुये अन्नाद्रमुक (ए.आई.ए.डी.एम. के.) के नेता तो पृष्ठभूमि में आ चुके हैं।

उदयनिधि को मंत्री बनाने के लिए मंत्रिमण्डल युवा-कल्याण एवं खेल विकास विभाग दिए जाने की संभावना है, जो इस समय शिवा मेथ्यावाधम के पास है।

यहां यह स्मरण दिलाना प्रासंगिक होगा कि स्वयं एम.के. स्टालिन भी लम्बे समय तक अपने पिता एम. करूणानिधि की देख-रेख में राजनैतिक प्रशिक्षु के रूप में सक्रिय रहे थे तथा पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष के पद तक पहुँचने से पहले, वे पार्टी की युवा शाखा के अध्यक्ष रहे थे। करूणानिधि के निधन के बाद, वे पार्टी के विधिवत अध्यक्ष बन गये थे।

उदयनिधि 2019 से द्रमुक की युवा शाखा के सचिव पद पर कार्यरत है, ठीक उसी तरह से, जैसे उनके पिता लम्बे समय तक, 1982 से 2017 तक पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बने रहे थे। उदयनिधि ने 2021 विधानसभा चुनाव लड़ा था तथा विजयी रहे थे तथा इससे पूर्व वे चुनावों में वे पार्टी के स्टार-प्रचारकों में से एक रहे थे। उदयनिधि एक फिल्म स्टार भी है तथा उन्होंने कई फिल्मों में मुख्य भूमिकाएं अदा की हैं। उनकी पहली फिल्म ''ओरुकाल, ओरु कन्नड़ी'' (ओ.के.ओ.के.) थी, जो 2012 में बनी थी। वे फिल्म निर्माता भी है तथा उन्होंने कुरुवी (2008), आधावन (2009) तथा वणक्कम चेन्नई (2013) तथा कुछ फिल्में बनाई हैं इस समय वे फिल्म-वितरण के व्यवसाय में हैं।

# भारत जोड़ो यात्रा में पायलट के नारे लगे

टोंक, 12 दिसम्बर (निसं)। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने सोमवार को सुबह करीब पौने सात बजे टोंक जिले में प्रवेश किया।

यात्रा टोंक जिले की सेदरी गुजरान से होकर कोटडी चौराहे तक गई और सवाईमाधोपुर जिले में प्रवेश कर गई। यात्रा के दौरान मौजूद ग्रामीणों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी जिंदाबाद के नारे लगाए। ग्रामीणों ने इच्छा जताई कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बने।

यात्रा के दौरान युवाओं ने सचिन पायलट जिंदाबाद के नारे भी लगे और पायलट को मुख्यमंत्री बनाने की मांग की गई। महिला शक्ति पदयात्रा के नाम से टोंक की सरजमीं पर आई यात्रा में प्रियंका गांधी और प्रियंका की बेटी आकर्षण का केंद्र रही।

यात्रा का टोंक में कहीं भी पड़ाव नहीं था और पौने तीन किलोमीटर की दूरी 45 मिनट में तय कर सवाई माधोपुर में प्रवेश कर गई।

टोंक जिले की सीमा में अपने पौने तीन किमी के सफर में राहुल गांधी ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। यात्रा में आगे वरिष्ठ नेता और कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश चल रहे थे। इनका पूर्व मंत्री नमोनारायण मीना समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

- **आम लोगों ने पायलट को मुख्यमंत्री बनाने की मांग की**
- **भारत जोड़ो यात्रा 45 मिनट टोंक में रही और सेहर गुजरान कोटड़ी होकर सवाई माधोपुर में प्रवेश कर गई।**

प्रवेश द्वार के पास उनियारा विधायक हरिश्चंद्र मीना राहुल से मिलने सुरक्षा घेरे में घुस गये तो न्हें रोक लिया गया। इसका पता राहुल को लगा तो उन्हें बुलाया और एक डेढ़ मिनट बातचीत की।

इस मौके पर महिलाओं और पुरुषों ने राहुल गांधी के स्वागत में राजस्थानी गीत गाए। राहुल गांधी भी भीड़ को देखकर बेहद खुश नजर दिखाई दिए। यात्रा में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, राजस्व मंत्री रामलाल जाट, विधायक दिव्या मदेरणा समेत टोंक जिले से पूर्व मंत्री नमोनारायण मीणा, पूर्व जिला प्रमुख रामबिलास चौधरी, निवर्तमान कांग्रेस जिलाध्यक्ष लक्ष्मण गाता, पूर्व विधायक कमल बैरवा, रेल लाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अकबर खान, दिनेश चौरासिया, रामस्वरुप मुकूल, सुनिल बंसल, महावीर तोगडा, हंसराज गाता, नईमुद्दीन अपोलो, कैलाशी मीणा, मणिन्द्र लोदी सहित सैकड़ों कांग्रेसजनों ने भाग लिया।

### एल.ए.सी पर भारत और ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की मीटिंग हुई। ऐसी खबर सामने आ रही है कि चीन के करीब 300 सैनिक आए थे, जिसमें से चीन के 20 से ज्यादा सैनिक जख्मी हुए हैं, जबकि पी.एल.ए. को खदेड़ने में भारतीय सेना के 8 सैनिक घायल हुए हैं। इनमें से 3 घायल सैनिक गुवाहाटी अस्पताल में भर्ती हैं।

सूत्रों के मुताबिक, 9 दिसंबर 2022 को पी.एल.ए. (पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी) अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में एल.ए.सी. तक पहुंचना चाह रही थी, जिसका भारतीय सैनिकों ने दृढ़ता से मुकाबला किया। इस आमने-सामने की झड़प में दोनों तरफ के कुछ जवानों को मामूली चोटें आईं हैं। सूत्रों की मानें तो दोनों देशों के सैनिक तुरंत इलाके से हट गए।

इस झड़प के बाद भारत और चीन के बीच कमांडर लेवल की मीटिंग हुई। आपको बता दें कि झड़प में चीन के ज्यादा सैनिक जख्मी हुए हैं।

ऐसी खबर सामने आ रही है कि भारत और चीन की सेना के बीच पहली झड़प 9 दिसंबर की सुबह हुई है। 10 दिसंबर को फिर कुछ नहीं हुआ, शांति रही। लेकिन 11 दिसंबर को फिर झड़प हुई। आज 12 दिसंबर को दोनों देशों के बीच कमांडर लेवल की मीटिंग भी हुई है। अब से कुछ घंटे पहले ही ये मीटिंग हुई।

जानकारी मिली है कि 9 दिसंबर को चीनी सेना ने पत्थरबाजी की थी। तवांग सेक्टर में चीन के सैनिकों की गुस्ताखी का भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया और उन्हें वापस खदेड़ दिया। इस में दोनों देशों के कुछ सैनिक जख्मी हुए हैं।

10 दिसंबर को शांति रही लेकिन 11 दिसंबर को चीन के सैनिकों ने फिर कोशिश की थी, लेकिन इस बार भारतीय जवान पहले से ज्यादा तैयार थे और 11 दिसंबर की झड़प में चीन के सैनिक ज्यादा घायल हुए। अरुणाचल प्रदेश में तवांग सेक्टर में एल.ए.सी. के साथ कुछ क्षेत्रों में दोनों देश अपने दावे की सीमा तक क्षेत्र में गश्त करते हैं। यह चलन एक अरसे से जारी है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908